RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 142
फरीदाबाद, बुधवार, 29 जून, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



...तो आने वाला है हार्ट अटैक
पेज - 11

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,177 | 16.17 |
| निफ्टी | 15,850 | 18.15 |
| सोना | 50,770 | 52 /10 gm |
| चांदी | 60,128 | 60 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 42.00°C
न्यूनतम 29.00°C

## क्विक न्यूज

### ओएनजीसी का हेलिकॉप्टर समुद्र में गिरा, चार की मौत



**मुंबई।** मुंबई में तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के हेलिकॉप्टर की मंगलवार को तकनीकी खराबी के चलते अरब सागर में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। पवन हंस कंपनी के इस हेलिकॉप्टर में दो पायलट समेत नौ लोग सवार थे। हादसे में पांच लोगों को रेस्क्यू कर लिया, जबकि चार लोगों की मौत हो गई। हादसा मुंबई के तट से 50 समुद्री मील दूर अरब सागर में हुआ। समुद्र में इमरजेंसी लैंडिंग के बाद हेलिकॉप्टर उसमें लगे फ्लोटर्स की मदद से कुछ समय तक डूबने से बचा रहा। हेलिकॉप्टर के डूबने से पहले ही नेवी के हेलिकॉप्टर ने सभी नौ लोगों को बाहर निकाल लिया। रेस्क्यू किए गए नौ लोगों में से चार बेहोश थे। उन्हें इलाज के लिए मुंबई के एक अस्पताल में भेजा गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### सोनिया ने सिन्हा को राष्ट्रपति चुनाव के लिए शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति पद के लिए 18 जुलाई को होने वाले चुनाव में विपक्ष के साझा उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को शुभकामनाएं दी हैं ओर विश्वास जताया कि निर्वाचित होने पर वह भय या भेदभाव के बिना अपने कर्तव्य का निर्वहन करेंगे और संविधान के मूल विचारों को अक्षुण रखेंगे। सोनिया गांधी ने सिन्हा को 27 जून को पत्र लिखकर शुभकामनाएं दी हैं। सिन्हा ने यह पत्र ट्विटर पर साझा किया और उनका आभार प्रकट किया।

### गैंगस्टर अंसारी को वीवीआईपी ट्रीटमेंट देने का आरोप

**चंडीगढ़।** पंजाब विस में मंगलवार को कुख्यात गैंगस्टर मुख्तार अंसारी को लेकर जमकर बवाल हुआ। जेलमंत्री हरजोत बैंस ने दावा किया कि अंसारी को फर्जी एफआईआर दर्ज कर दो साल तीन महीने पंजाब की जेल में रखा गया, हालांकि जेल में वह पत्नी के साथ रहता था। अंसारी को जेल में पूर्व जेल मंत्री ने वीवीआईपी ट्रीटमेंट दिया गया। मैंने इस मामले में अब एफआईआर दर्ज करने के आदेश दे दिए हैं। जेल मंत्री के इस खुलासे से हंगामा शुरू हो गया।

# भारत-पाकिस्तान में और बढ़ेगा लू का कहर : शोध

**एजेंसी।** लंदन



**अगर** भारत और पाकिस्तान ने ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती नहीं की तो दोनों देशों को साल 2100 तक प्रति वर्ष लू चलने की सामान्य से अधिक घटनाओं का सामना करना पड़ेगा। स्वीडन स्थित गॉथेनबर्ग यूनिवर्सिटी के हालिया शोध में यह चेतावनी दी गई है। शोधकर्ताओं के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन एक हकीकत है और इस साल भारत व पाकिस्तान में बेहद उच्च तापमान दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में लू का प्रकोप बढ़ने की आशंका है, जिससे हर साल लगभग 50 करोड़ लोग प्रभावित होंगे।

शोधकर्ताओं के अनुसार, जब गर्मी का स्तर मनुष्य की सहन शक्ति से बाहर हो जाएगा, तब यह खाद्य वस्तुओं की कमी, मौतों और शरणार्थियों के प्रवाह का कारण बनेगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि अगर पेरिस जलवायु समझौते के तहत वैश्विक तापमान वृद्धि को दो डिग्री सेल्सियस से नीचे रखने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रभावी उपाय किए जाते हैं तो ऐसा नहीं होगा।

अर्थ्स फ्यूचर जर्नल में प्रकाशित इस शोध में 2100 तक दक्षिण एशिया में लू के दुष्प्रभावों से पनपने वाले विभिन्न परिदृश्यों का आकलन किया गया है। शोध पत्र के सह-लेखक डेलियांग चेन ने कहा, हमने अत्यधिक गर्मी और जनसंख्या के बीच की कड़ी का पता लगाया है। सबसे अच्छे परिदृश्य, जिसमें माना गया है कि हम पेरिस समझौते में निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने में सफल रहे, तो उसके तहत प्रति वर्ष लू चलने की दो अतिरिक्त घटनाएं सामने आने का अनुमान है, जिससे लगभग 20 करोड़ लोग प्रभावित होंगे।

### प्रति वर्ष लू चलने की पांच अतिरिक्त घटनाएं दर्ज की जा सकती हैं

**चेन** के मुताबिक, लेकिन अगर देश ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में योगदान देना जारी रखते हैं, जैसा कि वे अभी भी कर रहे हैं तो हमारा अनुमान है कि प्रति वर्ष लू चलने की पांच अतिरिक्त घटनाएं दर्ज की जा सकती हैं और कम से कम 50 करोड़ लोग उससे प्रभावित होंगे। शोध में सिंधु और गंगा नदियों के अलावा सिंधु-गंगा के मैदानों को लू के खतरों के प्रति ज्यादा संवेदनशील करार दिया गया है। यह उच्च तापमान और घनी आबादी वाला क्षेत्र है। चेन के अनुसार, लू और जनसंख्या के बीच की कड़ी दोनों दिशाओं में काम करती है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या का आकार तय करता है कि भविष्य में लू चलने की कितनी घटनाएं सामने आएंगी, क्योंकि ज्यादा आबादी का मतलब ऊर्जा की अधिक खपत और परिवहन में वृद्धि के कारण कार्बन उत्सर्जन के स्तर में वृद्धि होना है। चेन के मुताबिक, अगर उन जगहों पर नए शहर और कस्बे बसाए जाएं, जो लू के प्रति कम संवेदनशील हैं, तो प्रभावित आबादी की संख्या में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि भारत और पाकिस्तान के नेता हमारी रिपोर्ट पढ़ेंगे और इस पर विचार करेंगे। हमारे गणना मॉडल में लू से प्रभावित होने वाले लोगों की संख्या काफी अधिक आंकी गई है।

# पत्रकार जुबैर से पूछताछ के लिए हिरासत की अवधि चार दिन बढ़ाई

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की एक अदालत ने एक हिंदू देवता के खिलाफ 2018 में आपत्तिजनक ट्वीट करने से जुड़े मामले में ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर से पूछताछ के लिए हिरासत की अवधि मंगलवार को चार दिन के लिए बढ़ा दी। मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट स्निग्धा सरवरिया ने दिल्ली पुलिस और आरोपी की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुनाया। दिल्ली पुलिस ने जुबैर की हिरासत में पूछताछ की एक दिन की अवधि समाप्त होने के बाद उसे मंगलवार को मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट स्निग्धा सरवरिया के समक्ष पेश किया और आरोपी की हिरासत पांच दिन बढ़ाने का अनुरोध अदालत से किया।

मोहम्मद जुबैर के वकील ने अदालत में कहा कि पुलिस जिस तस्वीर के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगा रही है, वह दरअसल एक पुरानी हिंदी फिल्म की है। वहीं दिल्ली पुलिस ने अदालत में कहा कि मोहम्मद जुबैर ने प्रसिद्धि पाने की कोशिश में धार्मिक भावनाओं को आहत करने के लिए कथित रूप से विवादास्पद ट्वीट का इस्तेमाल किया।



### तीस्ता सीतलवाड़ से पद्मश्री पुरस्कार वापस लेने की मांग

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ के पद्मश्री पुरस्कार को वापस लेने की मांग की है। तीस्ता को हाल में गुजरात पुलिस ने वर्ष 2002 के गुजरात दंगों के संबंध में निर्दोष लोगों को फंसाने के लिए सबूत गढ़ने के मामले में गिरफ्तार किया है। केंद्र ने 2007 में सीतलवाड़ को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक पद्मश्री से सम्मानित किया था। मिश्रा ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में पिछली कांग्रेस सरकार पर अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण के लिए सीतलवाड़ को पुरस्कार देने का आरोप लगाया। मध्य प्रदेश सरकार के प्रवक्ता मिश्रा ने कहा, वह अवॉर्ड वापसी गैंग की सदस्य थी। गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते ने शनिवार को सीतलवाड़ को उसके मुंबई स्थित घर से हिरासत में लिया था। बाद में उसे अहमदाबाद लाया गया और वहां की अपराध शाखा को सौंप दिया गया।

### उदयपुर में नूपुर शर्मा के समर्थक की गला काटकर हत्या

# वीडियो के जरिये प्रधानमंत्री को भी दी हत्या की धमकी

### हत्यारों ने हत्या का वीडियो बनाकर उसे वायरल किया

**पायनियर समाचार सेवा।** उदयपुर

**राजस्थान** के उदयपुर में 10 दिन पहले नूपुर शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने वाले एक शख्स का मर्डर कर दिया गया। हमलावर मंगलवार को दिनदहाड़े उसकी दुकान में घुसे और छुरे से कई वार किए और उसका गला काट दिया। इस पूरे हमले का वीडियो भी सामने आया है। इतना ही नहीं आरोपियों ने घटना के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर हत्या की जिम्मेदारी ली है।

कन्हैयालाल तेली (40) की धानमंडी स्थित भूतमहल के पास सुप्रीम टेलर्स नाम से दुकान है। मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे बाइक सवार दो बदमाश आए। कपड़े का नाप देने का बहाना बनाकर दुकान में घुसे। कन्हैयालाल कुछ समझ पाते तब तक बदमाशों ने हमला बोल दिया। उन पर तलवार और छुरे से कई हमले किए। मौके पर उन्होंने दम तोड़ दिया।

कन्हैयालाल गोवर्धन विलास इलाके का रहने वाला था। 10 दिन पहले उसने बीजेपी से हटाई गई नुपूर शर्मा के पक्ष में सोशल मीडिया पर पोस्ट की। इसके बाद से समुदाय विशेष के लोग उसे जान से मारने की धमकी दे रहे थे। कन्हैयालाल लगातार धमकियों से परेशान था। छह दिनों से उसने अपनी दुकान भी नहीं खोली थी। उसने धमकियां देने वालों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने उसे थोड़े दिन संभलकर रहने को कहा, लेकिन आरोपियों की धरपकड़ को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई।

उधर, इस हत्याकांड को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने दो-तीन वीडियो भी जारी किए हैं, जिनमें से एक में हत्यारोपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक को धमकी दे रहे हैं। वीडियो में दो हमलावर हाथ में घातक छुरा लेकर अपना जुल्म कबूल करते दिख रहे हैं। तलवार पर खून और चेहरे पर हंसी दिखाते हुए दो शख्स कहते हैं, मैं मोहम्मद रियाज अंसारी और मेरे दोस्त मोहम्मद भाई, उदयपुर में सिर कलम कर दिया है। धार्मिक नारा लगाते हुए कहते हैं, हम जिएंगे आपके लिए और मरेंगे आपके लिए।

हमलवार आगे पीएम मोदी की हत्या की धमकी देते हुए कहता है, नरेंद्र मोदी सुन ले, आग तूने लगाई है और बुझाएंगे हम, इंसाअल्लाह मैं रब से दुआ करता हूं कि यह छुरा तेरी गर्दन तक भी जरूर पहुंचेगा। उदयपुर वालों नारा लगाओ गुस्ताखे नबी की एक ही सजा, सिर तन से जुदा। दुआओं में याद रखना।

हत्यारोपियों ने कत्ल के समय का भी वीडियो जारी किया है। इसमें दिख रहा है कि दोनों टेलर की दुकान में जाकर कपड़ा सिलाने की बात करते हैं। एक शख्स अपना नाप दे रहा है तो दूसरा वीडियो बना रहा है। साजिश से बेखबर कन्हैयालाल नाप लेते में व्यस्त है, तभी उस पर हमला कर दिया जाता है। वह चीखता है, जान बख्श देने की गुहार लगाता है, लेकिन हमलावरों ने उसका गला रेत दिया।

### सीएम गहलोत ने हत्यारों को जल्द पकड़ने की बात कही



### सूचना पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे

**सूचना** पर धानमंडी समेत घंटाघर और सूरजपोल थाने के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस के आला अधिकारी और एफएसएल टीम मौके पर है। टीम ने मौके से सबूत जुटाए। घटना के बाद नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने भी एसपी को फोन कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने निष्पक्ष जांच करते हुए आरोपियों को जल्द पकड़ने की बात कही।

### गहलोत ने की लोगों से शांति की अपील

**सीएम** अशोक गहलोत ने इस घटना के बाद एक ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने लोगों से शांति की अपील की है। सीएम ने कहा कि आरोपियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। उधर इस घटना के बाद आसपास के कई इलाकों के बाजार बंद हो गए। उन्होंने विरोध जुलूस भी निकाला।

### 30 जून या एक जुलाई को दस्तक दे सकता है मानसून

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में 30 जून या एक जुलाई को मानसून की पहली बारिश हो सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी में दक्षिण पश्चिमी मानसून का आगमन आमतौर 27 जून तक होता है। 30 जून को शहर में अच्छी बारिश होने का अनुमान है, और बृहस्पतिवार या शुक्रवार को मानसून के आगमन की घोषणा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि अगले 24 घंटे में उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के बाकी हिस्सों तक मानसून के बढ़ने की स्थितियां बन रही हैं।

### मां को मिली कस्टडी, पापा से लिपटकर रोया बेटा



**झुंझुनूं।** राजस्थान के झुंझुनूं जिले के चिड़ावा एसडीएम कोर्ट में दहेज प्रताड़ना के एक केस में बेटे की कस्टडी मां को देने का फैसला सुनते ही पिता फफक-फफककर रोने लगा। छह साल का बेटा भी संभाले नहीं संभल रहा था। बेटा पिता के गले से लगकर बस यही रट लगाए हुए था, मुझे पापा से अलग मत करो, मुझे पापा के साथ ही रहना है। वादी सुमन व प्रतिवादी प्रीत का विवाह 2015 में हुआ था। बेटे के जन्म के बाद से दोनों में अनबन चल रही है।




# वार्ड में घुसकर नवजात को उठा ले गया कुत्ता, नोंचकर मार डाला

**पायनियर समाचार सेवा।** पानीपत



**पानीपत** शहर में दिल दहला देने वाली वारदात हुई है। आवारा कुत्ते ने दो दिन के नवजात को मार डाला। वह उसे अस्पताल में घुसकर मां के पास से उठाकर ले गया। बच्चे का क्षत-विक्षत शव मिला है।

वारदात सेक्टर 13-17 स्थित असंल सुशांत सिटी गेट नंबर 3 स्थित हार्ट एंड मदर केयर अस्पताल की है। यहां 25 जून को शबनम पत्नी आस मोहम्मद गांव फोरगाण कैराना यूपी की प्रसव के लिए एडमिट हुई थी। शबनम ने उसी रात 8.15 बजे एक लड़के को जन्म दिया। वह अस्पताल की पहली मंजिल स्थित जनरल वार्ड के एक कमरे में भर्ती है। सोमवार रात कमरे में बच्चे के साथ मां-पिता, दादी व ताई भी मौजूद थे। मां बेड पर सोई हुई थी, जबकि पिता, दादी और ताई नीचे फर्श पर सोए थे।

बच्चे को दूध पिलाने के बाद दादी और ताई ने उसे नीचे अपने पास फर्श पर लिटा लिया था। इसी बीच रात करीब 2.15 बजे परिजनों की आंख खुली तो बच्चा नहीं था। तलाशते हुए परिजन दौड़ कर अस्पताल के बाहर पहुंचे तो देखा कि बच्चा एक कुत्ते के मुंह में था। कुत्ता बच्चे को नोच रहा था। परिजनों ने किसी तरह बच्चे को छुड़वाया और तुरंत अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# आकाश अंबानी बने रिलायंस जियो के चेयरमैन, मुकेश ने इस्तीफा दिया

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**मुकेश** अंबानी की कंपनी रिलायंस जियो इंफोटेक लिमिटेड में मैनेजमेंट लेवल पर बड़ा फेरबदल हुआ है। मार्केट रेगुलेटरी सेबी को दी गई जानकारी में रिलायंस जियो ने बताया कि 27 जून को बोर्ड की मीटिंग रखी गई थी। मीटिंग में रिलायंस जियो के बोर्ड ने आकाश अंबानी को बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। मुकेश अंबानी ने 27 जून से प्रभावी कंपनी के निदेशक के रूप में इस्तीफा दे दिया है। पंकज मोहन पवार 27 जून से कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर का पद संभालेंगे। अगले पांच साल तक पंकज मोहन मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर रहेंगे। एडिशनल डायरेक्टर रामिंदर सिंह गुजराल और केवी चौधरी अब स्वतंत्र निदेशकों के तौर पर काम देखेंगे।

शेयरधारकों के अप्रूवल के बाद यह नियुक्तियां मान्य होंगी। सेबी को दी गई जानकारी के मुताबिक, कंपनी के निदेशक के रूप में मुकेश डी. अंबानी ने 27 जून से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के चेयरमैन के रूप में आकाश एम अंबानी की नियुक्ति को मंजूरी दी गई है।

# भारत लाने को नीरव मोदी की याचिका पर ब्रिटिश अदालत में सुनवाई शुरू

**एजेंसी।** लंदन

**ब्रिटेन** की एक अदालत ने पंजाब नेशनल बैंक ऋण घोटाले के मामले में करीब दो अरब डॉलर के धनशोधन और धोखाधड़ी के आरोपों में भारत में वांछित नीरव मोदी के प्रत्यर्पण के मामले में मंगलवार को सुनवाई शुरू की। हीरा कारोबारी नीरव मोदी (51) ने उसके प्रत्यर्पण के आदेश के खिलाफ पिछले साल



मानसिक सेहत के आधार पर अपील दाखिल की थी।

न्यायाधीश जेरेमी स्टुअर्ट स्मिथ और जस्टिस रॉबर्ट जे ने पिछले साल दिसंबर में उच्च न्यायालय में एक प्रारंभिक सुनवाई की थी। इसमें इस बारे में विचार हुआ था कि क्या प्रत्यर्पण के पक्ष में जिला न्यायाधीश सैम गूजी की वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत की फरवरी 2021 की व्यवस्था गलत है। इस सप्ताह की सुनवाई उस अपील पर सुनवाई के अगले हिस्से के तौर पर हो रही है, जिस पर जल्द फैसला आ सकता है। अगर नीरव मोदी की अपील उच्च न्यायालय में स्वीकार कर ली जाती है तो उसे तब तक प्रत्यर्पित नहीं किया जा सकता, जब तक भारत सरकार सार्वजनिक महत्व के कानून के बिंदु पर उच्चतम न्यायालय में अपील की अनुमति पाने में सफल नहीं होती।

मामले से जुड़े अधिकारियों के अनुसार भारत सरकार ने उन परिस्थितियों के बारे में आश्वासन दिया है जिनमें नीरव को भारत में आत्मसमर्पण करने पर हिरासत में लिया जाएगा और उसकी शारीरिक तथा मानसिक सेहत की देखभाल के लिए क्या सुविधाएं होंगी। अब दोनों पक्ष इस बारे में दलीलें रखेंगे कि क्या ये आश्वासन पर्याप्त हैं और इन्हें माना जा सकता है।

### करीब दो अरब डॉलर के धनशोधन और धोखाधड़ी का मामला

# शहर को स्मार्ट बनाने के नाम पर पर्यावरण से हो रहा खिलवाड़

## आरएमसी सड़कों के जाल के कारण बरसाती पानी नहीं हो पाता है रिचार्ज

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**शहर** को स्मार्ट बनाने के नाम पर नगर निगम, एचएसवीपी और अन्य एजेंसियां लगातार पर्यावरण के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। अधिकारियों की कार्यशैली से शहर आधुनिक और स्मार्ट तो नहीं बन पाया, लेकिन चैन्नई के रास्ते पर जरूर चल पड़ा है। इसी तरह के क्रिया कलापों की वजह से चैन्नई में भूजल स्तर करीब दो हजार फीट नीचे पहुंच चुका है। आरएमसी सड़कों और बिना योजना के कराए गए विकास कार्यों की वजह से चैन्नई की यह हालत हुई है।

फरीदाबाद जिला पहले ही डार्क जोन में शामिल है, इसके बावजूद संबंधित विभागों के अधिकारी पिछले करीब दो दशकों से शहर में लगातार आरएमसी सड़कों का जाल बिछाते जा रहे हैं। जबकि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2008 में ही आरएमसी सड़कों के निर्माण पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन अधिकारी मजबूती का दावा करते हुए तारकौल से दस गुणा महंगी आरएमसी सड़कें ही शहर में बनवा रहे हैं। आरएमसी सड़कों के दोनों तरफ लोगों ने पक्के रैम्प बनाकर कब्जे किए हुए हैं। ऐसे में बरसाती पानी जमीन को रिचार्ज नहीं कर पाता। जिसके कारण बरसात के दिनों में लोगों को जलभराव की समस्या झेलनी पड़ती है। वहीं बरसाती पानी सीवर में डालने से सीवर लाइनों का गंदा पानी ओवरफ्लो होता रहता है।



सेक्टर 22-23 चौक पर जानलेवा हालत में आरएमसी सड़क।



आरएमसी सड़क के दोनों तरफ रैम्प बनकर लोगों ने किया कब्जा।

### विकास है जलभराव का कारण

**नियमों** को ताक पर रखकर आरएमसी सड़कों का निर्माण करवा कर नगर निगम अधिकारियों ने पहले से स्मार्ट शहर की सूरत को बिगाड़ कर रख दिया है। हरियाणा अर्बन लोकल बॉडी ने वर्ष 2008 में नगर निगम को पत्र भेज कर आरएमसी सड़कों के निर्माण पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया था। निगम ने काम तो जारी रखा, लेकिन लोगों को होने वाली समस्या पर ध्यान नहीं दिया। नियमों के मुताबिक सड़क निर्माण से पहले पुरानी सड़क के मलवे को तोड़कर निकालना जरूरी होता है, लेकिन निगम ठेकेदार टूटी सड़क पर फिर से निर्माण कर देते हैं। जिससे कई जगह सड़कें और गलियां घरों के लेबल से ऊंची बनी हुई हैं। ऐसे में बरसात और सीवर का पानी लोगों के घरों में पहुंच रहा है। निर्माण के दौरान निगम अधिकारियों द्वारा लेबल का जरा भी ध्यान नहीं रखा जाता। सड़क कहीं ऊंची तो कहीं नीची बनाई जाती है। जिससे सड़कों पर जलभराव की समस्या दिन पर दिन गंभीर होती जा रही है। शहर की ज्यादातर सड़कों पर बरसात और सीवर का पानी भरा रहता है।

### पर्यावरण के लिए घातक आरएमसी रोड

**आरएमसी** सड़कें पर्यावरण के लिए काफी खतरनाक साबित हो रही हैं। आरएमसी सड़कों का निर्माण आमतौर पर पहाड़ी इलाकों में अथवा ऐसी जगह कराया जाता है, जहां भारी मात्रा में पानी इकट्ठा होता है, लेकिन फरीदाबाद की भौगोलिक स्थिति और पर्यावरण की हालत को देखते हुए यहां आरएमसी सड़कों का निर्माण करना काफी नुकसानदायक साबित हो रहा है। अरावली पर्वत के दोहन और अन्य कई कारणों से जिले में पर्यावरण संतुलन लगातार बिगड़ता जा रहा है। इन्हीं कारणों से भूजल का स्तर लगातार गिरने से जिला डार्क जोन में शामिल हो चुका है। फिलहाल यहां 500 फीट जमीन के नीचे भी पानी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में जमीन का रिचार्ज होना बेहद जरूरी है, लेकिन नगर निगम के अधिकारियों ने अपने फायदे के लिए शहर की जमीन को आरएमसी सड़कों से पक्का कर दिया है। जिसके कारण बरसात का पानी जमीन के भीतर नहीं जा पाता। बरसाती पानी की निकासी के लिए निगम द्वारा उसे सीवर की लाइनों में डाला जाता है। यदि यहीं स्थिति रही तो आने वाले दिनों में शहर की बिगड़ सकती है।



एसजीएम नगर में जर्जर हो चुकी आरएमसी सड़क।

### प्रशासन के साथ लोग भी जिम्मेदार

**निगम** की लापरवाही से आने वाले दिनों में जिले की स्थिति भी चेन्नई जैसी हो सकती है। क्योंकि यहां प्रतिबंध के बावजूद आरएमसी सड़कों और अन्य निर्माण से जमीन को ज्यादा से ज्यादा पक्का करने का काम वर्षों से किया जा रहा है। आरएमसी रोड का निर्माण करने के बाद निगम द्वारा सड़कों के दोनों तरफ कच्चा छोड़ने की बजाए पीसीसी करवा कर उस पर इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाई जा रही है। और तो और टाइल्स के गेप भी सीमेंट से भरवा दिये जाते हैं। रही सही कसर लोगों द्वारा पूरी की जा रही है। अनेक लोगों ने ग्रीनबेल्टों पर कब्जे किए हुए हैं। लोग अपनी सुविधा के लिए घर की रैम्प को पक्का करवा कर सड़कों से जोड़ देते हैं। ऐसे में बरसाती पानी को जमीन में जाने का रास्ता नहीं मिलता। वह सीवर और नालों में जाकर व्यर्थ हो जाता है। इससे जहां भूजल स्तर गिर रहा है। वहीं धूल उड़ने से दमा और अन्य बीमारियों का लोग शिकार हो रहे हैं। शहर में भूजल स्तर लगातार गिरने से सैंट्रल पार्क सूखते जा रहे हैं। प्याली चौक स्थित मिनी रोज गार्डन इसका जीता जागता उदाहरण है।

### रहने लायक नहीं रहेगा शहर



सामाजिक कार्यकर्ता रविंद्र चावला का कहना है कि प्रतिबंध के बावजूद अधिकारी आरएमसी रोड का निर्माण कर सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं। जिससे शहर के पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ इससे शहर में जलभराव और भूजल स्तर गिरने से लोगों को भारी परेशानी हो रहा है। सड़कें कुछ समय बाद ही टूटने से गड्ढे बन जाते हैं। जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है।

---

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 41.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 28.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- डॉ. सूरज प्रकाश अरोग्य केन्द्र में निशुल्क ऑपरेशन कैम्प: सुबह 9 बजे
- शहर में मौजूद सिविल अस्पतालों व स्वास्थ्य केन्द्रों में सघन मुंख कार्यक्रम के तहत जांच: सुबह 8 बजे
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन: सुबह 9 बजे
- बीके अस्पताल को ओपीडी शुरू: सुबह 8 बजे

**निवेश गुरु**

**अगर** आप कहीं निवेश करने का प्लान कर रहे हैं और मन में ये दुविधा है कि कैसे और कहां निवेश करें। तो हम आपको बताते हैं कि भारतीय जीवन बीमा निगम की एक स्कीम है, जहां कम निवेश कर आप अच्छा लाभ कमा सकते हैं। दरअसल, एलआईसी निवेश प्लस सिंगल प्रीमियम, नॉन पार्टिसिपेटिंग, यूनिट-लिंक्ड और व्यक्तिगत जीवन बीमा है, जो पॉलिसी की अवधि के दौरान बीमा के साथ निवेश का भी विकल्प देता है।

**यूटीलिटी न्यूज**

### दीक्षांत समारोह कल रिहर्सल आज

**फरीदाबाद।** राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 16 ए फरीदाबाद में 30 जून को 27वें दीक्षांत समारोह का अयोजन होगा। समारोह को लेकर महाविद्यालय में तैयारियां शुरू हो गई हैं। छात्राओं को मुख्यातिथि से डिग्री लेने के नियमों से अवगत कराने के लिए महाविद्यालय द्वारा 29 जून को रिहर्सल का भी आयोजन होगा। प्राचार्य डॉ. सुनिधि ने बताया कि सत्र 2019-20 एवं 2020-21 में पास हुई छात्राओं को बृहस्पतिवार 30 जून को आयोजित होने वाले 27वें दीक्षांत समारोह में बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीएजेएमसी एवं बीटीटीएम स्नातक की उपाधियों से सम्मनित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पास हो चुकी छात्राओं को व्हॉटसअप, फेसबुक जैसी सोशल साइट, पर्सनल फोन कॉल एवं सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है कि वे 29 जून को महाविद्यालय में आयोजित होने वाली रिहर्सल में भी शामिल हों।

**क्विक न्यूज**

### स्कोपियो-एन का अनावरण

**फरीदाबाद।** महिन्द्रा एण्ड महेन्द्रा की नई गाड़ी न्यू बिग डेडी ऑफ एसयूवी स्कोपियो-एन जिसका लोगों को बहुत लंबे समय से इंतजार था का आज प्राईम आटोमोबाईल कंपनी वाईएमसीए चौक पर अनावरण डीसीपी क्राईम फरीदाबाद नरेन्द्र कादियान, डॉ.रवि झा फोर्टिस हास्पीटल डायरेक्टर एंड हेड पुलमोनोलिजी, डॉ. प्रताप चौहान जीवा आयुर्वेद, नितिन चंदेल मिस्टर इंडिया बॉडी बिल्डींग ने अपने शुभ हाथों से किया। जैसे ही नई गाड़ी का अनवारण हुआ कंपनी के कर्मचारियों और ग्राहको ने ताली बजाकर स्वागत किया। इस मौके पर कंपनी के मैनेजर अर्जुन बानी ने अपना उदघोषण भाषण से प्रारंभ किया जिसमें उन्होंनें अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद व्यक्त किया और गाड़ी की विशेषताओं को समझाया। उन्होंने बताया कि गाड़ी की बुकिंग 30 जुलाई से प्रारंभ होगी और गाड़ी की टेस्ट डाईव पांच जुलाई से प्रांरभ होगी। शोरूम में आए अतिथियों और ग्रहकों ने नई गांडी को बहुत पंसद किया और कहा कि सच में महिन्द्र की यह गाड़ी बिग डेडी ऑफ एसयूवी है।

---

# मोनिका और श्वेता को मिसेज भारत का खिताब

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**रॉयल** हेरिटेज फाउंडेशन के द्वारा स्वच्छ भारत अभियान एवं सेव गर्ल चाइल्ड जैसे अभियान के निमित्त मिस्टर/मिसेज/मिस टीन आइकन 2022 के चौथे सीजन के ग्रैंड फिनाले का आयोजन 25 जून को सहारा स्टार होटल, मुंबई में किया गया था। फरीदाबाद की रहने वाली मोनिका और श्वेता को क्रमश: मिसेज भारत आइकन 2022 के ब्यूटी पेजेंट की विजेता एवं सैकेंड रनर अप का खिताब प्राप्त हुआ। श्वेता पेशे से वकील हैं और वो आर्थिक रूप से कमजोर और घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार को लेकर जागरूक करती हैं। उनकी विशेष रुचि क्रिमिनल मैटर्स में है।

मिसेज भारत आइकन 2022 की रनर अप बनने से संबंधित उनके अनुभव पूछे जाने पर वो बताती हैं कि उन्हें ऐसे किसी भी पेजेंट में जाने का कभी कोई इरादा नहीं था, न सोचा था। पर उनकी मुलाकात किसी समारोह में 2019 की विजेता नंदिनी गुप्ता से हुई जिन्होंने उन्हें इस सीजन में पार्टिसिपेट करने की सलाह दी। उन्होंने पाया कि एक अच्छे निमित के लिए ये स्पर्धा आयोजित हो रही है तो उन्होंने तुरंत पति को मनाया और ऑडिशन पास करके मुंबई फिनाले में आ गईं। श्वेता बताती हैं कि उन्हें ऐसे किसी पेजेंट में पार्टिसिपेट करने का पहले का कोई अनुभव नहीं था और न ही इसके लिए कोई ग्रूमिंग क्लास अटेंड किया था। पर उन्हें हमेशा एक नई स्किल सीखना और जीवन में हमेशा चुनौतियों को स्वीकार करना पसंद है इसलिए उन्होंने इस चुनौती को भी अपने 46 वर्ष की उम्र के लिए एक चुनौती मान कर स्वीकार किया। पेजेंट में हिस्सा लेने वाली ज्यादातर प्रतिभागी अपने 20 से 40 साल के बीच की थीं । ऐसे में सैकेंड रनर अप होना भी वो अपने लिए एक उपलब्धि मानती हैं।



मुंबई के निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में मोनिका और श्वेता को खिताब से नवाजते हुए।

# ऑटो ड्राइवर्स की रीजनल कंवेंशन आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ऑटो** रिक्शा ड्राइवर्स को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना सरकार की जिम्मेदारी है। भाजपा सरकार द्वारा पारित मोटर व्हीकल एक्ट 2019, देश के करीब आठ करोड़ ट्रांसपोर्ट वर्कर्स के रोजगार को बुरे तरीके से प्रभावित करेगा। यह बात ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय उप महासचिव आर. लक्ष्मिया ने कही।

वे फरीदाबाद में ऑटो रिक्शा ड्राइवर्स की रीजनल कन्वेंशन को संबोधित कर रहे थे। कंवेंशन की अध्यक्षता भोपाल सिंह व वासुदेव अहेरिया ने की और संचालन सीटू जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने किया। फरीदाबाद ऑटो रिक्शा ड्राइवर्स यूनियन (रजि.1476) के बैनर तले आयोजित कंवेंशन में फरीदाबाद, गुरुग्राम, पलवल, नूंह के यूनियन नेताओं ने हिस्सा लिया। अपने सम्बोधन में आर लक्ष्मिया ने कहा कि भाजपा सरकार ट्रांसपोर्ट क्षेत्र को देशी विदेशी बड़े कारपोरेट घरानों को सौंपना चाहते हैं। इसीलिए मोटर व्हीकल एक्ट 2019 में संशोधन किए गए हैं ताकि एक या दो वाहनों के मालिकों को ही इस क्षेत्र से बाहर कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नाम पर वर्कर्स के जीवन यापन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। ऑटो रिक्शा ड्राइवर्स की आमदनी बड़े पैमाने पर घटी है।

सीटू प्रदेश महासचिव जय भगवान ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार व प्रशासन का रवैया ऑटो रिक्शा ड्राइवर्स के साथ बेहद खराब है। ऑटो स्टैंड नामित नहीं किए जा रहे हैं। सीटू जिला प्रधान निरंतर पराशर, जिला सचिव वीरेंद्र डंगवाल, यूनियन जिला प्रधान भोपाल सिंह, बासुदेव अहेरिया ने कहा कि जिला में ऑटो रिक्शा ड्राइवर्स के साथ प्रशासन का दुर्व्यवहार बंद हो, सरकारी बैंक से लोन मिले, ऑटो के कागजात और फिटनेस के लिए कैंप लगें, बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था बने, ऑटो स्टैंड की जगह तय हो और वहां पर टॉयलेट व बाथरूम की व्यवस्था बने, ऑटो रिक्शा ड्राइवर्स को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी हो।



ओटो रिक्शा ड्राइवर्स की रीजनल कंवेशन को संबोधित करते आर लक्ष्मिया।

# सीएम से मिले ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से विभिन्न प्रकार के सामाजिक विषयों को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों ने मुलाकात की।

मौके पर अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र शर्मा बबली ने सांसद पंडित रमेश कौशिक, सांसद संजय भाटिया, सांसद हरविंदर कल्याण, विधायक पंडित जीएल शर्मा, पूर्व चेयरमैन पंडित वीरेंद्र शर्मा, मुकेश शर्मा, सुरेश शर्मा सहित सभा के सम्मानित लोग मुख्य रूप से मौजूद थे। इस मौके पर रोहतक में ब्राह्मणों को दी जाने वाली जमीन, ब्राह्मणों को अन्य समाज की तरह विशेष स्थान, राज्य सरकार द्वारा परशुराम जयंती को सम्मान दिवस के रूप में मनाए जाने की मांग की। इस सभी मांगों को सुन की मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आश्वस्त करते हुए कहा कि हमारी सरकार में ब्राह्मणों के मान-सम्मान का विशेष ध्यान रखा गया है। उनकी मांगों को लेकर कहा कि इन सब पर जल्द ही विचार विर्मश में आगे बढ़ाया जाएगा। अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र शर्मा ने सभी सम्मानित महानुभावों का आभार व्यक्त करते हुए कहा भाजपा सरकार में सबसे अधिक ब्राह्मणों को मान-सम्मान मिला है। बबली ने कहा कि इस सरकार में सभी योजनाओं का लाभ बराबर दिया जा रहा है।



हरियाणा के मुख्यमंत्री को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत करते अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा और अन्य।

# महिलाओं की सुरक्षा को सड़कें रोशन होना जरूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**स्वयंसेवी** संस्था ब्रेकथ्रू द्वारा स्त्रीलिंक प्रोग्राम के अंतर्गत 'यूथ चौपाल' का आयोजन किया गया। डबुआ कॉलोनी स्थित भोजपुरी धर्मशाला में आयोजित यूथ चौपाल में हाल ही में ब्रेकथ्रू द्वारा की गई सेफ्टी आडिट की रिपोर्ट को डीसीपी, एनआईटी, फरीदाबाद, नितिश अग्रवाल द्वारा जारी की गयी।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को सुरक्षित माहौल बनाना हम सब की जिम्मेदारी है। आने-जाने के रास्ते हों, सार्वजनिक परिवहन या फिर सार्वजनिक जगहें, यह रिपोर्ट बताती है कि महिलाएं और लड़कियां अपने को सुरक्षित नहीं महसूस करती हैं। और इन सब के पीछे कहीं न कहीं हमारी रूढ़िवादी सोच और वो परंपराएं हैं जो महिलाओं को कमतर मानती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं और लड़कियां बाजार से लेकर अपने कार्यस्थल, स्कूल जैसी जगहों पर बिना डरे आसानी से आ-जा सके इसके लिए हम लोगों को मिलकर आधारभूत संरचना जैसे स्ट्रीट लाइट, सड़कों आदि को उनको ध्यान में रखकर डेवलप करना होगा साथ ही उनके लिए सुरक्षित माहौल भी बनाना होगा। हमें लगता है इसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हमारे युवाओं की है। क्योंकि वह हमारा भविष्य हैं और पीढ़ीगत बदलाव यही लेकर आएंगे। पुलिस अपने स्तर से महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने का प्रयास लंबे समय से कर रही है, इसके लिए समाज को भी जिम्मेदारी लेनी होगी। कार्यक्रम में इंस्पेक्टर सविता रानी, इंचार्ज कम्युनिटी पुलिसिंग व सीनियर सिटीजन सेल ने बच्चों की हेल्पलाइन 1098 व सीनियर सिटीजन के लिए जारी की गई हेल्पलाइन 7290010000 के बारे में बताया। फ्रॉड की हेल्पलाइन 1930 और नशे के खिलाफ शिकायत के लिए 9050891508 के बारे में जानकारी देते हुए महिलाओं को अपनी शिकायत दर्ज कराने के कानूनी पहलुओं की जानकारी भी दी।

ब्रेकथ्रू के स्त्रीलिंक प्रोग्राम की वरिष्ठ समन्वयक, प्रोग्राम, कृतिका कपिल ने बताया कि यह सेफ्टी ऑडिट डबुआ कालोनी में मार्च से मई माह के बीच में किया गया।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण सुचित किया जाता है कि दिनांक 19.06.2022 को आकाश पुत्र विश्वनाथ निवासी गांव परदेशिया थाना जिला शिवहर बिहार हाल किरायेदार मकान नं0 डी.212 गांव अजरोंदा सेक्टर 15 फरीदाबाद, अपने घर से बिना बताये कही चला गया है। जिसका हुलिया इस प्रकार से हैं रंग सांवला, गोला चेहरा, पतला शरीर, कद 5 फूट वा उम्र 15 साल, जिसने काले रंग की जिन्स, हल्की लाल चैकदार कमीज पैरों में हवाई चप्पल पहने हुये है। मुकदमा न0 246 दिनांक 23.06.2022 थाना सेंट्रल फरीदाबाद पता चलने पर निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित किया जाये।

एसएचओ थाना सेंट्रल फरीदाबाद. 92582200120, 0129-2285967
इंचार्ज पुलिस चौकी सेक्टर 15ए फरीदाबाद. 92582200145, 0129-2222662

**प्रवीण कुमार कपूर निवासी मकान नंबर 515, सेक्टर 14, हाल किराएदार मकान नंबर बी205, तरंग ऑर्किड, सेक्टर 28 फरीदाबाद, अदालत में हाजिर हो**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रवीण कुमार कपूर पुत्र तिलकराज कपूर निवासी मकान नंबर 515, सेक्टर 14 फरीदाबाद, हाल किराएदार मकान नंबर बी205 तरंग आर्किड सेक्टर 28 फरीदाबाद के खिलाफ 420, 406, 120 आईपीसी एवं 3 एचपीआईडीएफ एक्ट 2013 के तहत थाना सेक्टर 31 में मुकदमा नंबर 111/18 दर्ज है। उपरोक्त मुकदमा माननीय नरेंद्र सुरा अति. रिक्त सत्र न्यायालय में विचाराधीन है। आरोपी प्रवीण के खिलाफ कई बार गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुका हैं लेकिन आरोपी गिरफ्तारी से बच रहा है। आरोपी की संपत्ति कुर्क की जानी है, आरोपी के खिलाफ 82 ,83 सीआरपीसी की कार्यवाही से पहले अदालत में हाजिर होने के आदेश पारित हुए हैं। अतः आरोपी प्रवीण कुमार कपूर 12 जुलाई 2022 से पहले थाना सेक्टर 31 या आर्थिक अपराध शाखा या अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश माननीय नरेन्द्र सुरा की अदालत में हाजिर हो।

**नरेश कुमार निवासी मकान नंबर ई.426ए, ईस्ट बाबारपुर सादरा दिल्ली, अदालत में हाजिर हो**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नरेश कुमार गोयल पुत्र प्रेमचन्द निवासी मकान नं0 ई.426ए बाबरपुर सादरा दिल्ली, के खिलाफ 420, 406, 120 आईपीसी एवं 3 एच.पी.आई. डी.एफ एक्ट 2013 के तहत थाना सेक्टर 31 में मुकदमा नंबर 111/18, 489/18 दर्ज है। उपरोक्त मुकदमा माननीय नरेंद्र सुरा अतिरिक्त सत्र न्यायालय में विचाराधीन है। आरोपी नरेश के खिलाफ कई बार गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुका हैं लेकिन आरोपी गिरफ्तारी से बच रहा है। आरोपी की संपत्ति कुर्क की जानी है, आरोपी के खिलाफ 82, 83 सीआरपीसी की कार्यवाही से पहले अदालत में हाजिर होने के आदेश पारित हुए हैं। अतः आरोपी नरेश कुमार 1 अगस्त 2022 से पहले थाना सेक्टर 31 या आर्थिक अपराध शाखा या अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश माननीय नरेन्द्र सुरा की अदालत में हाजिर हो।

**जितेन्द्र कुमार गर्ग निवासी मकान नंबर 537 सेक्टर 14 फरीदाबाद, अदालत में हाजिर हो**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जितेन्द्र कुमार गर्ग उर्फ जे.के. गर्ग पुत्र प्रेमनाथ निवासी मकान नं0 537 सेक्टर 14 फरीदाबाद के खिलाफ 420, 406, 120 आईपीसी एवं 3 एचपीआईडीएफ एक्ट 2013 के तहत थाना सेक्टर 31 में मुकदमा नंबर 111/18, 206/18, 205/18, 200/19, 216/18, 115/18, 51/19 दर्ज है। उपरोक्त मुकदमा माननीय नरेंद्र सुरा अतिरिक्त सत्र न्यायालय में विचाराधीन है। आरोपी जितेन्द्र के खिलाफ कई बार गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुका हैं लेकिन आरोपी गिरफ्तारी से बच रहा है। आरोपी की संपत्ति कुर्क की जानी है, आरोपी के खिलाफ 82, 83 सीआरपीसी की कार्यवाही से पहले अदालत में हाजिर होने के आदेश पारित हुए हैं। अतः आरोपी जितेन्द्र कुमार गर्ग उर्फ जे.के. गर्ग 12.07.2022, 21.07.2022, 28.07.2022, 01.08.2022, 03.08.2022 से पहले थाना सेक्टर 31 या आर्थिक अपराध शाखा या अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश माननीय नरेन्द्र सुरा की अदालत में हाजिर हो।

**नितिन गोयल निवासी मकान नं0 187 खत्रीवाडा ओल्ड फरीदाबाद, अदालत में हाजिर हो**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नितिन गोयल पुत्र लक्षमण दास गोयल निवासी मकान नं0 187 खत्रीवाडा ओल्ड फरीदाबाद के खिलाफ 420, 406, 120 आईपीसी एवं 3 एचपीआईडीएफ एक्ट 2013 के तहत थाना सेक्टर 31 में मुकदमा नंबर 111/18, 205/18, 231/18, 51/19, 216/18, 416/18, 200/18 दर्ज है। उपरोक्त मुकदमा माननीय नरेंद्र सुरा अतिरिक्त सत्र न्यायालय में विचाराधीन है। आरोपी नितिन के खिलाफ कई बार गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुका हैं लेकिन आरोपी गिरफ्तारी से बच रहा है। आरोपी की संपत्ति कुर्क की जानी है, आरोपी के खिलाफ 82, 83 सीआरपीसी की कार्यवाही से पहले अदालत में हाजिर होने के आदेश पारित हुए हैं। अतः आरोपी नितिन गोयल 12.07.2022, 21.07.2022, 28.07.2022, 01.08.2022, 03.08.2022 से पहले थाना सेक्टर 31 या आर्थिक अपराध शाखा या अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश माननीय नरेन्द्र सुरा की अदालत में हाजिर हो।

**सुनील जिन्दल पुत्र गिर्राज जिन्दल निवासी मकान नं0 538 सेक्टर 14 फरीदाबाद हाल मकान नं0 1203ए, टावर सी.3, परल हईटस एस.आर.एस सिटी सेक्टर. 87 फरीदाबाद, आदालत मे हाजिर हो**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुनील जिन्दल पुत्र गिर्राज जिन्दल निवासी मकान नं0 538 सेक्टर 14 फरीदाबाद हाल मकान नं0 1203ए, टावर सी.3, परल हईटस एस.आर.एस सिटी सेक्टर. 87 फरीदाबाद के खिलाफ 420, 406, 120 आईपीसी एवं 3 एचपीआईडीएफ एक्ट 2013 के तहत थाना सेक्टर 31 में मुकदमा नंबर 117/18, 214/,18, 215/18, 217/18, 542/18, 273/18, 260/18, 115/18, 216/18, 51/19, 542/18, 205/18, 206/18 दर्ज है। उपरोक्त मुकदमा माननीय नरेंद्र सुरा अतिरिक्त सत्र न्यायालय में विचाराधीन है। आरोपी सुनील जिन्दल के खिलाफ कई बार गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुका हैं लेकिन आरोपी गिरफ्तारी से बच रहा है। आरोपी की संपत्ति कुर्क की जानी है, आरोपी के खिलाफ 82, 83 सीआरपीसी की कार्यवाही से पहले अदालत में हाजिर होने के आदेश पारित हुए हैं। अतः आरोपी जितेन्द्र कुमार गर्ग उर्फ जे.के. गर्ग 12.07.2022, 21.07.2022, 28.07.2022, 01.08.2022, 03.08.2022 से पहले थाना सेक्टर 31 या आर्थिक अपराध शाखा या अति. रिक्त सत्र न्यायाधीश माननीय नरेन्द्र सुरा की अदालत में हाजिर हो।

# एथलेटिक्स हरियाणा ने कजाकिस्तान में लहराया परचम

## छह पदक जीतकर हरियाणा का नाम किया रोशन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एथलेटिक्स** हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 25 जून से 26 जून तक अल्माटी (कजाकिस्तान) में आयोजित एथलेटिक्स कोंटिनेंनटल टूर में 13 स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक सहित कुल 21 पदक जीतकर भारत देश का नाम रोशन किया।

इस टूर में एथलेटिक्स हरियाणा के एथलीट खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक सहित कुल छह पदक जीतकर हरियाणा राज्य को दिए। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि 400 मीटर दौड़ में किरण पहल रोहतक ने 52 सेकेंड 54 माइक्रोन का सयय देकर स्वर्ण पदक विजेता बन एथलेटिक्स हरियाणा का नाम विश्व में रोशन किया। 800 मीटर दौड़ में कृष्ण कुमार भिवानी ने एक मिनट 49 सेकेंड 80 माइक्रोन का समय देकर स्वर्ण पदक जीता और हरियाणा राज्य का झंडा विश्व पटल पर फहराया। शिल्पा रानी जींद ने जेवेलिन थ्रो इवेंट में 56 मीटर 16 मीटर की थ्रो कर रजत पदक जीता। अनु रानी ने स्वर्ण पदक और संजना चौधरी ने कांस्य पदक जीता। जेवेलिन थ्रो इवेंट के महिला वर्ग के तीनों पदक भारतीय खिलाड़ियों ने जीते। सुम्मी हिसार ने 400 मीटर दौड़ में 53 सेकेंड 70 माइक्रोन का समय दिया और कांस्य पदक जीता।

राजकुमार मिटान ने कहा कि मनप्रीत कौर अम्बाला ने शाट पुट इवेंट में 14 मीटर 24 सैंटीमीटर की थ्रो कर कांस्य पदक जीता। इसी इवेंट की भारत की खिलाड़ी आभा खतुआ ने 16 मीटर 71 सैंटीमीटर की थ्रो कर स्वर्ण पदक जीता। डिस्कस थ्रो इवेंट में कृपाल सिंह ने 59 मीटर 22 सैंटीमीटर की थ्रो कर स्वर्ण पदक जीता। महिला वर्ग में नवजीत कौर ढिल्लों ने 56 मीटर 24 सैंटीमीटर की दूरी के साथ स्वर्ण पदक जीता। हैमर थ्रो महिला वर्ग में सरिता रोमित ने 62 मीटर 48 सैंटीमीटर की थ्रो कर स्वर्ण पदक जीता। शाट पुट इवेंट में करणवीर सिंह 19 मीटर 47 सैंटीमीटर की थ्रो कर स्वर्ण पदक विजेता बना। लांग जंप महिला वर्ग में ऐंसी जोशन ने 6 मीटर 44 सैंटीमीटर की जंप लगाकर स्वर्ण पदक जीता। 200 मीटर दौड़ महिला वर्ग में धनलक्ष्मी सेकर ने 22 सेकेंड 89 माइक्रोन का समय दिया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दुतीचंद ने 23 सेकेंड 60 माइक्रोन के समय के साथ कांस्य पदक जीता। ट्रिपल जंप पुरुष वर्ग में एलडोस पाल ने 16 मीटर 55 सैंटीमीटर की छलांग लगाकर रजत पदक जीता। 400 मीटर हर्डल पुरुष वर्ग में संतोष कुमार तमिलरासन ने 49 सेकेंड 97 माइक्रोन के साथ रजत पदक और महिला वर्ग में वित्या रामराज ने 56 सेकेंड 87 माइक्रोन का समय दिया और स्वर्ण पदक विजेता बनी। 400 मीटर दौड़ में मोहम्मद अनस याहिया ने 46 सेकेंड 27 माइक्रोन का समय देकर रजत पदक जीता। 1500 मीटर दौड़ में चंदा ने 4 मिनट 24 सेकेंड 44 माइक्रोन का समय दिया और स्वर्ण पदक भारत देश को दिया। मिक्स रिले में भारत देश के एथलीट खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीता।



400 मीटर दौड़ की स्वर्ण पदक विजेता किरण पहल।

---

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**मोहब्बत के तराने आज कोई गाए तो कैसे**
**किसी को भी वफ़ा की राह वो दिखलाए तो कैसे**
**बड़ा सबसे कोई है धर्म तो इंसानियत ही है**
**मगर ये बात इंसा की समझ में आए तो कैसे**

# स्मार्ट या नर्क सिटी : शहर भर में लगे रहते हैं कूड़े के ढेर

## ईकोग्रीन नहीं उठाती गलियों में पड़ा कूड़ा निगम कर्मी भी करते हैं आनाकानी

कविता। फरीदाबाद

**स्मार्ट** सिटी फरीदाबाद को जहां एक तरफ स्वच्छता के मामले में कई बार अच्छी रैंकिंग भी मिली है। लेकिन इसकी जमीनी हकीकत कुछ और ही है। शहर में जगह-जगह घरों के निकट कूड़े के ढेर लगे रहते हैं, लेकिन जब तक इस ढेर को उठा कर ईकोग्रीन की गाड़ियों में न डाला जाए। तब तक ईकोग्रीन की गाड़ियां उसे नहीं उठाती।

वहीं नगर निगम ने भी सफाई व्यवस्था को कायम रखने के उद्देश्य से सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगा रखी है, लेकिन कुछ कर्मी किसी के घर से कूड़ा ले जाने का प्रतिमाह चार्ज अलग से वसूलते हैं। अगर किसी ने गली में पड़ा कूड़ा उठाने का निवेदन कर कर्मचारियों से कर दिया तो उस व्यक्ति की जेब नगर निगम कर्मी ढीली करवा देते हैं। सड़क से कूड़ा उठवाने के लिए कम से कम 50 से दौ सौ रुपये तक देने पड़ जाते हैं। जिस कारण शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लग रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान की बेशक हर तरफ तारीफ हो रही है, लेकिन इसे पूरी तरह अमलीजामा पहनाने के लिए जिम्मेदार सरकारी महकमों का बुरा हाल है। आलम यह है कि जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर स्मार्ट सिटी की सूरत बिगाड़ रहे हैं। इसमें स्लम बस्ती ही नहीं बल्कि नेशनल हाईवे जैसे महत्वपूर्ण स्थानों के साथ-साथ गलियों के नुक्कड़, चौराहे और घरों के सामने फैली गंदगी से अछूते नहीं हैं। सूत्रों की मानें तो रोजाना शहर में जगह-जगह एकत्रित होने वाले कूड़े के ढेर से सम्बंधित करीब सौ शिकायतें नगर निगम में पहुंचती हैं। लेकिन इनमें से मात्र 30 से 40 प्रतिशत ही शिकायतों का निपटारा किया जाता है। बाकी शिकातें लंबित ही रह जाती हैं। अधिकांश शिकातयें कूड़े के लगे ढेर को लेकर होती हैं। सफाई कर्मचारियों के पास पर्याप्त संसाधन नहीं होने की वजह से भी सफाई में दिक्कत आती हैं। इसके लिए सफाई कर्मचारी समय-समय पर धरना प्रदर्शन भी करते रहते हैं, लेकिन समस्या का समाधान आज तक नहीं हो पाया। इस बीच शहर के आम लोग पिसने को मजबूर हो रहे हैं। यहीं हालत रही तो शहर में गंदगी की वजह से इस गर्मी के मौसम में बीमारियां भी फैल सकती है।



हार्डवेयर चौक के दुर्गावाड़ी मंदिर के पीछे वाली सड़क किनारे पड़ा कचरा।

## हर घर तिरंगा अभियान 11 से 17 अगस्त तक : उपायुक्त

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में सरकार ने हर राज्य में 11 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने बताया कि सरकार की हिदायतों के अनुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए के विकास एवं पंचायत विभाग को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। पोस्ट ऑफिस, पंचायत, डिजिटल सेवाएँ केंद्र के साथ-साथ आंगनवाडी केंद्र, वृद्धआश्रम और सरकारी स्कूल के माध्यम से भी तिरंगे वितरित करवाए जाएंगे।

# गोवर्धन से आत्मनिर्भर भारत बनाने की संभावनाएं बढ़ रही हैं : पुरुषोत्तम रुपाला

## केंद्रीय मंत्री रुपाला ने सूखे गोबर से लट्ठे बनाने वाली मशीन का किया लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** सरकार के मत्स्य एवं पशुपालन व डेयरी विभाग के कैबिनेट मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने कहा कि महानगरों की आधुनिकता से भरी असंतुलित जीवन शैली को यदि पटरी पर लाना है, तो हमें प्रत्येक महानगर के बाहरी इलाके में काऊ हॉस्टल की स्थापना करनी होगी।

केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला मंगलवार को फरीदाबाद के सेक्टर-8 स्थित सर्वोदय हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गो पालन के विषय पर बल देते हुए कहा कि हमें इसके लिए पुराने तरीकों को छोड़कर वैज्ञानिक पद्धति अपनाने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने कहा कि गोवर्धन से आत्मनिर्भर बना भारत बनाने की संभावनाएं बढ़ रही हैं। गाय के दूध और गोबर के महत्व को जानने की कोशिश करें। यदि शरीर में इम्यूनिटी पावर बढ़ानी है तो गाय के दूध भी और गोमूत्र का प्रयोग करें। उन्होंने अहमदाबाद की बंशीधर गोशाला का जिक्र करते हुए कहा कि वहां पर 200 रुपये किलो गाय का दूध मिलता है और 4000 रुपये किलो गाय का घी बिकता है। केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने कहा कि ब्राजील की अर्थव्यवस्था गाय पर आधारित है। वहां गाय को जेबू कहते हैं। हमारी गिर नस्ल की गाय को वहां सर्वोपरि गाय माना गया है। ऋषि मुनियों की जानकारी के अनुसार भारत पहले गो अर्थव्यवस्था पर निर्भर था। गायें आज जमीनी स्तर पर दुनिया के अर्थ तंत्र का केंद्र बिंदु बनने जा रही है।

केंद्रीय मंत्री रुपाला ने कहा कि अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना है तो जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ानी होगी और पोषण की दृष्टि से संतुलित जीवनशैली अपनानी होगी। इन सभी आयामों की प्राप्ति का गाय ही एकमात्र साधन है। उन्होंने कहा कि भारत अब अपनी वास्तविक प्रकृति में लौट रहा है और दुनिया उसके सामने नतमस्तक हो रही है। केंद्रीय मंत्री रुपाला ने योग का उदाहरण देते हुए कहाकि पूरे विश्व में जिस तरह से योग को सम्मान मिला है, वैसे ही दुनिया गो विद्या को भी उतने ही सम्मान से देखेगी। केन्द्रीय मत्स्य एवं पशुपालन व डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने नीमका गोशाला में जाकर गोशाला कार्यविधि का जायजा भी लिया। आईआईटी के छात्र आशीष ने केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला को सूखे गोबर से लट्ठे (लॉग) बनाने वाली एक गो काष्ठ मशीन सौंपी। इसका मकसद भारत में दाह संस्कार की हिंदू प्रथा के तहत लकड़ियों के स्थान पर गाय के गोबर से बनी लकड़ियों का इस्तेमाल करना है जो जलने पर ज्यादा उत्सर्जन नहीं करती हैं। गोधन महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक विजय खुराना ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में 19500 गोशाला है, जबकि इनकी संख्या 10 वर्ष पहले 9500 थी। सर्वोदय अस्पताल की एमडी अंशुल गुप्ता ने अस्पताल प्रशासन कीओर से आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया।



सेक्टर 8 स्थित सर्वोदय अस्पताल के सभागार में कार्यक्रम का दीप जला कर शुभारंभ करते केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला।

## बुजुर्ग दंपति के घर में लूटपाट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**क्राइम** ब्रांच सेक्टर 30 प्रभारी रविंद्र सिंह की टीम ने लूटपाट की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अभी दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी बकाया है जिन्हें पुलिस द्वारा जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपियों में ताराचंद उर्फ कर्ण तथा सुमित का नाम शामिल है। आरोपी ताराचंद यूपी के मथुरा का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद के नाचोली गांव में रह रहा था वहीं आरोपी सुमित उत्तर प्रदेश के गोपालपुर का निवासी है और फिलहाल फरीदाबाद में मेवला महाराजपुर की अंकित कॉलोनी में रह रहा था। आरोपियों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर 21 जून को एक 70 वर्षीय बुजुर्ग दंपति के घर में लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। पीड़ित अश्वनी कुमार ने बताया था कि वह सेक्टर 19 के निवासी हैं और एस्कॉर्ट कंपनी से रिटायर हैं और घर पर ही रहते हैं। उनका लड़का दुबई में रहता है तथा लड़की की शादी हो चुकी है। वह अपनी पत्नी के साथ मकान में रहते हैं। 21 जून को अश्विनी कुमार की पत्नी दोपहर करीब 12 बजे बाजार में चली गई थी। करीब आधे घंटे बाद उनके मकान में दो नकाबपोश युवक घुसे। पिस्टल दिखाकर उन्होंने घर से डेढ़ लाख नकदी, एक सोने की चेन, दो मोबाइल फोन, पासपोर्ट, वीजा, पैन कार्ड तथा मेडिकल कागजात लूट कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। क्राइम ब्रांच की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी ताराचंद को मोटरसाइकिल पर देसी कट्टे सहित भूपानी मोड से काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उन्होंने ही बुजुर्ग दंपति के घर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी को अदालत में पेश करके चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। जिसमें पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह प्लंबर का काम करता है और कुछ दिन पहले ही वह बुजुर्ग के मकान में काम करके आया था।



लुटपाट करने के आरोप में गिरफ्तार युवक तारा चंद और सुमित।

## संक्षिप्त समाचार

### मंदिर का 15वां वार्षिक स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न



**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद स्थित गुरू गोरखनाथ मंदिर के 15वें वार्षिक स्थापना दिवस के अवसर पर हवन, व भण्डारे का आयोजन किया गया। मंदिर के अध्यक्ष योगी रामेश्वर नाथ ने अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय सेवा संगठन के राष्ट्रीय तेजपाल योगी, राष्ट्रीय महासचिव रामनिवास राठी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नत्थोराम करहाना का शॉल ओढ़ाकर एवं गुरु गोरखनाथ की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया। गुरु गोरखनाथ मंदिर में आगमन अवसर पर अखिल भारतवर्षीय नाथ समाज युवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेर सिंह योगी, रोहताश योगी, संगीता, राजकुमार, आरएन सिंह, राजकुमार सराय, राकेश दत्त, डॉ. गोविन्दराम, संजय बागपत, अनिल मास्टर, बागपत, रामवीर नम्बरदार पलवली, जसपाल पलवली, रमेश, चुन्नीलाल, भूदेव सौंध, बालकिशन योगी आदि उपस्थित थे।

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



जैन कान्वेंट स्कूल डबुआ कॉलोनी में आयोजित शिविर में नेत्र जांच कराते लोग।

**फरीदाबाद।** डबुआ कॉलोनी में स्थित जैन कॉन्वेंट स्कूल में केवल प्रेम आंखो का अस्पताल द्वारा नि:शुल्क आंखों का चेकअप कैंप लगाया गया। यह कैंप मानव जन हित एकता परिषद के तत्वाधान में सीए अजीत पटवा व युवा नेता सचिन तंवर के सहयोग से लगाया गया। कैंप में व्यवस्था देखने में यूथ यूनाइटेड वेलफेयर एसोसिएशन डबुआ कॉलोनी ने सहयोग किया। केवल प्रेम आंखों के अस्पताल के अध्यक्ष अजीत पटवा ने बताया कि इस कैंप में लगभग 237 लोगों ने आंखों की नि:शुल्क जांच कराई, लगभग 200 लोगों को मुफ्त दवाई, 142 लोगों को नि:शुल्क चश्मे और 22 लोगों को मुफ्त मोतिया बिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। सचिन तंवर ने बताया कि डबुआ कॉलोनी में काफी लोगों ऐसे रहते हैं जो समय व पैसे के अभाव में अपनी आंखें चेक नहीं करवा पाते, इस तरह के कैंप लगने से वे अपने आंखों के समस्याओं के प्रति जागरूक होते हैं और बड़ी समस्या होने से पहले उसका निदान कर सकते हैं। स्कूल के चेयरमैन अमित जैन एडवोकेट ने केवल प्रेम आंखों के अस्पताल के अध्यक्ष सीए अजीत पटवा व उनकी टीम तथा सचिन तंवर का धन्यवाद दिया। इसके अलावा उन्होंने सभी आए हुए अतिथियों का बुके व स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। इस शिविर में मुख्य रूप से पूर्व विधायक नागेंद्र भड़ाना, निर्वतमान पार्षद मनवीर भड़ाना, इंद्र जीत सिंह नवादा, नंदू, नवप्रयास सेवा के अध्यक्ष सुनील यादव, समाज सेवी जगजीत कौर पन्नू, संजीव कुशवाहा, बाबा राम केवल, अवधी समाज से प्रदीप गुप्ता, पुरुष आयोग से नरेश मेंहदीरता, उगती किरण से मोनिका, समाजसेवी डालचंद सारन व उनकी टीम यूथ यूनाइटेड वेलफेयर एसोसिएशन से पंकज चौहान, ललित भड़ाना, हरीश रावत, अमित गर्ग, आकाश त्यागी आदि थे।

### पृथला के विकास में नहीं छोड़ेंगे कोई कसर : रावत



पन्हेड़ा कलां के सरकारी स्कूल को अपग्रेड करवाने पर ग्रामीणा विधायक नयनपाल रावत का आभार व्यक्त करते हुए।

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ उपमंडल के गांव पन्हेड़ा कलां के सरकारी स्कूल को मिडिल क्लास तक कराने के लिए गांव की सरदारी ने हरियाणा भंडारण निगम के चेयरमैन एवं विधायक नयनपाल रावत का आभार जताया। चंदावली स्थित कार्यालय पर पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि विधायक ने सरकारी स्कूल को मिडिल तक कराकर गांव के छात्र-छात्राओं को आगे पढ़ने का रास्ता साफ कर दिया है क्योंकि इससे पहले पढ़ने के लिए छात्र-छात्राओं को दूसरे गांवों के स्कूलों में जाना पड़ता था, लेकिन अब उन्हें अपने ही गांव में उच्च शिक्षा हासिल हो सकेगी। मौके पर विधायक नयनपाल रावत ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों की सेवा करना उनका दायित्व है और क्षेत्र की जनता से जो विकास के वायदे उन्होंने चुनावों में किए थे, अब उन वायदों को धीरे-धीरे पूरा किया जा रहा है। कोरोना महामारी के चलते दो सालों तक विकास का जो पहिया धीमा पड़ गया था, अब पुन: तेजी से चल निकाला है और पूरे क्षेत्र में समान विकास कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से आने वालों समय में पृथला विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में अव्वल क्षेत्र बनकर उभरेगा और शिक्षाएं चिकित्सा एवं मूलभूत सुविधाओं सहित रोजगार के मामले में भी इस क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ी जाएगी।

### इनामी बदमाशों समेत 945 फरार आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस ने वर्ष 2022 में अब तक इनामी बदमाश, पीओ और बेल जंपर सहित 945 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने फरार चल रहे अपराधियों की धरपकड़ के निर्देश दिए थे जिसके तहत फरीदाबाद की सभी क्राइम ब्रांच, थाना पुलिस तथा पीओ स्टाफ ने बेहतरीन कार्य करते हुए इन जनवरी 2022 से अब तक 945 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए इन 945 अपराधियों में 412 पीओ, 512 बेल जंपर और 21 मोस्ट वांटेड शामिल हैं। इन 21 मोस्ट वांटेड की लिस्ट में 50 हजार के 2 इनामी बदमाश सज्जन उर्फ गोलू व विकास उर्फ म्हाले, 25 हजार के 3 इनामी बदमाश नितिन, विशाल व शोएब और 10 हजार के छह इनामी बदमाश कुमोद, कोशिंदर, दिनेश, नरेश, सुकेश व नफीस उर्फ कपला तथा 5 हजार के 10 इनामी बदमाश मनोज उर्फ जीरो, प्रीतम, निशु, मंटू, विकास, बबलू, अशोक, अजय, यादराम तथा राकेश का नाम शामिल है। क्राइम ब्रांच 30 ने अपराधियों को पकड़ने में सबसे बेहतरीन कार्य करते हुए नौ इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा सेक्टर 17 ने 7, डीएलएफ ने 2, सेंट्रल, बॉर्डर तथा पीओ स्टाफ ने एक-एक मोस्टवांटेड को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस अपराधियों की धरपकड़ के लिए लगातार प्रयास करती रही है और आगे भी इसी प्रकार अपराधियों पर शिकंजा कसकर अपराधों पर नकेल कसती रहेगी। उन्होंने कहा कि अपराधियों की धरपकड़ में आमजन का अहम योगदान रहता है।

## पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों के स्किल डेवलमेंट पर भी ध्यान दें



सेक्टर 12 में आयोजित बैठक में भाग लेते टीचर।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**राष्ट्रीय** शिक्षा नीति 2020 की अनुपालना में उपायुक्त जितेंद्र यादव की अध्यक्षता में योजना से संबंधित एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि शिक्षा अधिकारी आत्मप्रेरित रहें और सभी प्राचार्यों को भी समय-समय पर प्रेरित करें।

सभी स्कूलों के प्रिंसिपल भी अपनी योग्यता अनुसार सब्जेक्ट का चयन करके बच्चों के रोजाना दो पीरियड अवश्य ले। उन्होंने सभी टीचरों को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूल खुलने से पहले सभी कक्षाओं की छतों और पानी की टंकियों की सफाई अवश्य कराएं। अगर किसी स्कूल की चारदीवारी टूटी हुई हो, स्कूल में बारिश के समय पानी भरता हो, स्कूल आने जाने का रास्ता खराब हो तो ऐसे स्कूलों की सूची बनाकर हमें दे ताकि समय रहते सब ठीक किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल लिस्ट बनाकर टीचरों का हेल्थ डाटा बनाएं। सभी शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारी शारीरिक फिटनेस पर विशेष ध्यान दें।

## लड़ाई झगड़े में घायल युवक की मौत, हत्या का केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**26 जून** की रात पुलिस चौकी एनआईटी 3 एरिया में लड़ाई झगडा हुआ था जिसमें आरोपियों ने मिलकर एक युवक पर किसी रंजिश के चलते लाठी-डंडों से हमला किया था, जिसमें पीड़ित को काफी चोटें आई थी, पीड़ित युवक सफदरजंग हॉस्पिटल में एडमिट था जिसकी आज मृत्यु हो गई। लड़ाई झगड़े के मुकदमे में हत्या की धाराएं ऐड की गई है युवक की मृत्यु के मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही है, जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि मृतक दीपक की उम्र करीब 35 वर्ष है। दीपक का किसी बात को लेकर अपने पड़ोसियों से काफी समय से झगड़ा चल रहा था। जिसके चलते इनकी आपस में रंजिश हो गई थी। इसी रंजिश के चलते 26 जून की रात दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। जिसमें लाठी डंडों की चोट के कारण दीपक की हालत गंभीर हो गई। दीपक को इलाज के लिए बीके अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे वेदांता हॉस्पिटल और बाद में सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और वहां मौका मुलायजा किया गया। कल पीड़ित पक्ष की तरफ से पुलिस में शिकायत दी गई। जिसके आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू की गई।



आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश देने गई पुलिस टीम।

## नशे के लिए करते थे चोरी, गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंद्र सिंह की टीम ने नशे की आपूर्ति के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में 21 वर्षीय साहिल तथा 25 वर्षीय चांद का नाम शामिल है। आरोपी साहिल फरीदाबाद के एसजीएम नगर तथा चांद जमाई कॉलोनी का निवासी है। 14 जून को पुलिस थाना सेक्टर 58 में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपियों ने कैल गांव के सामुदायिक भवन में पानी के लिए लगाई गई समर्सिबल मोटर, 80 फुट प्लास्टिक पाइप तथा 80 फुट बिजली की तार चोरी कर ली।

# स्वास्थ्य कर्मचारियों की दूसरे दिन भी हड़ताल जारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**दूसरे** दिन नागरिक अस्पताल (बीके अस्पताल) फरीदाबाद के प्रांगण में एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारियों ने हड़ताल कर विरोध प्रदर्शन जारी रहा, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र देशवाल ने कहा हरियाणा सरकार पुन: सेवा नियम लागू कर सभी एनएचएम कर्मचारियों को जल्द से जल्द पक्का किया जाए स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ ने सरकार द्वारा 2018 में एनएचएम कर्मचारियों को दिये गये सेवा नियम को वापस लेने के विरोध में एवं सातवां वेतन सहित अन्य लंबित पड़ी मांगों को पूरा कराने के लिये तीन दिवसीय हड़ताल पर हैं।

बीके अस्पताल परिसर में हड़ताल के दूसरे दिन जारी धरना दे रहे स्वास्थ्य कर्मचारियों की अध्यक्षता स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र देशवाल ने की। मंच संचालन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष दीपक कुमारने किया। दूसरे दिन भी सभी सम्मानित साथियों ने बढ़-चढ़कर हड़ताल में हिस्सा लिया। कई संगठनों ने स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा की जायज मांगों को सही ठहराते हुए समर्थन दिया।

भारतीय मजदूर संघ जिला फरीदाबाद के महामंत्री नीरज त्यागी, हरियाणा टूरिज्म संघ प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल आर्य, नगर निगम फरीदाबाद के महामंत्री मटरू लाल, पुष्कर, संदीप जैन, मीनू जैन, दीपक गोयल, सतपाल सिंह, बिजेंद्र सिंह, प्रीति यादव, रेखा, मुकेश मंगला, पूनम, सतवीर, प्रोमिला हरियाणा सरकार द्वारा कर्मचारी विरोधी रवैए को अवगत करा कर संबोधित किया। सभी ने अपने हक अधिकार हितों की रक्षा के लिए आवाज बुलंद की और एनएचएम के कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार सेवा नियम निरस्त को वापस नहीं लिया तो स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा जिला फरीदाबाद संबंधित भारतीय मजदूर संघ हरियाणा इस आंदोलन को और तेज कर पूरे हरियाणा प्रदेश की सारी स्वास्थ्य सुविधाओं को बाधित कर देगा। जिसका जिम्मेदार शासन प्रशासन और हरियाणा सरकार होगी। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ हरियाणा मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार से आग्रह करता है कि हरियाणा सरकार तुरंत एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारियों के सेवा नियम लागू कर लंबित विभिन्न प्रकार की मांगों का हरियाणा प्रमुखता से जल्द से जल्द समाधान करें।



बीके अस्पताल के परिसर में हड़ताल के दूसरे दिन धरना दे रहे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेता।

## रविंद्र फागना ने नौ विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी सोहना में प्रैक्टिस मैच खेला गया। यह मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी और सरस्वती क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने सरस्वती क्रिकेट अकादमी को नौ विकेट से हराया।

बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 50-50 ओवर का था और सरस्वती क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते ने का निर्णय लिया। सरस्वती क्रिकेट अकादमी टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने ओवर 34.2 में 10 विकेट पर 84 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए ओजीत ने 25 रन, सुजल ने 13 रन, ध्रुव ने 11 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी के लक्की करहाना ने पांच विकेट, समर भमला ने तीन विकेट, जितेंदर ने दो विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने 20.4 ओवर में एक विकेट पर 84 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए मनन यादव ने 35 रन, ध्रुव ने 26 रन बनाए। सरस्वती क्रिकेट अकादमी टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए एमडी कैफ ने एक विकेट ली। मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार लक्की करहाना को दिया गया।

# मीट एंड ग्रीट में छात्रों और शिक्षाविदों ने की शिरकत



अपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाईन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षाविद।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर-20बी** स्थित अपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाईन सेंटर (एटीडीसी) में आयोजित मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम में फरीदाबाद शहर के शिक्षाविदों ने शिरकत की। साथ ही साथ एटीडीसी के पूर्व छात्रों ने आकर बताया कि किस प्रकार एटीडीसी परिधान क्षेत्र के लिए भारत के सबसे बड़े गुणवत्ता वाले व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता के रूप में उभरा है।

सेमिनार में एटीडीसी के चेयरमैन विजय जिंदल, प्रधानाचार्य नीतू कपूर, शिक्षाविद विजयाश्री, सुरेश चंद्र, एमपीसिंह, आदि गणमान्य मौजूद रहे। एटीडीसी के Aluminis ने भी इंस्टिट्यूट के साथ अपना सुहाना सफर साझा किया। एटीडीसी परिधान उद्योग के लिए 30 वर्षों की शानदार सेवा प्रदान की। आगे भी इसी क्षेत्र में लोगों को स्किल बनाने के लिए प्रयासरत हैं। एटीडीसी परिधान क्षेत्र के लिए भारत के सबसे बड़े गुणवत्ता वाले व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता के रूप में उभरा है, जिसमें लगभग 100 से अधिक एटीडीसी केंद्र शामिल हैं। एटीडीसी अद्वितीय कौशल प्रशिक्षण संगठन सभी स्तर के पर्यवेक्षीऔर प्रबंधकीय स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की पेशकश करता है। एटीडीसी फैशन और परिधान के क्षेत्र में व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करता है। एटीडीसी द्वारा प्रदान किया जाने वाला पाठ्यक्रम उद्योग की आवश्यकता पर आधारित है इसलिए ये पाठ्यक्रम रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम हैं।

पायनियर
हरियाणा, बुधवार, 29 जून, 2022



# मेडिकल छात्रों को कौशल प्रशिक्षण देने को रोटरी क्लब में हेल्थ स्किल सेंटर शुरू

## सेंटर में प्रत्येक वर्ष श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के 90 फ्लोबोटोमिस्ट व 30 लैब टेक्नीशियन को दिया जाएगा प्रशिक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के कादीपुर स्थित रोटरी क्लब ब्लड बैंक में हेल्थ स्किल केंद्र का शुभारंभ करते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**कादीपुर** स्थित रोटरी क्लब के ब्लड बैंक में हेल्थ स्किल केंद्र मंगलवार से शुरू हो गया है। इसका विधिवत उद्घाटन उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने किया। स्किल केंद्र में प्रत्येक वर्ष श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में फ्लोबोटोमिस्ट व टेक्नीशियन का कोर्स कर रहे 120 छात्रों को स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित तकनीकी कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस अवसर पर अपने संबोधन में उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने क्लब के पदाधिकारियों व प्रशिक्षण प्राप्त करने आए छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के लिए रोटरी क्लब का कार्य सराहनीय है। जिसके लिए रोटरी क्लब के पदाधिकारी व सदस्य बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा ब्लड बैंक के माध्यम से किया जा रहा सेवा कार्य निश्चित रूप से उत्कृष्ट सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण है।

उपायुक्त ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान कर उनके भागीदार बने, जिससे क्लब द्वारा जरूरतमंदों को दी जा रही सेवाओं को बरकरार रखा जा सके। डीसी श्री यादव ने इस दौरान हेल्थ स्किल सेंटर में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्य को भी देखा, वहीं ब्लड बैंक में दी जा रही सुविधाओं जैसे डायलिसिस केंद्र, थैलेसीमिया केंद्र, ब्लड डोनेशन केंद्र सहित क्लब में ब्लड सेंपल्स व प्लाज्मा सेंपल्स को संरक्षित करने के लिए बनाई गई लैब का भी निरीक्षण किया। कार्यक्रम में क्लब के प्रेजिडेंट मुकेश शर्मा ने उपायुक्त को बताया कि क्लब में स्थापित हेल्थ स्किल सेंटर में प्रत्येक वर्ष श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के फ्लेबोटोमिस्ट के 90 व लैब तकनीशियन के 30 विद्यार्थियों को ऑन जॉब ट्रैनिंग प्रक्रिया के तहत कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। ताकि यूनिवर्सिटी में कोर्स की अवधि पूर्ण होने पर वे सीधे किसी भी संस्थान में रोजगार प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि क्लब के ब्लड बैंक से प्रतिदिन करीब 40 से 50 लोगों को ब्लड उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं कोरोना काल में क्लब द्वारा जरूरतमंदों को करीब 2400 प्लाज्मा यूनिट्स उपलब्ध कराए गए थे।

इस दौरान असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन रविन्द्र जैन ने डीसी को क्लब द्वारा समाजहित में किए गए कार्यों से अवगत कराया व उनसे कहा कि भविष्य में क्लब के विस्तार के लिए नए भवन की आवश्यकता है। अगर संभव हो तो जिला प्रशासन किसी स्कूल अथवा कॉलेज में कुछ कमरे क्लब को उपलब्ध करवा दें, उसका जीर्णोद्धार क्लब स्वयं करा लेगा। उपायुक्त ने रविंद्र जैन व क लब के सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे इस विषय में शिक्षा विभाग के अधिकारियों से बात कर जल्द ही कोई सार्थक निर्णय लेंगे।

# ऑटो मार्केट की होगी सफाई, गोशाला के पास गंदगी में नहीं होगी आगजनी


गुरुग्राम में ऑटो मार्केट की सफाई व गोशाला के पास गंदगी में आगजनी को लेकर नगर निगम के मुख्य सफाई अधिकारी जयदीप को पत्र सौंपते भाजपा नेता।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**यहां** ऑटो माकेट में पड़ी गंदगी की सफाई और कामधेनू गोशाला के पास गंदगी में आग लगाने की शिकायतों को पर्यावरण संरक्षण विभाग हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने इस बाबत नगर निगम के मुख्य सफाई अधिकारी जयदीप से मुलाकात करके इन दोनों स्थानों पर व्यवस्था बनाने की मांग की। इस दौरान समाजसेवी संदीप शर्मा भी मौजूद रहे।

नवीन गोयल ने मुख्य सफाई अधिकारी जयदीप को जानकारी दी कि ऑटो मार्केट में लोगों द्वारा गंदगी डाल दी जाती है। ऑटो मार्केट के आसपास मनोहर नगर, बलदेव नगर, अमर कालोनी, फिरोज गांधी कालोनी आदि क्षेत्र हैं। गंदगी के कारण इन कालोनियों के लोगों को काफी परेशानी होती है। वहां पर गंदगी से बीमारियां भी पनप रही हैं। इससे पहले भी यहां सफाई करवाई गई थी।

इसके अलावा कामधेनू गोशाला के पास गंदगी में आग लगाने की घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए श्री गोयल ने कहा कि आग से कभी कोई बड़ी घटना भी घट सकती है। लोगों का जीवन खतरे में पड़ सकता है।

इसलिए वहां पर पड़ी गंदगी में आग लगाने से रोका जाए। मुख्य सफाई अधिकारी जयदीप से उन्होंने आग्रह किया है कि इन दोनों कार्यों को जल्द से जल्द कराएं, ताकि लोगों की परेशानी दूर हो सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि बिना देरी के ये काम पूरे होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### श्री आनंदपुर ट्रस्ट ने पहला डीआरएक्स कम्पास किया शुरू

**गुरुग्राम।** श्री आनंदपुर ट्रस्ट चैरिटेबल डायग्नोस्टिक सेंटर ने अपनी डायग्नोस्टिक क्षमताओं का विस्तार किया है। यह अपने डायग्नोस्टिक्स पोर्टफोलियो में केयर स्ट्रीम के डीआरएक्स कम्पास को शामिल करने वाला एनसीआर क्षेत्र का पहला डायग्नोस्टिक सेंटर बन गया है। कृष्णा नगर दिल्ली स्थित श्री आनंदपुर ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी ज्ञान आनंदजी ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया, जिसमें संस्थान के डॉक्टरों, तकनीशियनों और ट्रस्ट के अन्य सदस्यों ने भाग लिया। महर्षि विचार ज्ञान आनंदजी ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में पहली बार केयरस्ट्रीम के डीआरएक्स कम्पास को इंस्टॉल किया गया है, जिसमें अल्ट्रा हाई-फ्रीक्वेंसी जनरेटर, एंगुलर लॉन्ग लेंथ इमेजिंग, ऑटो सेंटरिंग और रिमोट कंट्रोल के माध्यम से निगरानी जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। नॉर्थ केयर स्ट्रीम इंडिया के क्षेत्रीय महाप्रबंधक नीरज श्रीवास्तव ने कहा कि मानवता की सेवा के अपने मिशन के साथ श्री आनंदपुर ट्रस्ट ने अपने केंद्र में अत्याधुनिक उपकरणों की मदद से परीक्षण करके मरीजों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है। केयरस्ट्रीम का डीआरएक्स-कम्पास एक नवीनतम तकनीकी समाधान है, जो अपने ग्राहकों को लगातार विकसित होने वाली तकनीक के साथ बेहतरीन प्रदर्शन की दिशा में आगे बढ़ाने तथा इस प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद करता है।

### एक जुलाई से गुरुग्राम-सोहना के बीच सफर होगा महंगा



**सोहना।** गुरुग्राम से सोहना के बीच सफर फिर से महंगा हो सकता है। एक जुलाई से एलीवेटेड मार्ग पर लगे घामडौज टोल के दो गुणा होने जा रहे हैं। जिससे किराये में भी बढ़ोतरी होना लगभग तय माना जा रहा है। एक जुलाई से गुरुग्राम-सोहना के बीच निर्माणाधीन एलीवेटेड मार्ग पूर्ण रूप से खोल दिया जाएगा। सोहना से गुरुग्राम के बीच 25 किलोमीटर दूरी का सफर मात्र 20 मिनट में पूरा होगा। वर्तमान समय में गुरुग्राम से सोहना का सफर 40 से 60 मिनट में पूरा होता है। यदि बादशाहपुर या सेक्टर 56 की बत्ती पर जाम लगता है तो 10 मिनट और अतिरिक्त समय लग जाता है। एक जुलाई से एलीवेटेड मार्ग पर लगने वाले टोल की कीमत दो गुणा हो जाएंगी। जिसकी घोषणा टोल एजेंसी पहले से की कर चुकी है। टोल दो गुणा होने से गुरुग्राम-सोहना के बीच किराये में बढ़ोतरी होने भी माना जा रहा है। जिससे आम लोगों के लिए सफर करना महंगा होगा। तीन माह पहले हरियाणा रोडवेज विभाग ने सोहना से गुरुग्राम के बीच किराया 25 से 30 रुपये कर दिया था। गुरुग्राम सिटी बस एजेंसी ने अपने किराये में 10 रुपये की बढ़ोतरी करते हुए 25 से 35 रुपये किया था। गुरुग्राम-सोहना के बीच दौड़ रही गुरुग्राम सिटी बस के स्थानीय अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि अभी तक एजेंसी ने किराया बढ़ोतरी पर विचार नहीं किया है। टोल बढ़ने पर विचार किया जाएगा। वहीं हरियाणा रोडवेज के स्थानीय अधिकारी एसएसए राजेन्द्र कुमार ने बताया कि रोडवेज इस बार किराया बढ़ाने के मूंड में नहीं है। रोडवेज गुरुग्राम-सोहना के बीच में अपना वहीं 30 रुपये किराया रखा है।

### हरियाहेड़ा के मुख्य रास्ते में जमा पानी की शिकायत एसडीएम से की



**सोहना।** ग्राम पंचायत हरियाहेड़ा के ग्रामीणों ने एसडीएम सोहना को मुख्य रास्ते में गंदा पानी जमा होने की शिकायत की। एसडीएम ने ग्रामीणों को जल्द से जल्द पानी निकासी का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। ग्राम पंचायत हरियाहेड़ा में क्रेसर जोन से जाने वाली मुख्य सड़क पर गांव के शुरुआत में घरों से निकलने वाला पानी एक से दो फुट गहरा जमा हो रहा है। जिससे ग्रामीणों को पैदल निकलने का रास्ता भी नहीं बच रहा है। स्थानीय निवासी राहुल का कहना है कि मुख्यरास्ते में जमा पानी की निकासी सही ढंग से नहीं हो रही है। पानी जमा होने से रास्ते में लगी फर्श उखड़ गई है। जिससे रास्ते में दलदल बनने के कारण वाहनों को भी निकालना आसान नहीं है। गांव के निवर्तमान सरपंच अब्दुल सत्तार का कहना है कि बरसात का मौसम शुरू होने जा रहा है। जिससे इस पानी जमा होने से ग्रामीणों को अलीपुर या सिरहोल की ढाणी होकर ग्रामीणों को सोहना जाना होगा। ये दोनों रास्ते लंबे होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी होगी। एसडीएम जितेंद्र गर्ग का कहना है कि जल्द ही जमा रास्ते में पानी की जांच कराई जाएगी। पानी की निकासी बरसात के मौसम से पहले ही समस्या का समाधान हो जाएगा।

### युवक ने परिजनों को डराने के इरादे से तीन हवाई फायर किए

**सोहना।** भोंडसी निवासी महिला ने पति पर घर के अंदर तीन बार हवाई फायर करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए लाइसेंस वाली बंदूक को कब्जे में ले लिया है। भोंडसी निवासी शोभा राघन ने पुलिस को बताया कि उसकि पति शराब पीने का आदी है। इसी कारण से वह अपने बेटे प्रशांत उसकी पत्नी दीप्ति और पौत्र सिद्धार्थ के साथ सोहना में रहती है। सोमवार की रात साढ़े 10 बजे वह अपने बेटे, पुत्रवधू और पौत्र के साथ भोंडसी घर पर पति मुनीश पाल को खाना खिलाने आई थी। जब वे सब घर पर बैठे हुए थे। उसी समय पति मुनीश पाल को गुस्सा आ गया। उसने अपनी लाइसेंसी बंदूक से उन्हें डराने के उद्देश्य से हवा में तीन बार फायर कर दिए। जिसकी पुत्रवधू दीप्ति ने पुलिस कंट्रोल को फोन पर शिकायत की। शोभा राघव ने पति का हथियार वाला लाइसेंस को तुरंत रद्द करने की मांग की है। भोंडसी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तलाशी के दौरान तीन खाली खोल बरामद कर लिए है। आरोपी की लाइसेंस वाली बंदूक को कब्जे में लेते हुए उसकी तलाशी ली गई। जिसमें तीन कारतूस भी बरामद हुए हैं। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने के साथ कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# गुरुग्राम विवि में कैंपस प्लेसमेंट में आठ विद्यार्थियों को मिली नौकरी

## रजत ग्रोवर और पिंकी को सबसे अधिक 4.56 लाख सालाना पैकेज मिला


गुरुग्राम विवि में कैंपस प्लेसमेंट में चयनित विद्यार्थी कुलपति व अन्य स्टाफ के साथ।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों के प्लेसमेंट के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट समन्वयक ने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में देश की प्रसिद्ध कंपनिया दा मारकोम एवेन्यू, यूकेंजी कंपनी, एसीएस प्राइवेट लिमिटेड, जुकोल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड विवि में विद्यार्थियों के चयन के लिए आयी। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विवि के एमबीए और एम.कॉम के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्लेसमेंट ड्राइव में छात्रों के चयन के लिए आए कंपनियों के अधिकारियों द्वारा छात्रों का साक्षात्कार लिया गया। विद्यार्थियों ने पूरे जोश, आत्मविश्वास के साथ अधिकारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए, परिणामस्वरूप विवि के 8 विद्यार्थियों का चयन किया गया, जिसमें से नेहा और प्रकाश गर्ग का यूकेंजी कंपनी में, पूजन रावत का दा मारकोम एवेन्यू में, रजत ग्रोवर और पिंकी का एसीएस प्राइवेट लिमिटेड में, गुंजन, रितिका, साक्षी राय का जुकोल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में चयन हुआ द्य सभी छात्रों को 2.4 लाख से 4.56 लाख सालाना पैकेज प्राप्त हुआ, सबसे अधिक रजत ग्रोवर और पिंकी को 4.56 सालाना पैकेज प्राप्त हुआ। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेने वाले विवि के छात्रों ने जीयू द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कदम बताया।

# एसजीटी यूनिवर्सिटी के छात्र व फैकल्टी सदस्यों ने ड्रग्स के खिलाफ ली शपथ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


बुढेड़ा स्थित एसजीटी यूनिवर्सिटी में नशे के खिलाफ शपथ लेते छात्र व फैकल्टी सदस्य।

**हरियाणा** पुलिस अकादमी, मधुबन में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा आयोजित एक वर्चुअल कार्यक्रम में एसजीटी विश्वविद्यालय के छात्रों एवं फैकल्टी के सदस्यों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने लोगों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई।

डीन फैकल्टी ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी से प्रोफेसर सुशील मानव, डीन स्टूडेंट वेलफेयर से डॉक्टर विजय शर्मा, एडिशनल डीन स्टूडेंट वेलफेयर से डॉक्टर रवि तोमर, विभिन्न छात्रावासों के वार्डन और विश्वविद्यालय के छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और नशे के खिलाफ शपथ ली। यह कार्यक्रम रविवार को इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग अब्यूज एंड इलिसिट ट्रैफिकिंग पर आयोजित किया गया था। शपथ लेने वाले सभी लोगो को ई-सर्टिफिकेट उपलब्ध कराए गए, जो की ब्यूरो द्वारा दिए गए लिंक से डाऊनलोड किए जा सकते हैं। हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए, जबकि हरियाणा मिशन टीम के अध्यक्ष कार्य योजना और हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल, डीजीपी पीके अग्रवाल और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो श्रीकांत जाधव इस अवसर पर उपस्थित थे।

# अंत्योदय योजना के तहत गुरुग्राम में 127 परिवारों को लाभ : एडीसी विश्राम कुमार मीणा

## सोहना में आयोजित मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का निरीक्षण करने पहुंचे एडीसी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना में आयोजित मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का निरीक्षण करते एडीसी विश्राम कुमार मीणा।

**एडीसी** विसराम मीना ने कहा कि परिवार उत्थान मेले में रोजगार उपलब्धी के लिए पहुंचे लाभार्थियों को 10 दिन में व्यवसाय के लिए ऋण दे दिया जाएगा। जिले में तीन फेश में लगे अंत्योदय मेले में 147 में से 127 को ऋण उपलब्ध करा दिए जा चुके हैं।

मंगलवार को स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में परिवार उत्थान मेला लगाया गया। जिसका उद्घाटन एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने किया। अंत्योदय मेले में 18 विभाग की 55 लाभ देने वाली योजनाएं हैं। जिनके लाभ से गरीब और बेसहारा परिवार अपना व्यवसाय चलाकर आर्थिक आय बढ़ा सकेंगे। मंगलवार को परिवार उत्थान मेले में 100 से अधिक ग्रामीण लाभ लेने के लिए पहुचे। यह मेला ग्रामीण परिवारों के लिए लगाया गया था। लेकिन गर्मी अधिक होने के कारण करीब 300 परिवार में से 90 परिवार अपना पंजीकृत कराने के लिए पहुंचे। गर्मी की छुट्टियों के कारण अधिक लोग नहीं पंहुचे। जबकि पंचायत विभाग में तैनात ग्राम सचिवों ने सभी 300 लाभार्थियों को घर-घर जाकर अंत्योदय मेले की जानकारी के लिए गए थे।

### 3 फेस में 127 को लाभ

**इससे** पहले तीन जिले में तीन फेश में लगे मेलों में 147 लाभार्थियों का पंजीकृत हुआ था। जिसमें से 127 लाभार्थी सरकार की 55 योजनाओं का लाभ मिल चुका है। आज आने वाले लाभार्थियों को दस दिन में योजनाओं से जोड़कर आर्थिक मदद दे दी जाएगी।

गुरुग्राम एडीसी विसराम मीना ने बताया कि गर्मी की छुट्टियां होने तथा गर्मी अधिक होने के कारण परिवार उत्थान मेले में लाभार्थी कम पहुंचे हैं, लेकिन जिस लाभार्थी का चंडीगढ़ से पंजीकरण हो चुका है। वह आज के बाद भी विकास सदन में जाकर योजनाओं का लाभ ले सकता है।

# सोहना विधायक संजय सिंह को गैंगस्टर के नाम से मिली धमकी

## विधायक के वाट्सअप पर भेजा गया धमकी भरा मैसेज

**गुरुग्राम।** मंगलवार को सोहना के विधायक संजय सिंह को मोबाइल फोन पर एक गैंगस्टर के नाम से धमकी भरा मैसेज आया। यह मैसेज उनके वाट्सअप पर आया। विधायक की ओर से तुंरत इस बारे में पुलिस को सूचना दी गई। विधायक को धमकी मिलने की सूचना पर पुलिस तंत्र भी तुरंत सक्रिय हो गया। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने मंगलवार को बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है।

इन दिनों गैंगस्टर के नाम से धमकी देकर वसूली करने या डराने-धमकाने के कई मामले आए हैं। कभी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई तो कभी किसी अन्य नाम से लोगों को धमकियां दी जा रही हैं। पुलिस ने एक मामले का तो पहले पटाक्षेप कर दिया था, जिसमें एक स्कूल का छात्र ही धमकी देने वाला निकला।

अब नया मामला सोहना के विधायक का हुआ है। उनके वाट्सअप नंबर पर मैसेज करके उन्हें धमकी दी गई है। सूचना पाते हुए पुलिस ने इस मामले की छानबीन शुरू कर दी। सूचना तंत्र के माध्यम से पता लगाया जा रहा है कि आखिर वह मैसेज किसने भेजा है। किसी गैंगस्टर का ही इसमें हाथ है या फिर कोई उनके नाम से ऐसी हरकत कर रहा है। इसकी पुलिस बारीकी से जांच की जा रही है।

पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन के मुतबिक इस धमकी के मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। हर पहलू से पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उन पर कार्रवाई की जाएगी।

# स्लैक हडल्स में साथ-साथ काम करने के नए तरीके प्रस्तुत हैं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## अपने डिजिटल मुख्यालय में साथ में काम करने का भविष्य अंगीकार करें

**पिछले** कुछ सालों में हुए अभूतपूर्व परिवर्तनों में ढलने के लिए पूरी दुनिया की कंपनियों ने डिजिटल समाधानों का रुख किया।

हम उस युग में रहकर नवसृजन कर रहे हैं, जहां डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर भौतिक मुख्यालयों की जगह ले चुका है। हम डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के बूते ही महामारी एवं अन्य वैश्विक परिवर्तनों के दौरान लचीलापन, उत्पादकता, और सहयोग बनाकर रख सके। अब अनेक आधुनिक कार्यस्थल केवल वर्चुअल या फिजिकल नहीं हैं, बल्कि वो इन दोनों का मिश्रण हैं, और नॉलेज के क्षेत्र में 66 प्रतिशत कार्यबल लचीली कार्य व्यवस्था में काम करता है। ऑफिस से प्रतिभाओं की पुन: भर्ती और प्रभावशाली एवं उत्पादक बनने की जरूरत के साथ निरंतर होते बदलाव में, स्लैक, सेल्सफोर्स के साथ गठबंधन में हमारे ग्राहकों को डिजिटल मुख्यालय प्रदान कर रहा है, जहां वो टीम, विभिन्न टाईम जोंस, फिजिकल जगहों और कंपनियों में हर किसी के साथ संपर्क में रह सकते हैं और सामंजस्य में रहते हुए चुस्तीपूर्वक काम कर सकते हैं। कार्य के भविष्य पर हमारी वार्षिक कॉन्फ्रेंस, स्लैक फ्रंटियर्स में हम स्लैक हडल्स के साथ एक नए कोवर्किंग स्पेस की घोषणा कर रहे हैं, ताकि डिजिटल मुख्यालय में लगातार वार्ताएं और कार्य के लाईव सत्र चल सकें। हम गॉवस्लैक भी पेश कर रहे हैं, जो सरकारी एजेंसियों के लिए एक सुरक्षित डिजिटल मुख्यालय है। हमारे ग्राहकों के लिए और क्या-क्या है, यह जानने के लिए पढ़ते रहिए।

नोहा देसाई वीस, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट, प्रोडक्ट, स्लैक ने कहा, कंपनियां लचीले काम की इस अनिश्चित दुनिया में आगे बढ़ रही हैं, ऐसे में स्लैक निरंतर इस विचार में लीन है कि डिजिटल मुख्यालय को कौन से नए टूल्स की जरूरत पड़ सकती है। हडल्स में नई कोवर्किंग क्षमताएं टीमों को सहयोग करने और स्लैक छोड़े बिना तेजी से निर्णय लेने या हमारे व्यस्त कैलेंडर में काम करने के प्रभावशाली तरीके प्रदान करती हैं। महामारी के शुरुआती दिनों में हमारे ग्राहकों ने हमें बताया कि उन्हें ऑफिस के कैफे और हॉलवे में होने वाली अनौपचारिक बातचीत फिर से शुरू करने के लिए डिजिटल-फर्स्ट तरीकों की जरूरत है। हमने उन्हें विस्तार से सुना और स्लैक हडल्स शुरू किया। इसका इस्तेमाल आसान व सरल होने के कारण हडल्स स्लैक के इतिहास में सबसे तेजी से अपनाया जाने वाला फीचर बन गया और इनट्युइट, वेफेयर, डेल, कीवा, और एक्सपीडिया समूह जैसी कंपनियों में हर सप्ताह लाखों लोग इसका इस्तेमाल करने लगे। हमारे ग्राहक हडल्स को पसंद करते हैं, जो 95 प्रतिशत कस्टमर सैटिस्फैक्शन रेटिंग प्रदान करता है।

कैट कूल्टर, सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर, इनट्युइट ने कहा, इनट्युइट में हम तीव्र और तदर्थ बातचीत के लिए हडल्स को पसंद करते हैं। हम नई कोवर्किंग क्षमताओं, खासकर एक साथ स्क्रीन शेयर करने की क्षमता के लिए बहुत उत्साहित हैं। मेरा मानना है कि हडल्स का यह नया अनुभव टीम के सहयोगी के साथ व्यक्तिगत रूप से काम करने का अनुभव प्रदान करता है।

# दलितों की श्मशान भूमि पर ही कर लिया कब्जा


श्मशान भूमि पर कब्जा करने की शिकायत लेकर मेयर से मिलने पहुंचे दलित समाज के लोग।

**गुरुग्राम।** श्री गुरु रविदास सभा जैकमपुरा (जाटव समाज), धानक समाज व वाल्मीकि समाज का प्रतिनिमण्डल मेयर मधु आजाद से मिला और दलित समाज की श्मशान भूमि पर कब्जा करने की शिकायत की। इस पर मेयर ने कहा कि दलित समाज की श्मशान भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा जमीन का कब्जामुक्त करवाकर समाज को सौंपा जाएगा।

प्रतिनिमण्डल ने मेयर को पत्र सौंपते हुए कहा कि हिदायतपुर छावनी यानि शक्ति पार्क में दलित समाज की शमशान भूमि पर कुछ व्यक्तियों ने अवैध रूप से कब्जा करके निर्माण कर लिया गया है। अवैध कब्जाधारकों को नगर निगम द्वारा नोटिस आदि भी दिए गए हैं तथा सुनवाई आदि की प्रक्रिया भी की गई। समाज के प्रतिनिमण्डल ने इन अवैध निर्माणों पर जल्द से जल्द काराई करने का अनुरोध किया। मेयर ने बताया की सन्दर्भ में उनके द्वारा अतिरिक्त उपायुक्त अमरदीप सिंह को जांच सौंपी गई है। वे स्वयं अधिकारियों के साथ जल्द ही विवादित भूमि का मौका मुआयना करेंगी।

# अमेजन.इन पर विशेष रूप से तैयार किए गए स्टोर के साथ मनाएं विश्व चॉकलेट दिवस

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




**अमेजन.इन** पर इस बार विश्व चॉकलेट दिवस के मौके पर विशेष रूप से चॉकलेट डे स्टोर को तैयार किया गया है। चॉकलेट डे के मौके पर अपने प्रियजनों के लिए चॉकलेट गिफ्ट खरीदें और इस बेहतरीन वक्त में उनके साथ जी भर कर जश्न मनाइए। कोको के मजेदार स्वाद की गहराई में उतरते हुए अमेजन.इन पर सात जुलाई तक फेरेरो रोचर, नेस्ले किटकैट, कैडबरी बॉर्नविले, हर्षीज, ड्यूक्स, एमकैफीन, ममाअर्थ, प्लम आदि जैसे शीर्ष ब्रांडों के चॉकलेट से बने उत्पादों की एक विस्तृत रेंज पर शानदार ऑफर और डील्स का लाभ उठाएं।

ग्राहक इन उत्पादों को अपने घर पर बैठकर आराम और सुरक्षा के साथ आईसीआईसीआई / एसबीआई क्रेडिट कार्ड पर 10 प्रतिशत के इंस्टेंट डिस्काउंट के साथ सात जुलाई 2022 तक क्रेडिट कार्ड पर अधिकतम 300 रुपये की छूट के साथ खरीदारी कर सकते हैं। अगर आप प्राइम मेंबर हैं और अमेजन फ्रेश पर चॉकलेट की खरीदारी कर रहे हैं, तो आप 199 रुपये से अधिक के सभी ऑर्डर पर मुफ्त डिलीवरी का मजा उठा सकते हैं। प्राइम को आपकी जिंदगी का हर एक दिन बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। जो ग्राहक अभी तक प्राइम में शामिल नहीं हुए हैं, वे 1,499 रुपये प्रति वर्ष, तीन महीने के लिए 459 रुपये या एक महीने के लिए 179 रुपये में at amazon.in/prime पर प्राइम मेंबरशिप प्राप्त कर सकते हैं।

यहां प्राइम मेंबर्स को प्राइम वीडियो पर अवॉर्ड विनिंग फिल्मों और टीवी शो तक अनलिमिटेड एक्सेस जैसे कई प्रमुख फायदे मिलते हैं। इसके साथ ही प्राइम म्यूजिक पर 70 मिलियन से अधिक गानों का अनलिमिटेड एक्सेस के साथ एड-फ्री म्यूजिक, प्राइम रीडिंग के साथ 1,000 से अधिक किताबों पत्रिकाओं और कॉमिक्स का एक फ्री रोटेशन भी मिलता है। इसके साथ ही गेमिंग विथ प्राइम के साथ मुफ्त इन-गेम कंटेंट और लाभ के अलावा नए प्रोडक्ट लॉन्च, डील्स का अर्ली एक्सेस, मुफ्त और तेज डिलीवरी का लाभ मिलता है। विश्व चॉकलेट दिवस का जश्न मनाने के लिए, हम बेहतरीन चॉकलेट ट्रीट और उत्पाद लेकर आए हैं। सभी ऑफर और डील्स इसमें भाग लेने वाले विक्रेताओं की ओर से दिए गए हैं।

# अब तावडू क्षेत्र के लोगों को नहीं रहेगी डिलीवरी की चिंता

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

### सीएचसी तावडू में जल्द शुरू होगी सिजेरियन ऑपरेशन की सुविधा

### तावडू क्षेत्र के 50-60 गांवों के ग्रामीण ले सकेंगे सुविधा का लाभ

**नूंह** जिले के तावडू उपमंडल के तकरीबन 50-60 गांव के लोगों के लिए अच्छी खबर है। स्वास्थ्य विभाग ने सीएचसी तावडू में स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) शुरू करने के लिए तीन डॉक्टरों की भर्ती करने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभाग को बाल रोग, स्त्री रोग तथा बेहोशी के डॉक्टर ने आवेदन भी कर दिया है। जिनकी चयन प्रक्रिया अंतिम दौर में है। उम्मीद की जा रही है कि आगामी 15 दिनों के अंदर तावडू क्षेत्र के करीब पांच दर्जन गांव के लाखों लोगों को डिलीवरी के समय अब चिंता करने की जरूरत नहीं है। सीएचसी भवन में एसएनसीयू यूनिट शुरू होने के बाद जच्चा व बच्चा को किसी प्रकार का जान का खतरा नहीं रहेगा।

जानकारी के मुताबिक एसएनसीयू आगामी 15 दिन में शुरू हो जाएगा। जिसके बाद सिजेरियन ऑपरेशन की सुविधा भी इस अस्पताल में शुरू हो जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग नूंह ने बाल रोग, स्त्री रोग के अलावा बेहोशी के डॉक्टर की भर्ती करने का फैसला लिया है। खास बात यह है कि इन डॉक्टरों को अगर एक लाख वेतन दिया जाएगा तो उसके साथ-साथ एक लाख रुपये का अतिरिक्त मानदेय भी दिया जाएगा ताकि डॉक्टरों को इस पिछड़े क्षेत्र में नौकरी करने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो।



डॉक्टर सुरेंद्र यादव सीएमओ नूंह।

सिविल सर्जन डॉ. सुरेंद्र यादव ने बताया कि तावडू में सीएचसी काफी समय से चल रही है, लेकिन इस अस्पताल में एसएनसीयू यानि स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट नहीं थी। महिलाओं को डिलीवरी के समय दूरदराज के अस्पतालों में जाना पड़ता था, इसलिए सरकार ने तावडू सीएचसी में डॉक्टरों की भर्ती करने के आदेश दिए। जिसको अमलीजामा पहनाया जा रहा है। जल्दी ही तावडू क्षेत्र के लोगों को सिजेरियन ऑपरेशन की सुविधा के साथ-साथ बेहतर डिलीवरी की सुविधा भी इस अस्पताल में मिलेगी। इलाके के लोगों के लिए यह राहत भरी खबर है। अब लोगों को समय व धन की बर्बादी नहीं करनी पड़ेगी। साथ ही जच्चा-बच्चा को जान का खतरा भी नहीं रहेगा।

# तावडू शहर पुलिस ने चलाया वाहन तलाशी अभियान

### दस्तावेजों की कमी मिलने पर पांच बाइकों का किया चालान, एक वाहन जब्त की

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**शहर** थाना पुलिस ने सोमवार देर शाम वाहन तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने और दस्तावेजों की कमी मिलने पर पांच मोटरसाइकिलों सहित एक ऑटो पर कार्रवाई की गई है।

नवनियुक्त शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बिजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि अभियान के दौरान पटौदी चौक पर पांच मोटरसाइकिलों का चालान किया गया साथ ही एक ऑटो को भी जब्त किया गया है। सोमवार देर शाम शहर के सभी पुलिस नाकों व चौक चौराहों का निरीक्षण करने के बाद पटौदी चौक पर बिना नंबर प्लेट, यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर मोटरसाइकिलों के चालान किए व दस्तावेज नहीं मिलने पर एक वाहन को इंपाउंड कर लिया।

थाना प्रभारी ने शहर के लोगों से भी कानून व्यवस्था लागू कराने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी वाहन चालक यातायात के नियमों का पालन करें। शहर में कहीं भी कोई गैरकानूनी गतिविधियां चल रही है उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। थाना प्रभारी ने बताया कि किस क्षेत्र में किन-किन चौक-चौराहों पर सीसीटीवी लगे हुए हैं कितने कैमरे सही तरीके से कार्य कर रहे हैं उनकी लोकेशन की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से बहुत से अपराधों का खुलासा करने में सहायता मिलती है। साथ ही कहा कि शहर वासियों की जान माल की सुरक्षा करना हम सभी का दायित्व है।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्रवाल कॉलेज में दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में अर्थशास्त्र विभाग एवं एसडीजी क्लब द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय सम्मेलन का विषय 'सतत विकास लक्ष्य एवं उच्च शिक्षा संस्थान' रहा। यह सम्मलेन उच्च शिक्षा निदेशक, हरियाणा द्वारा प्रायोजित था। सम्मेलन का आरंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने बाहर से आए विशेषज्ञों एवं प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय दर्शन का मूल 'वसुधैव कुटुंबकम' है। उन्होंने यह भी कहा कि सतत विकास समय की मांग है और उच्च शिक्षा संस्थान इसमें अपनी पूरी भूमिका निभा सकते हैं। प्राचार्य की प्रेरणा व दिशा निर्देशन से महाविद्यालय में समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है। सम्मेलन के प्रथम दिन कुल 130 प्रतिनिधियों ने पंजीकरण कराया। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रोफेसर राज नेहरू, कुलपति विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, पधारे। उन्होंने बताया कि भारत में सतत विकास का विचार प्राचीन समय से प्रचलित है। उन्होंने सभी सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए शिक्षकों को ब्लूम की वर्गीकरण थ्योरी का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया और महाविद्यालय को राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करने के लिए बधाई दी। डॉ. मनोज शुक्ला, कार्यक्रम संयोजक, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ ने सम्मेलन का संक्षिप्त विवरण दिया। डॉ. एस.के.चक्रवर्ती, भूतपूर्व प्रोफेसर, एनआईटी कुरुक्षेत्र सम्मानीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य वक्ता के तौर पर केके चक्रवर्ती, भूतपूर्व डायरेक्टर, ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी पधारे। उन्होंने भारतीय उद्योग में ऊर्जा दक्षता पर डीकार्बोनाइजेशन और सर्वोत्तम अभ्यास विषय पर बात की। उन्होंने कहा की ऊर्जा संरक्षण और प्रबंधन निस्संदेह हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हम हर दिन जो कुछ भी करते हैं उसके लिए हम ऊर्जा पर ही निर्भर रहते हैं। उद्घाटन सत्र का समापन डॉ. गीता गुप्ता के धन्यवाद ज्ञापन द्वारा हुआ। सम्मेलन को कुल छह तकनीकी सत्रों में विभाजित किया। प्राचार्य के कुशल मार्गदर्शन व संरक्षण से सम्मेलन को एक आयाम दिया व अतिथियों को सम्मान के प्रतीक रूप में स्मृति चिह्न दिए गए।

### डीसी ने सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा का लिया जायजा

**मेवात।** अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा में मरीजों का ऑपरेशन थिएटर में सही ढंग से ऑपरेशन हो पा रहा है, साथ ही ऑपरेशन की बेहतर सुविधा मरीजों को मिले इसके लिए किन उपकरणों की जरूरत है। इसका जायजा लेने के लिए उपायुक्त अजय कुमार जिला स्तरीय अस्पताल पहुंचे। उपायुक्त अजय कुमार ने पहले तो जिले के सभी डॉक्टरों के साथ बैठक की और उसके बाद ऑपरेशन थिएटर, आपातकालीन वार्ड सहित तमाम अस्पताल के इंतजामों का जायजा लिया। उपायुक्त अजय कुमार जिस समय अस्पताल परिसर का दौरा कर रहे थे, उस समय कुछ मरीजों ने अपनी पीड़ा भी उनके सामने रखी। उन्होंने मरीजों को भरोसा दिलाया कि ऑपरेशन से लेकर दवाइयां आदि किसी भी मामले में मरीजों व उनके तीमारदारों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसलिए उन्होंने अस्पताल का निरीक्षण किया है और सिविल सर्जन डॉ. सुरेंद्र यादव सहित तमाम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ लंबी बातचीत की। आयुक्त ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मीटिंग लेने के लिए मांडीखेड़ा अस्पताल स्वयं पहुंचे हैं। चिकित्सकों के साथ बातचीत की और अस्पताल का जायजा लिया। सिविल सर्जन डॉ. सुरेंद्र यादव ने कहा कि बैठक में उपायुक्त अजय कुमार ने अध्यक्षता की और ऑपरेशन थिएटर सहित अन्य सेवाओं में कैसे सुधार किया जा सकता है, इसके लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मरीजों व उनके तीमारदारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा में मिलेंगी। खास बात यह है कि भीषण गर्मी में उपायुक्त अजय कुमार ने करीब डेढ़ घंटे तक बारीकी से अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया और जहां उन्हें खामियां नजर आई वहां सुधार करने की बात स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कही। साथ ही आपातकालीन वार्ड सहित जहां सुविधाएं बेहतर देखी, वहां उन्होंने डॉक्टरों का उत्साहवर्धन करने में भी कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी।

### बाल पहलवान कर रहे राष्ट्रीय स्तर पर जिला नूंह का नाम रोशन

**नूंह।** जिले के गांव रीठौड़ा के बाल पहलवान मोहम्मद शादाब हुसैन पुत्र साजिद हुसैन ने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 26 से 28 जून तक सेक्टर-3 पंचकूला में आयोजित अंडर-17 नेशनल ओपन रैंकिंग रैसलिंग टूर्नामेंट इन फ्री स्टाइल एंड ग्रीको रोमन कुश्ती प्रतियोगिता के 45 किलोग्राम भार वर्ग (ग्रीको-रोमन)में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक पर कब्जा करते हुए जिला नूंह व हरियाणा प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर चमकाया। खेल प्रेमी प्राध्यापक अशरफ मेवाती, पहलवान अल्ली सूड़ाका, ट्रांसपोर्टर अरशद हुसैन व मास्टर हाशिम फिरोजपुर नमक, ने बताया कि युवा पहलवान मोहम्मद शादाब के चाचा सादिक हुसैन पहलवान भी राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग के 67 किलो ग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल प्राप्त कर भारतीय नौसेना में पैटी अफसर के पद पर कार्यरत हैं। शादाब के दादा खान मोहम्मद गांव रिठौड़ा में लंबे समय से अखाड़ा चलाकर क्षेत्र में कुश्ती को बढ़ावा दे रहे हैं।

# नवनिर्वाचित चेयरमैन संजय मनोचा सहित कई लोगों ने डीसी अजय कुमार से की मुलाकात

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

**नूंह** नगर परिषद के नवनिर्वाचित चेयरमैन संजय कुमार मनोचा ने जिला उपायुक्त अजय कुमार से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मेवात के वरिष्ठ समाजसेवी व एमिनेंट पर्सन संजय गर्ग उर्फ बिट्ढू, नरेंद्र शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे। जिला उपायुक्त अजय कुमार ने संजय मनोचा को बधाई देते हुए कहा कि नूंह शहर में बिजली, पानी, सीवरेज, रास्ते, जैसी समस्याओं पर ध्यान देते हुए समाधान कराना है।

उन्होंने कहा नूंह नगर परिषद में प्रशासन की ओर से किसी भी प्रकार अड़चन नहीं आने दी जाएगी। नवनिर्वाचित चेयरमैन मनोचा ने डीसी अजय कुमार का धन्यवाद करते हुए कहा कि शहर में विकास कराना मेरी पहली प्राथमिकता है। सबका एक साथ विकास को लेकर बिना भेदभाव के साथ काम होगा।



डीसी अजय कुमार से मुलाकात करते नूंह नगर परिषद के नवनिर्वाचित चेयरमैन संजय कुमार।

मनोचा ने कहा है कि जजापा-बीजेपी की सरकार प्रदेश में बिना भेदभाव के विकास कार्य कर रही है। अब शहरों में भी गठबंधन सरकार विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

## युवा पुरस्कार के लिए 30 जून तक कर सकते हैं आवेदन

**नूंह।** सामाजिक एवं युवा कार्यक्रम गतिविधियों में श्रेष्ठ कार्य करने वाले युवा एवं संगठन की तरफ से जिला तथा राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। पहले आवेदन करने की तारीख एक अगस्त तक रखी गई थी लेकिन विभाग ने बदल कर इसे 30 जून कर दिया है। इसमें वर्ष 2021-22 के दौरान किए गए कार्यों या उपलब्धियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की उपनिदेशक निर्मला ने बताया कि वीरवार को उनके कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं जिला तथा राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार के लिए आवेदक की गत एक वर्ष की उपलब्धियों के आधार पर चयन किया जाएगा और युवा क्लब के लिए उनकी तीन वर्ष की उपलब्धियां देखी जाएगी।

# 50 प्रतिशत सब्सिडी के लाभ के साथ शुरू कर सकते हैं भेड़ व बकरी पालन का बड़ा व्यवसाय

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

### व्यक्तिगत, समूह और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी शुरू करती हैं अपना व्यवसाय

**पशुपालन** विभाग ने भेड़-बकरी, सूअर पालन पर करोंड़ों रुपये की लागत से शुरू होने वाले प्रोजेक्ट पर 50 प्रतिशत की सब्सिडी देकर लोगों को सुनहरा अवसर प्रदान किया है। इस व्यवसाय को व्यक्तिगत, समूह, एफपीओ और स्वयं सहायता समूह द्वारा किया जा सकता है। इसके अलावा इन प्रोजेक्ट पर होने वाले खर्च को व्यक्ति स्वयं या बैंक से ऋण के माध्यम से भी कर सकता है।

पशुपालन विभाग द्वारा खर्च संबंधित सारी औपचारिकताओं को सत्यापित किया जाएगा, जिसके आधार पर सब्सिडी प्रदान की जाएगी। कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल के निर्देशानुसार पशुपालन विभाग द्वारा गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर पशुपालकों से इन योजनाओं के माध्यम से व्यवसाय शुरु करने की अपील की जा रही है।

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि कृषि मंत्री जेपी दलाल द्वारा किसानों के साथ-साथ पशुपालकों की आमदनी बढ़ाने के लिए नई-नई योजनाएं लागू की जा रही हैं। इनमें पशुपालन को विशेषतौर पर बढ़ावा दिया जा रहा। अब लाखों रुपये से शुरु होने वाले पशुपालन के बड़े व्यवसाय पर 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी प्रदान की गई है, जो कि पशुपालकों के लिए सुनहरा मौका है। विभाग के अनुसार इन व्यवसायों को शुरु कर लोग लाखों रुपए की आमदनी कर सकते हैं। पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सा अधिकारी गांवों में पशुपालकों को इन योजनाओं की जानकारी दे रहें और पशुपालकों को इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील कर रहे हैं। विभाग के अनुसार पशुपालन हेतू आवेदन के लिए इच्छुक लोग विभाग के पोर्टल डबलूडबलूडबलूडोटडीएएचडीडोटएन आईसीडोटइन पर ऑन लाइन आवेदन करें। इस बारे में पशुपालन विभाग के कार्यवाहक उप निदेशक डॉ. नरेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि कृषि मंत्री द्वारा बड़े स्तर के पशुपालन के लिए बहुत ही महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं के बारे में पशुपालकों को जानकारी दी जा रही है ताकि लोग इन व्यवसाय को अपनाएं।

# साइबर ठगों से रहे सतर्क : एसपी

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

**पुलिस** अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्गदर्शन में जिला नूंह पुलिस द्वारा साइबर अपराध को रोकने व उससे बचाव के लिए स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों तथा आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में फेसबुक प्रोफाइल, डेबिट, क्रेडिट कार्ड, सिम कार्ड स्वैपिंग, गूगल- पे, फोन- पे पर होने वाले अपराध तथा ओएलएक्स पर होने वाले फ्रॉड के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

साइबर अपराधी हर रोज नए नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। इसलिए अलर्ट रहना जरूरी है। बीमा पॉलिसी का लाभ दिलाने वाला व लॉटरी लगने का झांसा देकर ठगी करने का प्रयास करते हैं। जिला पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से अपील की है कि साइबर अपराधियों से बचने के लिए सतर्कता बरतनी अनिवार्य है। इसके लिए नागरिक अपने बैंक में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर आने वाले ओटीपी को किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा ना करें क्योंकि ऐसा करने से आप साइबर ठगी का शिकार हो सकते हैं। नेट बैंकिंग व सोशल मीडिया अकाउंट का पासवर्ड मजबूत रखें।



पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला।

जिला पुलिस द्वारा आम नागरिकों से कहा गया है कि किसी भी लोभ-लालच में आकर किसी के साथ बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें। आपकी थोड़ी सी लापरवाही से आपके वर्षों की मेहनत की कमाई से हाथ धोना पड़ सकता।

पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने आमजन से अपील की है कि व्हाट्सएप या ई मेल पर आए किसी भी संदिग्ध लिंक को ना खोलें और बैंक संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी साझा ना करें, क्योंकि ऐसा करने से वे साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं इसलिए लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए। अगर आपके साथ किसी भी प्रकार का साइबर अपराध हो जाता है या आप किसी ऑनलाइन ठगी का शिकार हो जाते हैं तो इसकी शिकायत नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल https//www.cybercrime.gov.in पर दर्ज करवाएं । इसके अलावा साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें या नजदीक पुलिस चौकी या पुलिस स्टेशन पर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं।

# गांगोली में 89 लोगों ने कराई स्वास्थ्य की जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

**जिला** नूंह में बीपीसीएल समर्थित जन आरोग्यम कार्यक्रम के तत्वावधान में स्थानीय समुदाय को विशेष स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के हिस्से के रूप में बिस्नौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान (बीएसजीएसएस) ने मंगलवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गांव गांगोली में किया। डॉक्टरों और तकनीशियनों की एक टीम ने 89 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। एनीमिया, मधुमेह और उच्च रक्तचाप के लिए उनकी जांच पर विशेष ध्यान दिया गया।

रक्त, बीपी, ईसीजी, ऑक्सीजन संतृप्ति स्तर, आंखों आदि की जांच की गई। लोगों को कोविड-उपयुक्त व्यवहार और स्वच्छ प्रथाओं का पालन करने की आवश्यकता के बारे में भी जागरूक किया गया। लोगों को कम लागत वाले पोषण और गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए संतुलित आहार के बारे में जानकारी दी गई। दवाएं, पोषाहार पूरक और फेस मास्क का वितरण किया। डॉ. गोबिंद सरन एसएमओ सीएचसी नूंह ने जिला स्वास्थ्य प्रशासन का प्रतिनिधित्व किया और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एनजीओ के प्रयासों की सराहना की। अनूप कुमार, निदेशक - संचालन, बीएसजीएसएस, और जन आरोग्यम टीम ने शिविर से संबंधित गतिविधियों का समन्वय किया। अनूप कुमार ने कहा कि अगस्त 2011 से गांगोली में इस क्लीनिक के सफल संचालन के साथ विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण में भारी उछाल आया है। इनमें मुफ्त दवाओं के साथ नियमित ओपीडी परामर्श, प्रयोगशाला परीक्षण, रेफरल, समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं।

## तावडू नौरंगपुर सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने का आरोप

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत तावडू नौरंगपुर सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने का मामला सामने आया है। जिसको लेकर तावडू उप मंडल अधिकारी को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई है। नंदू की ढाणी निवासी वीरेंद्र, धर्मवीर, राजकरण आदि ने उपमंडल अधिकारी को दी शिकायत में बताया कि तावडू नौरंगपुर सड़क निर्माण का कार्य सही तरीके से नहीं किया जा रहा है।

आरोप है कि सड़क निर्माण करने वाली एजेंसी सिर्फ एक तरफ से ही सड़क का निर्माण करने में जुटी है, जबकि एक जगह छोड़ दी गई है। ग्रामीणों ने का कहना है कि सही तरीके व दोनों तरफ से सड़क बनने पर लोगों को आसानी होगी। अच्छे से पौधरोपण भी किया जा सकता है, लेकिन निर्माण एजेंसी के अभियंता इसमें रोड़ा अटका रहे हैं। आरोप है कि जब ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को सही तरीके से करने की अपील की तो अभियंता ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

पायनियर
क्लासीफाइड
CHANGE OF NAME
I Sakshi D/o Sh. Pradeep Sharma R/o H. No-726 Raja Garden Barat Ghar Old Faridabad 121002 Haryana have changed my name to Sakshi Sharma for all future purposes.

# समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान में सहयोगी हैं अंत्योदय मेले : डीसी

### उपायुक्त अजय कुमार ने कहा, जिला में खंड स्तर पर आयोजित हो रहे हैं अंत्योदय मेले

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

**उपायुक्त** अजय कुमार ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक के उत्थान में मुख्यमंत्री अंत्योदय उत्थान योजना के माध्यम से आयोजित अंत्योदय मेले जरूरतमंद के लिए सहयोगी बन रहे हैं। आजादी अमृत महोत्सव के तहत जनसेवा को समर्पित हो जिला के सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में अंत्योदय मेले तीसरे चरण में लगाए जा रहे हैं। मंगलवार को एसडीएम कार्यालय पुन्हाना के परिसर में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तीसरे चरण के तहत अंत्योदय मेले का आयोजन कर पात्र लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। डीसी ने कहा कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से चिह्नित लोगों को अंत्योदय मेले में भागीदार बन स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।



मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले में भाग लेते लाभार्थी।

### तत्परता से ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करें बैंकर्स : डीसी

**डीसी** अजय कुमार बैंकर्स का आह्वान करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के अंतर्गत जिला में विभिन्न स्थानों पर अंत्योदय मेलों का आयोजन अब तीसरे चरण में किया जा रहा है, जिनके माध्यम से प्राप्त ऋण आवेदनों का शीघ्र निपटारा किया जाए। बिना किसी उचित कारण के किसी आवेदन को रद्द न किया जाए तथा इन आवेदनों पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए लाभपात्रों के ऋण मंजूर किए जाएं ताकि सरकार की योजना के अनुरूप गरीब परिवार का उत्थान कर उन्हें मुख्यधारा में लाया जाए सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत विभिन्न विभागों द्वारा लाभार्थियों को चिह्नित किया गया है, ऐसे में बैंकों का कर्तव्य बनता है कि उनके ऋण जल्द से जल्द मंजूर किए जाएं। किसी मामूली शर्त के अभाव में इन आवेदनों को अस्वीकार न किया जाए, बल्कि लाभार्थी से संपर्क कर उसके आवेदन से संबंधी शर्तों को पूरा करवाएं व उन्हें योजना का तुरंत लाभ देना सुनिश्चित करें।

### प्रशासन निभा रहा है प्रभावी जिम्मेदारी : एडीसी

**अंत्योदय** मेलों के नोडल अधिकारी एवं एडीसी डॉ. सुभिता ढाका ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक जरूरी सेवाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रभावी रूप से कदम उठा रही है जिसमें जिला प्रशासन अपनी सक्रिय जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत हर पात्र लाभार्थी को योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए सरकार द्वारा मेले आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल पं.दीन दयाल उपाध्याय के सपने को साकार करते हुए परिवार पहचान पत्र के माध्यम से चिह्नित किए गए जरूरतमंद आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठा रहे हैं और अंत्योदय मेले के माध्यम से सरकार की योजनाओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन करते हुए पात्र लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।

## निविदा सूचना

आप सभी जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 30.06.2022 को महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन नूँह डिपू के नूँह कार्यालय में दोपहर 13:00 बजे नूँह डिपू के अधिनिस्थ बस स्टैण्डो (नूँह, फिरोजपुर झिरका, पुन्हाना, तावडू) पर स्थित निम्न शेष बची हुई दुकानों/व्यवसायिक उपयुक्त स्थानों को किराये पर देने के लिए निलामी की जायेगी। जो बोलीदाता दुकानों/व्यवसायिक उपयुक्त स्थानों को लेने बारे इच्छुक है वे किसी भी कार्यदिवस कार्यालय में उपस्थित होकर 500/- रूपये जमा करके निलामी की नियम व शर्ते प्राप्त कर सकते है।

**बस स्टैंण्ड़ नूँह** - जनरल स्टोर, बुक स्टॉल, इन्टरनेट कैफे, मेडीकल स्टोर, बारबर शॉप (नाई की दुकान), कोबलर शॉप (मोची का ठिकाना),ओटोमैटिक वेट मशीन, एस0टी0डी0/फैक्स बूथ,फोटा स्टेट बूथ, विटा मिल्क बार, हरियाणा ऐग्रो जूस बार, जय जवान टी स्टॉल, वर्कशाप केन्टीन, साईकल-कूटर स्टैण्ड, कार पार्किंग, बैंक ए.टी.एम. क्लॉक रुम इत्यादि।

**बस स्टैंण्ड़ फिरोजपुर झिरका** - रेस्टोरेन्ट, बुक स्टॉल, इन्टरनेट कैफे, बारबर शॉप (नाई की दुकान), कोबलर शॉप (मोची का ठिकाना), ओटोमैटिक वेट मशीन, एस0टी0डी0 ,/ फैक्स बूथ,/फोटो स्टेट बूथ, हरियाणा ऐग्रो जूस बार, जय जवान टी स्टॉल, वर्कशाप केन्टीन, साईकल-स्कूटर स्टैण्ड, कार पार्किंग, बैंक ए.टी.एम. क्लॉक रुम इत्यादि।

**बस स्टैंण्ड़ पुन्हाना** - टी-स्टाल-कोल्ड ड्रींक्स, फास्ट-फूड़, रेस्टोरेन्ट, फूट शॉप, जनरल स्टोर, बुक स्टॉल, इन्टरनेट कैफे, बारबर शॉप (नाई की दुकान), कोबलर शॉप (मोची का ठिकाना), ओटोमैटिक वेट मशीन, एस0टी0डी0,/ फैक्स बूथ,/फोटो स्टेट बूथ, विटा मिल्क बार, हरियाणा ऐग्रो जूस बार, जय जवान टी स्टॉल, वर्कशाप केन्टीन, साईकल-स्कूटर स्टैण्ड, कार पार्किंग, बैंक ए.टी.एम. क्लॉक रुम इत्यादि।

**बस स्टैंण्ड़ तावडू** - टी-स्टाल-कोल्ड ड्रीक्स, फास्ट-फूड़, रेस्टोरेन्ट, फूट शॉप, जनरल स्टोर, बुक स्टॉल, इन्टरनेट कैफे, बारबर शॉप (नाई की दुकान), कोबलर शॉप (मोची का ठिकाना), ओटोमैटिक वेट मशीन, एस0टी0डी0,/ फैक्स बूथ,/फोटो स्टेट बूथ, विटा मिल्क बार, हरियाणा ऐग्रो जूस बार, जय जवान टी स्टॉल, वर्कशाप केन्टीन, साईकल-स्कूटर स्टैण्ड, कार पार्किंग, बैंक ए.टी.एम. क्लॉक रुम इत्यादि।

**आदेशानुसार - महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, नूँह।**

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# महाराष्ट्र का संकट
## विकास की लड़ाई

**महाराष्ट्र** में संकट गहरा गया है, जहां ठाकरे के वंशज तथा उनके विरोधी बालासाहेब की विरासत के लिए संघर्ष कर रहे हैं। महाराष्ट्र का राजनीतिक नाटक हर घंटे के साथ दिलचस्प होता जा रहा है। लेकिन भय है कि यह बहुत जल्दी बहुत गंदा हो सकता है। वास्तव में शिवसेना अध्यक्ष व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के समर्थकों ने विद्रोही शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे व उनके समर्थकों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। विद्रोहियों के बैनर फाड़े गए हैं, कुछ स्थानों पर पत्थर फेंके गए हैं तथा पुणे में एक विधायक के कार्यालय में तोड़फोड़ की गई है। ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री ठाकरे इतने व्यापक विद्रोह के शुरुआती भयानक झटके से उबर गए हैं और उन्होंने मजबूती से संघर्ष का निर्णय किया है। ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है जब पार्टी में उल्लेखनीय स्तर का विरोध हुआ हो। दिसंबर, 1991 में शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे के विश्वासपात्र छगन भुजबल ने पार्टी तोड़ी थी। अन्य पिछड़े वर्ग या ओबीसी के भुजबल शायद मंडल लहर चलाने के बारे में सोच रहे थे, लेकिन पार्टी मजबूत व एकजुट बनी रही। 2005 में नारायण राणे के विद्रोह ने भी पार्टी को तोड़ने में सफलता नहीं पाई थी और यही स्थिति थोड़े समय बाद राज ठाकरे के विद्रोह के साथ हुई। लेकिन उस समय शेर से तुलना किए जाने वाले बाल ठाकरे जीवित व पूर्णत: सक्रिय थे। लेकिन राजनीतिक टिप्पणीकार बड़ी दिलचस्पी व उम्मीद से देख रहे हैं कि क्या उनके बेटे इस उभरते तूफान का मुकाबला कर सकते हैं? वे अपने पिता या यहां तक कि अपने चचेरे भाई राज ठाकरे की तरह आक्रामक नहीं हैं। अक्सर उनको आम शिवसेना नेता के सौम्य प्रतिरूप की तरह पेश किया जाता है जिसकी दिलचस्पी वन्यजीवों की फोटोग्राफी में है। क्या वे सड़क पर संघर्ष करने वाले एकनाथ शिंदे जैसे नेता का मुकाबला कर सकेंगे जो कार्यकर्ता से प्रगति करते हुए नेता बने हैं?



हालांकि, उम्मीद के साथ भय की भावना मिली हुई है क्योंकि शिवसेना के नेताओं में अपने विरोधियों के प्रति धैर्य व सहिष्णुता का गुण कम होता है। सौभाग्य से सामान्य पार्टी कामकाज बनाए रखा गया है। शनिवार को उद्धव ठाकरे ने पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भाग लिया जिसमें उनके समर्थक एकत्र हुए। आश्चर्य नहीं कि उन्होंने उद्धव को पार्टी संबंधी सारे निर्णय लेने के लिए अधिकृत कर दिया। इस बैठक में जोर दिया गया कि केवल शिवसेना, यानी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाला समूह ही बालासाहेब ठाकरे का नाम प्रयोग कर सकता है। इसके साथ ही 16 विद्रोही विधायकों के खिलाफ इस आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी करने का फैसला किया गया कि उन्होंने सप्ताह की शुरुआत में उद्धव द्वारा बुलाई पार्टी बैठक में भाग नहीं लिया था। इस बीच शिंदे के समर्थक इसे गलत बताते हुए तर्क दे रहे हैं कि रांकापा नेता व उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल 16 विधायकों के खिलाफ कार्रवाई के योग्य नहीं हैं क्योंकि उनको हटाने की याचिका लंबित है। बताया जाता है कि विद्रोही कानूनी सलाह ले रहे हैं। इस बीच शिंदे ने स्वयं को 'हिंदुत्व विजेता' के रूप में पेश किया है। एक ट्वीट में उन्होंने शिवसैनिकों से प्रार्थना की है कि वे 'महा विकास अघाड़ी-एमवीए की योजना समझें'। उन्होंने दावा किया है कि वे 'शिवसेना व शिवसैनिकों को उसके पंजों से मुक्त कराने के लिए ड्रैगन से लड़ाई लड़ रहे हैं।' यह प्रतीक निश्चित रूप से मजेदार है, पर सवाल है कि उद्धव ठाकरे अब भी मुख्यमंत्री हैं तथा प्रशासन और पुलिस पर उनका नियंत्रण है। ऐसे में केवल उम्मीद की जा सकती है कि शिवसेना के भीतर जारी लड़ाई और नीचे तक नहीं गिरेगी।

# स्वतंत्रता माह मनाए पूरा देश

लोग अपना जन्मदिन मनाते हैं, पर एक राष्ट्र को अपनी स्वतंत्रता प्राप्ति का उत्सव एक दिन के बजाय पूरे एक महीने मनाना चाहिए।



**बालाकृष्णन सत्यम**
(लेखक सृजनात्मक निर्देशक हैं)



किसी अवधारणा को बेहतर ढंग से समझने के मामले में हम सोचते हैं कि एक अकेले वाक्य के बजाय एक अनुच्छेद बेहत भूमिका निभा सकता है। इसी प्रकार हम कहते हैं कि बेहतर कौशल विकास के लिए हमारे अभ्यास सत्रों के लंबे होने की आवश्यकता होती है। इसी प्रकार जब हम किसी चीज के लिए अधिक समय देते हैं तो उम्मीद करते हैं कि पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। आमतौर से हमारे दिमाग में 'एक या दो दिन' की अभिव्यक्ति थोड़े समय के रूप में होती है। 'दिन' बहुत अधिक परिचित शब्द है और हम इतनी लापरवाही से इसका उपयोग करते हैं कि शायद ही कभी इसे गंभीरता देते हों। यह समय मामन की महत्वपूर्ण इकाई है। सवाल है कि जब लोग अपना जन्मदिन एक दिन मनाते हैं तो क्या एक राष्ट्र को अपनी स्वतंत्रता केवल एक दिन के बजाय एक महीना नहीं मनानी चाहिए? अनेक प्रकार के संगठनों ने स्वतंत्रता प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे एक दूसरे से अलग तथा किए गए काम के आधार पर अपने आप में विशिष्ट हैं। आपने सुना होगा कि हमें अपने देश में अनेकानेक अन्य आंदोलनों व बलिदानों को समुचित सम्मान देना चाहिए।

ऐसे में विभिन्न विचारों वाले सप्ताहों को जोड़ कर एक स्वतंत्रता माह में अलग-अलग दिन निर्धारित कर स्वशासन के विभिन्न आयामों को पहचाना व सम्मान दिया जा सकता है। इससे जनता में ज्यादा राजनीतिक जागरूकता फैलाने में भी सहायता मिलेगी। हालांकि, आधिकारिक व समारोही महत्व वाले दिनों में कार्यक्रम होते हैं, पर व्यावहारिक रूप से स्वतंत्रता का अर्थ बिना औपनिवेशिक छाप के अपनी पहचान बनाना है। इसका अर्थ है कि हमारी विधायिकायें संप्रभु हैं, सशस्त्र सेनाओं के हमारे अपने प्रमुख हैं, हमारा अपना निर्वाचन आयोग, शोध की अनेक भारतीय परिषदें, हमारे केन्द्रीय विश्वविद्यालय तथा ऊर्जा व अन्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय निगम हैं। इनमें से प्रत्येक के बारे में बात करने और उनकी प्रगति का उत्सव मनाने का काम ज्यादा विस्तार से किया जाना चाहिए, जबकि एक अकेले दिन लगभग तीन घंटे के समय में उनकी कुछ झांकियां पेश की जाती हैं। इस प्रकार स्वतंत्रता माह के माध्यम से समृद्ध, लंबा व ज्यादा सूचनादायक अनुभव प्राप्त होगा। प्रगति पर अनेक प्रकार की प्रदर्शनियों के आयोजन का अवसर न केवल नागरिकों को ऊर्जा क्षेत्र, दूरसंचार व आईटीईएस क्षेत्र, अंतरिक्ष क्षेत्र, आदि के बारे में सूचना देने का काम करेगा, बल्कि इससे नौजवानों को सहायता भी मिलेगी।

हालांकि, तर्क के लिए कोई कह सकता है कि क्षेत्र में हमसे दूने इलाके व लगभग दूनी जनसंख्या वाला देश एक ही दिन यह उत्सव मनाता है जहां अनेक परेडें तथा आतिशबाजी होती है। लेकिन उनका स्वतंत्रता संघर्ष अनेक उल्लेखनीय चीजों के बावजूद बिल्कुल अलग था। यह कुछ युद्ध क्षेत्रों तक सीमित था और मूलभूत रूप से उसका नेता एक था। उनका देश कई दशकों में मुख्यभूमि के अलावा अन्य क्षेत्रों में फैला और मुख्य स्रोत के रूप में वह प्रगतिशील पश्चिमी यूरोप की विचारधारात्मक सोच पर निर्भर रहा। इस प्रकार जहां हम अमेरिका के खास इतिहास का सम्मान करते हैं, यह देखना सहज है कि औपनिवेशिक शक्तियों के खिलाफ हमारा स्वतंत्रता संघर्ष एक अलग किस्म की प्रक्रिया थी। हमारे भूगोल व प्राचीन विरासत को देखते हुए हमारी संवैधानिक भावना में पश्चिमी तथा स्वदेशी ढांचे के तत्व शामिल थे। समान रूप से अमेरिका के संस्थापकों की तरह हमारे पास भी अत्यन्त उल्लेखनीय व दूरदर्शी-भविष्योन्मुखी टीम थी। वास्तव में संविधान निर्माण की प्रक्रिया के बारे में बहुत अधिक सूचनाओं का साझा किया जा सकता है। शुरुआत से ही भारतीय गणतंत्र का एक मजबूत समावेशी उन्मुखीकरण था। राष्ट्रीय व राज्य स्तरों पर कैबिनेटों में वंचित व हाशियाकृत समुदायों के लोगो को शामिल किया गया था जिनमें आर्थिक व राजनीतिक गतिविधियों से बहुत दूर स्थानों के लोग भी थे। इसके उलट सचिवालयों व प्रतिनिधि सभाओं में देशी अमेरिकनों की उपस्थिति बहुत विरल थी। उनके प्रतिनिधित्व के लिए पहल केवल 1924 में शुरू हुई और अधिकांश राज्यों में मतदाताओं के रूप में उनको अधिकांश राज्यों में भाग लेने के लिए 1965 तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। हमारी अपनी व्यापक विविधता तथा अनेक क्षेत्रीय व विशिष्ट संस्कृतियों को देखते हुए भारत शुरुआत से ही अपनी राजनीतिक संस्कृति के रूप में ज्यादा प्रतिनिधिक रहा है। हालांकि, बहुत अधिक काम करना बाकी था, लेकिन स्वतंत्रता प्राप्ति के तीन साल के भीतर ही संविधान मंजूर करने से हमें प्रारम्भ से ही तेज गति मिली।

इसमें बहुलतावाद तथा सिद्धान्तों का सह-अस्तित्व मिलता है। इसके साथ ही औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देते हुए भी साथी मनुष्यों द्वारा मुनाफे के लिए अन्य लोगों का शोषण रोकने हेतु भी कुछ प्राविधान हैं। राज्य ने मिश्रित अर्थव्यवस्था का दृष्टिकोण अपनाते हुए व्यावहारिकता का प्रदर्शन किया। व्यापक कल्याणकारी दृष्टिकोण के साथ ही नियोजन का माडल तीसरी दुनिया के देश की आवश्यकताओं की पूर्ति करता था। यह जल्द ही औपनिवेशिक दासता से मुक्त देश के लिए उचित था जिसने लगभग सभी नीतिगत मामलों में 'मध्यम मार्ग' अपनाया। उस समय वैज्ञानिक सोच व सबके लिए आधुनिक शिक्षा की पैरोकारी भी की गई। इस सोच में उपभोक्तावाद तथा आध्यात्मिकता समानान्तर चलती रहीं। इस प्रकार ऐसी पसंद निर्धारित करने वाले नेताओं व विशेषज्ञों की पीढ़ी ऐसी पीढ़ी थी जो ज्ञान व व्यावहारिक अनुभव का दावा कर सकती थी।

हालांकि, ये सिद्धान्त ऐसे थे जिनमें भविष्य में परिवर्तन की ज्यादा आवश्यकता नहीं थी। हमने अब तक जो प्राप्त किया है, वह संकुचित नहीं है तथा इसमें आई कमियां खराब क्रियान्वयन के कारण हैं। इस प्रकार एक महीने का समय केवल उत्सव के लिए नहीं होगा। यह राष्ट्रनिर्माताओं को धन्यवाद के साथ अपनी न्यायोचित राजनीति के प्रति प्रतिबद्धता पुनर्जीवित करने व इसकी पुष्टि के लिए भी होगा। हमारे बीच अब ऐसे लोग नहीं हैं जो बता सकें कि 1947 के पहले क्या स्थिति थी। यूरोपियनों का वर्चस्व, उस समय प्रशासन में अत्यधिक सीमित सहभागिता तथा सभी क्षेत्रों में अनुपयुक्त ढांचागत संरचना जैसी चीजें काफी समय पहले भुला दी गई हैं। हमारे वर्तमान अधिकारों व स्वतंत्रताओं की कल्पना दशकों पहले की गई थी और अनुमान लगाया गया था कि उनको 75 साल बाद प्राप्त कर लिया जाएगा। परिवारों व नागरिकों के रूप में स्वतंत्रता की भावना हमें यह सोचने को प्रेरित करती है कि इसे व्यावहारिक रूप से कैसे बनाए रखा जाए। आर्थिक स्वतंत्रता का एक महत्वपूर्ण आयाम है जिसे गांधीजी ने रेखांकित किया था।

अमेरिका में बड़ी संख्या में आम लोग आवास, स्वास्थ्यरक्षा व शिक्षा की आवश्यकतायें पूर करने के लिए भारी कर्ज के बोझ से दबे हैं। इसका एक छोटा हिस्सा क्रेडिट कार्डों के माध्यम से हे, पर अधिकांश का कारण समाज में समझ की कमी तथा वह दृष्टिकोण अपनाने के कारण है जहां लोगों को पहले उपभोक्ताओं और इसके बाद ही मनुष्यों की तरह देखा जाता है। छात्रों पर कर्ज तथा विश्वविद्यालयी शिक्षा पर तेजी से बढ़ता खर्च अवसर व सामाजिक गतिशीलता में भारी बाधायें हैं। इससे हमें वह याद करने में सहायता मिलती है जिसे अक्सर भुला दिया जाता है। अपनी स्वतंत्रता का उत्सव मनाने के साथ ही हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम स्वतंत्र पैदा होते हैं और रूसो के लोकप्रिय कथन के अनुसार हम बाद में ही जंजीरों से बंधते हैं। भारत में विकेन्द्रीकरण ने एक साम्राज्यवादी शक्ति द्वारा हमारे प्राकृतिक संसाधनों की डकैती रोक दी थी।

इससे हम प्रतिनिधिक सरकार के आधुनिक युग में पहुंच गए और हमने समावेशी विकास का रास्ता अपनाया। इसने अतीत की जंजीरें तोड़ दीं तथा इसके साथ ही समाज के सभी वर्गों में समृद्ध व प्रगतिशील भविष्य क सपना पैदा किया। संविधान में उल्लिखित निर्देशक सिद्धान्त हमें विभिन्न वंचनाओं से पीड़ित बड़ी संख्या में लोगों को ऊपर उठाने का निर्देश देते हैं, जिनकी हालिया पीढ़ियों की परिस्थितियों में बहुत कम या कोई सुधार नहीं हुआ है। एक सामाजिक-आर्थिक अंतर है जिसे सकारात्मक सरकारी एजेंडा भर सकता है। इसके बावजूद स्वतंत्रता का यह अर्थ भी है कि सभी लोगों को कर्जदार बनाने के बजाय उनको कर्ज से बाहर रखा जाए। हम स्वयं को मिले समर्थन के बदले अनेक छोटे-छोटे तरीकों से राष्ट्रीय हित की पूर्ति करते हैं। अमेरिकन राष्ट्रपति जे.एफ. कैनेडी ने 1961 में व्हाइट हाउस के उद्घाटन भाषण में कहा था, 'पूछें, आप अपने देश के लिए क्या कर सकते हैं।' 31 दिन का स्वतंत्रता माह ऐसे सवाल पूछने और उनके जवाब खोजने के लिए काफी समय देगा।

# नेतन्याहू को लेकर इजरायल में उथल-पुथल

**गुइन डायर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



पिछले सोमवार को इजरायल की राजनीति में अनुग्रह का एक दुर्लभ क्षण था, जब प्रधान मंत्री नफ्ताली बेनेट और विदेश मंत्री यायर लैपिड ने घोषणा की कि वे अपने असाधारण गठबंधन को भंग कर देंगे और साढ़े तीन साल में इजरायल को अपने पांचवें चुनाव में खड़ा करेंगे।

गठबंधन असाधारण था क्योंकि इसमें इजरायल में राजनीतिक विश्वास का इतना व्यापक स्पेक्ट्रम शामिल था, जिसमें बेनेट की यामिना जैसी दक्षिणपंथी समर्थक पार्टियों से लेकर सेंटर-लेफ्ट येश एटिड (लैपिड की पार्टी) और यहां तक कि पहली बार एक इस्लामिक पार्टी थी, संयुक्त अरब सूची। अनुग्रह का क्षण बेनेट और लैपिड, राजनीतिक और वैचारिक विरोधियों द्वारा दिखाई गई वफादारी और यहां तक कि दोस्ती थी, जो एक खंडित इजरायली राजनीतिक परिदृश्य के कटु विभाजनों से ऊपर उठे थे, जो कि दलबदल और विश्वासघात की विशेषता थी। उन्होंने गठबंधन के पतन के लिए एक-दूसरे को दोष नहीं दिया। वे एक-दूसरे के साथ सम्मान से पेश आते थे। बेनेट ने लैपिड के साथ बारी-बारी से शीर्ष नौकरी साझा करने के लिए अपनी बात रखी, जो अब और अगले चुनाव के बीच के महीनों के लिए संक्रमणकालीन सरकार के प्रधान मंत्री बन जाएंगे, शायद अक्टूबर के अंत में।

'वे राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं जो इजरायल के राजनीतिक मानकों के अनुसार एक दुर्लभ साझेदारी बनाने के लिए पर्याप्त बुद्धिमान थे, लगभग यूटोपियन। उन्होंने अच्छी शुरुआत की और और भी बेहतर तरीके से समाप्त हुए। हम सपने देखने वाले थे—क्या यह इज़राइल है, या डेनमार्क?' हारेत्ज़ पत्रकार योसी वर्टर ने लिखा। लेकिन ये दो आदमी अलग हैं, यह इज़राइल है। निश्चित रूप से इज़राइल।

आठ-दलीय गठबंधन का एक एकीकृत सिद्धांत था : बीबी (बिन्यामिन नेतन्याहू, पिछले 25 वर्षों में से अधिकांश के लिए प्रधान मंत्री) को फिर से सत्ता में आने से रोकना। यह केवल सामाजिक मुद्दों (जहां कुछ समझौता हुआ था) पर ध्यान केंद्रित करके काम कर सकता था, जबकि सुरक्षा, बसने वाली हिंसा और फिलिस्तीनी अधिकारों पर यथास्थिति को बनाए रखता था। फिर भी, इस तरह के एक शानदार विविध गठबंधन को एक साथ रखने का प्रयास अंतत: उन सदस्यों के दलबदल से डूब गया, जिन्होंने इस तरह के मौलिक रूप से अलग-अलग विचारों के लोगों के साथ काम करके नैतिक रूप से समझौता किया था। इसके साथ शुरू करने के लिए 120 में से केसेट के केवल 62 सदस्य थे, और सिर्फ तीन एमके छोड़ने, एक समय में, अपने संसदीय बहुमत को नष्ट कर दिया। तो क्या अक्टूबर के बाद फिर से सत्ता में आएंगे नेतन्याहू? वह अभी भी विश्वास के उल्लंघन, रिश्वत स्वीकार करने और धोखाधड़ी के लिए परीक्षण पर है, लेकिन गठबंधन लोगों को प्रधान मंत्री बनने से गुंडागर्दी के मुकदमे पर प्रतिबंध लगाने के लिए नहीं मिला, इसलिए यह निश्चित रूप से संभव है। यही कारण है कि नेतन्याहू ने गठबंधन को नीचे लाने के लिए इतनी मेहनत की, विपक्ष को हर एक गठबंधन उपाय के खिलाफ वोट देने के लिए कहा।



नेसेट और देश इतने समान रूप से संतुलित हैं कि डेक का कोई भी फेरबदल जीतने का एक और मौका है। नेतन्याहू ने नेसेट में अपने सहयोगियों को भी विनियमन के एक और पांच साल के विस्तार के खिलाफ वोट देने के लिए मिला, जो कि इजरायल के नागरिक कानून के तहत वेस्ट बैंक में यहूदी बसने वालों को रखता है, न कि सैन्य कानून जो कब्जे वाले क्षेत्रों में अरबों के लिए जीवन को नियंत्रित करता है।

यह आम तौर पर बिना किसी बहस के अपने आप हो जाता है, लेकिन नेतन्याहू की लिकुड पार्टी और उसके सहयोगियों ने इसके खिलाफ मतदान किया, इस तथ्य के बावजूद कि वे बसने की समर्थक पार्टियां हैं। बीबी को पता था कि गठबंधन सरकार के चार अरब सदस्य विशेष अधिकार रखने वाले बसने वालों को वोट देने के लिए खुद को नहीं ला सकते थे, इसलिए उपाय विफल हो गया और गठबंधन गिर गया।

दरअसल, इज़राइल में राजनीतिक सब कुछ अंतत: बसने वालों और अब के कब्जे के बारे में है, और देश लगभग सर्जिकल सटीकता के साथ बीच में विभाजित हो गया है। इसलिए बीबी-विरोधी गठबंधन बनाना इतना कठिन था, लेकिन बीबी-समर्थक गठबंधन बनाना उतना ही कठिन है।

कुछ लोगों ने महसूस किया कि यह वह भविष्य था जिसे वे बना रहे थे जब इज़राइल ने 1967 का युद्ध जीता और वेस्ट बैंक, गाजा पट्टी और गोलन हाइट्स में पर्याप्त अरब आबादी वाले क्षेत्रों पर विजय प्राप्त की। 1948 के युद्ध के बीच, जब अधिकांश अरब भाग गए या उस समय जो इज़राइल बन गए थे, और 1967 के छह-दिवसीय युद्ध से, इज़राइल की लगभग 85 प्रतिशत आबादी यहूदी थी। उस युद्ध में इजरायल की जीत के बाद, अब इजरायल द्वारा नियंत्रित भूमि पर लगभग आधी आबादी अरब थी और या तो मुस्लिम या ईसाई थी।

आज भी ऐसा ही है, हालांकि गाजा पट्टी को खुली हवा में जेल में बदल दिया गया है जो तकनीकी रूप से इज़राइल में नहीं है। इसलिए, जब तक आप कब्जे वाले क्षेत्रों को वापस देने की योजना नहीं बना रहे हैं, आपके पास एक लोकतांत्रिक इज़राइल हो सकता है जहां आधी आबादी अरब है, या एक यहूदी इज़राइल जहां आधी आबादी के पास कोई राजनीतिक अधिकार नहीं है। यही वह विकल्प है जो देश को विभाजित और पंगु बना देता है, और क्षितिज पर कोई निर्णय नहीं होता है। बीबी उन सभी इजरायली यहूदियों के लिए मानक-धारक हैं जो एक बड़े देश का पक्ष लेते हैं, लेकिन जहां अधिकांश फिलिस्तीनी अरब नागरिक नहीं हैं, और वह वर्ष के अंत तक सत्ता में वापस आ सकते हैं।

## आप की बात

### कोरोना का असर

**नेचर** पत्रिका की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में करोना ने अत्यंत ही गहरा प्रभाव डाला है। मगर करोना का प्रभाव अलग-अलग देशों में अलग-अलग तरह से पड़ा है। जिसमें गरीब देशों से इसका सबसे ज्यादा कष्ट उठाया है। यू ए सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड डिप्रेशन, के आंकड़ों से पता चलता है कि कोरोना महामारी में सर्वाधिक मृत्यु दर एशियाई लोगों की रही। वही गरीब देशों ने अपने नागरिकों को इलाज के अभाव में मरते हुए देखा है। वैक्सीनेशन के मामले में भी अमीर राष्टों ने आवश्यकता से अधिक जखीरा संग्रहित कर लिया। जिसका खामियाजा गरीब देशों को पर्याप्त वैक्सीनेशन उपलब्ध नहीं हो पाया। जिससे उसके नागरिकों की मृत्यु दर बढ गई। अभी भी करोना के प्रभावों को लेकर कई प्रकार के अध्ययन चल रहे हैं। और आगे कुछ अर्से तक ओर चलते ही रहेंगे। जिनमे नए तथ्य सामने आएंगे। मगर यह बात तो सही है कि संकट के समय बड़े राष्ट्र पहले अपना भला सोचते हैं। और बाद में दूसरों का ।यह अंतरराष्ट्रीय संधियों में भी अपनी सामरिक सुरक्षा में सबसे बराबरी की सहभागिता चाहते हैं। मगर करोना जैसे संकटों के दौरान वह सहायता देने में अपना हाथ पीछे खींच लेते हैं। और यही इन देशों की धूर्तता दर्शाती है।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### चालू करें पैसेंजर ट्रेनें

**रेल** से यात्रा करना आम लोगों के लिए एक सस्ता सुगम और महत्वपूर्ण साधन है। रेल सुविधाएं बढ़ाने पर सरकार को निरंतर मंथन करते रहना चाहिए। सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा में रियायत देने का निर्णय लिया है। पूर्व में भी छूट प्रदान की जाती थी। किंतु कुछ माह पूर्व इसे बंद कर दिया गया था। मिडिल क्लास के वरिष्ठ नागरिकों की आय का साधन सामान्य तया पेंशन एवं सावधि जमाओ पर प्राप्त ब्याज की रकम ही होती है। यात्री किराए में राहत मिलने से सीनियर सिटीजन को लाभ होगा। रेलवे कोरोना काल से बंद अनारक्षित श्रेणी के टिकटों की बिक्री भी पुनः विंडो से चालू करने जा रहा है। आम जनता को इससे काफी सुविधा होगी। मासिक पास बनाने की प्रक्रिया को भी पुनः बहाल किया गया है। इससे अपडाउन करने वाले नौकरी पेशा वर्ग के लोगों को राहत मिलेगी। मोबाइल ऐप से टिकट परचेस करने की सुविधा भी रेलवे द्वारा प्रदान की जाने वाली है। इससे स्टेशन पर लोगों को लाइन में लगकर टिकट लेने की समस्या से निजात मिलेगी। रेलवे को पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन कोरोना काल के पूर्व के नियमों के मुताबिक पूरे देश में पुनः प्रारंभ करना चाहिए ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी ट्रेनों में यात्रा का पूरा लाभ मिल सके। – **ललित महालकरी**, इंदौर

### अच्छा कदम

**1997** से लेकर 2014 तक जिस गुट का नाम आठ का समूह जी-8 रखा गया था, वो 2014 में वापस जी-7 बन गया,जिसकी शुरुआत 1973 में हुई थी ।रूस को इस ग्रुप से इस लिए हटा दिया गया था क्योंकि उसने यूक्रेन के क्रिमिआ संभाग में कब्ज़ा कर लिया था। जो आज भी कायम है बल्कि अबतो वो पुरे यूक्रेन पर कब्जा के लिए उसपर हमला कर चूका है। इस बार यह शिखर सम्मेलन के मेजबान, जर्मनी के रमणीय स्थल बवेरियन आल्प्स कर रहा है। सम्मलेन के पहले दिन ही इन अमीर राष्ट्रों द्वारा विकासशील देशो के लिए 7 ख़रब डॉलर देने की घोषणा की गयी है जिसे यह देश अपने आपको हरित ऊर्जा में परिवर्ती करने में खर्च कर सकेंगे। यह तो जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ते तापमान से लड़ने के लिए एक जरुरी कदम है, जिसे आज से 50 साल पहले ही उठा लिया जान चाहिए था। मगर जो तात्कालिक खतरा यूक्रेन के नागरिकों के ऊपर मंडरा रहा है, उस पर क्या कोई ठोस कार्रवाई होगी? इस पर लगता है फिर से अल्फ़ाज़ों के माध्यम से रूस की आलोचना की जाएगी।

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



“ **लद्दाख** में स्वीकृत जम्मू कश्मीर के कानून रोजगारों व धरती के संरक्षण का काम करेंगे।

– **आर. के. माथुर**
लद्दाख के उप-राज्यपाल



**चीन** व भारत के साझा हित उनके टकरावों की तुलना में बहुत अधिक महत्वपूर्ण हैं।

– **वांग यी**
चीनी विदेश मंत्री



**भारतीय** साइबरस्पेस में जवाबदेही का संजाल मजबूत करना बहुत जरूरी है।

– **राजीव चंद्रशेखर**
केन्द्रीय मंत्री ”

# 10 लाख लोगों की शहादत को याद दिलाएगा कुरुक्षेत्र में बनने वाला स्मारक

## 14 अगस्त को कुरुक्षेत्र में मनाया जाएगा विभाजन विभीषिका कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**पंचनद** स्मारक ट्रस्ट के प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के ऐतिहासिक पन्नों में हिन्दुस्तान-पाकिस्तान विभाजन के समय करीब 10 लाख लोगों की शहादत की याद में बनने वाला स्मारक भी स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।

इन ऐतिहासिक पन्नों में एक नया अध्याय जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अगुवाई में स्मारक निर्माण का कार्य पंचनद स्मारक ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। अहम पहलू यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली लाल किले से 14 अगस्त के दिन को विभाजन विभीषिका दिन के रुप में मनाने की घोषणा की थी। इस घोषणा के अनुसार ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से 14 अगस्त 2022 को पंचनद स्मारक ट्रस्ट की तरफ से विभाजन विभीषिका दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### विधायक सुभाष सुधा ने दी बनने वाले स्मारकों के बारे में जानकारी



खास बात यह है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्वयं अपनी पुश्तैनी जमीन बेचकर एक एकड़ जमीन कुरुक्षेत्र मसाना में पंचनद स्मारक ट्रस्ट को भेंट की है। विधायक सुभाष सुधा मंगलवार को सर्किट हाउस में 14 अगस्त को पंचनद स्मारक ट्रस्ट की तरफ से मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अगुवाई में मनाए जाने वाले विभाजन विभीषिका दिवस को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा के बलिदान और पाकिस्तान के विभाजन के समय में अनुमान लगाया कि पंजाबी समुदाय के साथ-साथ अन्य समाज के करीब 10 लाख लोग शहीद हुए थे।

इन लोगों के बलिदान को पंजाबी समुदाय कभी भुला नहीं पाया है और ना ही इनकी स्मृति में देश में कहीं भी स्मारक नहीं बनाया गया। इस स्मारक के निर्माण कार्य को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल और पंचनद स्मारक ट्रस्ट से स्वामी धर्मदेव जी महाराज के अगुवाई में रूपरेखा तैयार की गई और वर्ष 2015 में शहीदी स्मारक बनाने की योजना को अमलीजामा पहनाने का काम किया गया। इसी दिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपनी पुश्तैनी जमीन बेचकर एक एकड़ गांव मसाना में खरीद कर दी।

अब गांव मसाना में शहीदी स्मारक बनाने के लिए करीब 25 एकड़ जमीन उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि पंचनद स्मारक ट्रस्ट की तरफ से 14 अगस्त 2022 को पिपली या कुरुक्षेत्र अनाज मंडी में विभाजन विभीषिका दिवस के रुप में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया जाएगा और मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं प्रधानमंत्री को निमंत्रण देंगे।

# सीएम की उपस्थिति में ग्रामीण संपर्क मार्ग को जमीन देने लिए हुए राजी

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

### बैठक में सोनीपत की दो परियोजनाओं को लेकर चर्चा हुई

**राष्ट्रीय** राजमार्ग 334-बी को राष्ट्रीय राजमार्ग-44 से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की उपस्थिति में उपायुक्त की मध्यस्थता से संबंधित गांवों के ग्रामीण संपर्क मार्ग के लिए अपनी जमीन देने को निर्धारित की गई कीमत पर देने को राजी हुए हैं।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हाई पावर्ड लैंड परचेज कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उपायुक्त ललित सिवाच शामिल हुए। बैठक में सोनीपत की दो परियोजनाओं को लेकर चर्चा हुई। इसमें प्रमुख रूप से एनएच-44 को एनएच-334 बी से जोड़ने के लिए प्रस्तावित संपर्क मार्ग के निर्माण को लेकर विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने संपर्क मार्ग के लिए अधिग्रहित भूमि की समीक्षा करते हुए ग्रामीणों की सहमति जाननी चाही। उपायुक्त ने बताया कि ग्रामीण संपर्क मार्ग का निर्माण चाहते हैं, ताकि गांव का विकास तीव्र गति से हो। मुख्यमंत्री खट्टर के निर्देश पर उपायुक्त ने संबंधित गांवों के लोगों से बैठक के दौरान ही बातचीत करते हुए उनकी सीधी बातचीत मुख्यमंत्री से करवाई। इस दौरान बैंयापुर, हरसाना कलां व हरसाना खुर्द और नसीरपुर के गांवों की अधिग्रहण के लिए चिन्हित भूमि के दाम भी निर्धारित किये गये, जिस पर ग्रामीणों ने अपनी सहमति व्यक्त की। इसके अलावा बैठक में गन्नौर में आरओबी के लिए अधिग्रहित की जाने वाली जमीन को लेकर भी रिपोर्ट तलब की।

उपायुक्त ने बताया कि आरओबी के लिए चिन्हित जमीन पर कब्जा ले लिया गया है। उपायुक्त ने विडियो कॉन्फ्रेंस के आधार पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास परियोजनाओं को गंभीरता से लेते हुए सभी आवश्यक औपचारिकताओं को समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए।

## संक्षिप्त-समाचार

### समाजसेवी के जन्मदिन पर लगाए पांच रक्तदान शिविर



धर्मशाला में रक्तदाता को बैच लगाते समाजसेवी संदीप गर्ग।

**कुरुक्षेत्र।** अनाजमंडी धर्मशाला लाडवा में रोटरी, रोटरेक्ट व इनरव्हील क्लब की ओर से स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन संदीप गर्ग के जन्म दिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा रक्तदाता को बैच लगा कर किया गया। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि रक्तदान करने से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपना रक्तदान अवश्य करना चाहिए। वहीं रोटरी क्लब के प्रधान सुमित गर्ग ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा शहर में लाडवा रसोई के नाम से लोगों को खाना खिलाने का काम किया जा रहा है। रोटरी, रोटरेक्ट व इनरव्हील क्लब के सदस्यों द्वारा केक भी काटा गया। लाडवा के गांव बड़ौदा में स्थित गुरुकुल यज्ञशाला, गांव मथाना के एचसी मैमोरियल पब्लिक स्कूल, गांव सिरसमा व बाबैन में भी समाजसेवी संदीप गर्ग के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाया गया। मौके पर विकास सिंघल, राकेश खुराना, सविन्द्र कौर, विशाल, भूपिन्द्र सिंह, रवि गिरधर, शुभम धीमान, निखिल गोयल आदि मौजूद थे।

### स्टालवार्ट फाउंडेशन ने गांव यारी में किया रसोई का शुभारंभ



गांव यारी में सब की रसोई के शुभारंभ पर राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह को हल भेंट करते समाजसेवी संदीप गर्ग।

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह मंगलवार को स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग के जन्म दिन पर गांव यारी में फाउंडेशन की ओर से चलाई गई सब की रसोई का शुभारंभ करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा एक अप्रैल को लाडवा में, 14 मई से बाबैन में और आज अपने जन्म दिन पर गांव यारी में जो सब की रसोई मात्र पांच में भरपेट खाना देने की योजना शुरू की गई है। इसकी प्रशंसा जितनी की जाए, उतनी कम है। उन्होंने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा जो समाज हित के लिए नेक कार्य किये जा रहे हैं, यह सभी कार्य करने प्रत्येक व्यक्ति के बस की बात नहीं है। शाहबाद के विधायक रामकरण ने कहा कि वह समाजसेवी संदीप गर्ग के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़े हैं और जब भी किसी भी काम की कोई भी आवश्यकता होगी, तो वह उसे पूरा करने में हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। समाजसेवी संदीप गर्ग ने सभी अतिथियों व मौजूद लोगों का उनके साथ खड़े रहने को लेकर आभार व्यक्त किया। मौके पर पूर्व विधायक बंताराम, लाडवा नपा नवनिर्वाचित प्रधान साक्षी खुराना, जिलाध्यक्ष रामकुमार खैरा, अश्वनी जैन, जसबीर जैनपुर, महेश, विष्णु, अश्वनी कुमार, राजेश सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

### उपायुक्त ने लघु सचिवालय में अधिकारियों को दिया निर्देश

**करनाल।** खाद्य, आपूर्ति एवं नागरिक उपभोक्त मामले मंत्रालय भारत सरकार द्वारा हरियाणा में करीब 12 स्थानों पर अन्न भण्डारण के लिए स्टील साइलो बनाए जाने प्रस्तावित है। इन 12 स्थानों में करनाल जिला के घरौंडा व असंध क्षेत्र का नाम भी शामिल है। गोदामों की क्षमता 25 हजार मीट्रिक टन रहेगी, जिनमें गेहूं, चावल व धान का भण्डारण किया जा सकेगा। यह जानकारी उपायुक्त अनीश यादव ने दी। वे मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में स्टील साइलो की स्थापना के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उपायुक्त ने बैठक में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए कि वे इन स्टील साइलो की स्थापना के लिए घरौंडा व असंध क्षेत्र में पंचायती जमीन की जल्दी से जल्दी पहचान की जाए और इसकी सूचना उपायुक्त कार्यालय को भेजे।

### वैश्य सम्मेलन समाज के छह महापुरुषों की जयंती हर वर्ष बनाएगा : जैन

**सोनीपत।** हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन ने दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर दानदाताओं को भामाशाह सम्मान से सम्मानित करके संदेश दिया कि संकट में समाज व देश हित में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले को हमेशा इतिहास याद रखता है और वह भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनते हैं।

भामाशाह की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष राजीव जैन ने कहा कि पहली बार प्रदेश में भामाशाह जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर उन दानवीर दानदाताओं को सम्मानित किया जा रहा है, जो समाज में दीन दुखियों की मदद तो बहुत करते हैं, पर कभी सार्वजनिक मंचों पर आकर सम्मान ग्रहण नहीं करते।

# नशा जीवन का नाश कर देता है : सुषमा शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**अंतरराष्ट्रीय** नशा निषेध दिवस के उपलक्ष में उदयन शालिनी फैलोशिप ने कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला की मुख्य वक्ता उदयन शालिनी की संयोजक डॉ. सुषमा शर्मा तथा लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल की युवा परामर्शदाता काउंसलर डॉ. सोनिया सतीजा रही।

डॉ. सोनिया सतीजा ने नशे से होने वाले दुष्प्रभाव पर खुल कर चर्चा की। कहा कि नशा, एक ऐसी बीमारी है जो कि युवा पीढ़ी को लगातार अपनी चपेट में लेकर उसे कई तरह से बीमार कर उसके जीवन का नाश कर रही है। शराब, सिगरेट, तम्बाकू एवं ड्रग्स जैसे जहरीले पदार्थों का सेवन कर युवा वर्ग का एक बड़ा हिस्सा नशे का शिकार हो रहा है। आज के समय, युवा पीढ़ी इसका सेवन कर दिवास्वपन देख अपने आज को बर्बाद कर रहे हैं। विशेष रूप से लड़के इसका ज्यादा सेवन कर रहें है जो कि उनकी सेहत पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। फुटपाथ पर रहने वाले बच्चों से लेकर स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों तक के लिए यह एक गंभीर समस्या बनी हुई है।

कुछ ऐसी ही समस्याओं को दूर करने के लिए उदयन शालिनी फैलोशिप कुरुक्षेत्र ने लोगों को जागरूक करने के लिए एक कदम उठाया। किस प्रकार आज का युवा नशे की लत में फंसता जा रहा है। उन्होंने बताया कि लड़के ही इसका शिकार नहीं हो रहे हैं आज के समय में बहुत सी लड़कियां जहरीले पदार्थों का सेवन करती हैं।



डॉ. सुषमा शर्मा ने बताया कि 26 जून को दुनियाभर में यह दिवस एक साथ मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को नशा और इससे होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि नशा करने के लिए सिर्फ मादक पदार्थों की ही जरुरत नहीं होती, बल्कि व्हाइटनर, नेल पॉलिश, पेट्रोल आदि की गंध, ब्रेड के साथ विक्स और झंडु बाम का सेवन करना, कुछ इस प्रकार के नशे भी किए जाते हैं, जो बेहद खतरनाक होते हैं।

साथ ही उन्होंने कई ऐसे अनुभव भी साझा किए जिनकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है शालिनी को जागरूक करना था ताकि वे समाज में बढ़ रहे नशे जैसी खतरनाक बीमारियों से देश को मुक्ति दिला सके। कार्यशाला में उदय शालिनी असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर निशा की अहम भूमिका रही।

### विश्वकर्मा पार्क में किया पौधारोपण

**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन द्वारा विश्वकर्मा पार्क में चलाया पोधा रोपण अभियान चलाया। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने कहा कि आज की मुहिम में फलदार व छायादार बेलगरी, जामुन के 10 पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि पेड़ों के बगैर धरती पर जीवन संभव नहीं है, तापमान दिन प्रति बढ़ता ही जा रहा है। तापमान का सामान्य पेड़ पौधे ही कम कर सकते है। वन ही जीवन है सभी ने मिलकर इस मुहिम को एक जनांदोलन तक लेकर जाना है, ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके। बारिश के मौसम में सभी को पोधा रोपण करना चाहिए। इस अवसर पर दिलबाग सिंह, विश्वकर्मा मंदिर के प्रधान राजसिंह, रविंद्र हुड्डा, अमित, मोनू गहलावत, पवन छिकारा, विजय, प्रदीप, मुकेश, विजय, हरकेश, रवि, भारत, संदीप उपस्थित रहे।

# शिवभक्त कमल कामरा ने चाकलेट से कराया शिवलिंग का श्रृंगार



शिवलिंग श्रृंगार के साथ श्री शिव कृपा श्रृंगार समिति के सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद

### चॉकलेट श्रृंगार को शिव मंदिर से देश विदेश में जुड़े लाखों श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ मंदिर के फेसबुक तथा इंस्टाग्राम पेज पर किया अपलोड

**ऐतिहासिक** प्राचीन श्री शिव मंदिर में मंगलवार प्रातः काल से शिव भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालु शिवलिंग पर दूध, जल, बेलपत्र, भांग, धतूरा, दही, शहद, गंगाजल तथा चंदन तिलक आदि अर्पण करते रहे। शिव मंदिर के विद्वान विप्र पंडित सुनील शर्मा द्वारा पूरे विधि-विधान से पूजा कराने के उपरांत सभी श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रांगण में विराजित ठाकुर श्री वृंदावन बिहारी लाल व राधा रानी सरकार, मां सरस्वती, मां काली, शनि देव, हनुमान जी महाराज तथा बाबा मारकंडे जी के चरणों में भी शीश नवाया।

श्री मारकंडेश्वर महादेव शिव मंदिर सभा के तत्वावधान में कार्य कर रही श्री शिव कृपा श्रृंगार समिति द्वारा गौरव वर्मा की अगुवाई में प्रतिदिन होने वाले संध्या श्रृंगार की श्रृंखला में भगवान भोलेनाथ के साक्षात स्वरूप स्वयंभू शिवलिंग को चॉकलेट से सजाया गया। शिवभक्त कमल कामरा द्वारा अपने जन्म दिवस के उपलक्ष्य में कराए गए चॉकलेट श्रृंगार में भोले बाबा अपने आसपास सजे चॉकलेट के बीच एक बालक की भांति प्रतीत हो रहे थे।

श्री शिव कृपा श्रृंगार समिति द्वारा चॉकलेट श्रृंगार को शिव मंदिर से जुड़े देश-विदेश में लाखों श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ मंदिर के फेसबुक तथा इंस्टाग्राम पेज पर अपलोड किया गया। संध्या आरती उपरांत शिवलिंग श्रृंगार में उपयोग की गई समस्त सामग्री को प्रसाद स्वरूप श्रद्धालुओं में वितरित किया गया।

श्रृंगार तथा संध्या आरती के दौरान श्री मारकंडेश्वर महादेव शिव मंदिर सभा के सचिव संजीव भसीन, विजय शर्मा, राज कुमार सलूजा, वीरेंद्र मनचंदा, ललित अरोड़ा, प्रवेश शर्मा, गौरव अरोड़ा, गौरव वर्मा व संदेश सलूजा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



### लॉन टेनिस खिलाड़ी वरदान ने कोटा में जीता स्वर्ण पदक

**सोनीपत।** कोटा राजस्थान में आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस प्रतियोगिता में लिटल एंजल्स के होनहार जूनियर खिलाड़ी वरदान ने अंडर-14 बालक वर्ग के युगल मुकाबले के फाइनल मैच में कृष्णा के साथ खेलते हुए राजस्थान की टीम को 6-4, 6-3 के स्कोर से हराकर युगल वर्ग का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 115 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। लेक डायरेक्टर नरेन्द्र नेगी ने बताया कि वरदान अपने आयु वर्ग में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने वरदान को बधाई दी और उसको भविष्य में भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# गृहमंत्री अनिल विज से मिले नवनिर्वाचित नपा अध्यक्ष गुलशन क्वातरा

### अनिल विज ने क्वातरा को कहा, अगर कोई अफसर तंग करे तो मुझे बताएं

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद



**नगरपालिका** शाहाबाद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गुलशन क्वातरा मंगलवार को हरियाणा के गृह, स्वास्थ्य एवं शहरी निकाय मंत्री अनिल विज से उनके निवास पर मिले। यहां पहुंचने पर अनिल विज ने गुलशन क्वातरा की पीठ थपथपाई और भारी मतों से हुई जीत पर बधाई दी।

शाहाबाद पहुंच कर गुलशन क्वातरा ने बताया अनिल विज ने उन्हें कहा है कि नगरपालिका अध्यक्ष पद पर विराजमान होने के बाद अगर कोई अफसर या कर्मचारी उन्हें तंग करता है, तो मुझे बताएं। अनिल विज ने कहा कि नगर पालिका शाहाबाद द्वारा रुके हुए विकास कार्यों और नए विकास योजनाओं को शपथ ग्रहण समारोह के तुरंत बाद ही हरी झंडी दी जाएगी। इस मौके अध्यक्ष के साथ वार्ड-1 के पार्षद राजेश कुमार उप्पल, शुभम साहनी, रिम्पी भसीन और जगदीप सिंह मौजूद रहे।

### अधिकारी लंबित फाइलों का जल्द करें निपटारा : विज

विज ने अध्यक्ष के माध्यम से नगर पालिका शाहाबाद के अफसरों और कर्मचारियों को संदेश भेजा है कि वे अपनी टेबल की लंबित फाइलों का जल्द निपटारा करें। वे जल्दी ही शाहाबाद नगरपालिका का दौरा करेंगे, इसलिए विभागीय निरीक्षण के दौरान यदि उन्हें किसी अधिकारी की टेबल या कर्मचारी की दराज में फाइलें लंबित मिली, तो उसकी खैर नहीं। विज यहीं नहीं रुके, उन्होंने अफसरों को अपनी कार्यशैली का उदाहरण भी दिया। विज ने कहा कि जब वे बीमार होने के बावजूद काम कर सकता हूं, तो अधिकारी क्यों नहीं कर सकते।

# सीएनएच इंडस्ट्रियल कैपिटल इंडिया ने किसानों के फायदे के लिए शुरू किया वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम

### अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत, सीएनएच इंडस्ट्रियल कैपिटल इंडिया हरियाणा और उत्तर प्रदेश में 600 किसानों को शिक्षित करना चाहता है



पायनियर समाचार सेवा। रोहतक/झज्जर

**सीएनएच** इंडस्ट्रियल के वित्तीय सेवा प्रभाग, सीएनएच इंडस्ट्रियल कैपिटल इंडिया ने हरियाणा और उत्तर प्रदेश में किसानों को शिक्षित करने के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम शुरू किया है। अपनी सीएसआर पहल के तहत, कंपनी वित्तीय साक्षरता, कृषि यांत्रिकीकरण, बायोमास प्रबंधन और राज्य कृषि सब्सिडिज जैसे विषयों पर 600 किसानों को प्रशिक्षित करेगी। इन सत्रों का संचालन हरियाणा के भिवानी, महेंद्रगढ और चरखी दादरी गांवों; और उत्तर प्रदेश के सोनभद्र एवं हरदोई जैसे प्रमुख कृषि क्षेत्रों में किया जाएगा।

चरखी दादरी जिले में 15 जून को लॉन्च हुआ यह विशिष्ट प्रोग्राम शुरुआत में किसानों को बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, बीमा, निवेश, फर्जीवाड़ा से सुरक्षा और वित्तीय नियोजन की बुनियादी अवधारणाओं से अवगत कराने में मदद करेगा। इसके बाद होने वाले सत्र में सरकार की विभिन्न पहलों पर ध्यान दिया जाएगा जिसमें कृषि/बागबानी सब्सिडीज, कृषि यांत्रिकीकरण योजनाओं और दूसरे मूल्य-वर्धित दृष्टिकोण शामिल हैं। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में फसल अवशेष प्रबंधन, कृषि उपकरणों के लिए वित्तीय योजनाओं और राज्य सरकार द्वारा पेश की जाने वाली रीजनल सब्सिडीज पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सीएनएच इंडस्ट्रियल कैपिटल इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर विशाल चौधरी ने कहा, उभरती प्रौद्योगिकियों, नीतियों और दूसरी सरकारी योजनाओं के बारे में भारत के किसानों को शिक्षित करने से वित्तीय बोझ को कम करना तथा तेजी से आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

यह पहल किसान समुदाय के बीच उनकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए उपलब्ध संसाधनों को लेकर जागरूकता बढ़ाएगी। हमें पूरा भरोसा है कि इस कार्यक्रम के समापन पर, किसान अपने वित्त का बेहतर ढंग से प्रबंधन करने और अपना स्थायी तरीके से उत्पादन करने में समर्थ होंगे।

### छह व्यक्तियों की कोविड रिपोर्ट आई पॉजिटिव

**कुरुक्षेत्र।** जिले में अलग-अलग स्थानों से कुल 630 कोविड के सैंपल लिए गए, जिसमें आरटीपीसीआर के 376, रैपिड एंटीजन के 254 सैंपल शामिल है। इस जिले में पॉजिटिव केसों की रिकवरी रेट 98.36 पर है और सैंपल पॉजिटिव रेट 3.66 पर है। इस प्रकार अब जिले में कोरोना एक्टिव केसों की संख्या 45 है। मंगलवार को छह व्यक्तियों की रिपोर्ट कोविड पॉजिटिव आई है और 7 मरीजों को रिकवर होने पर डिस्चार्ज किया गया है।

# इस्कॉन द्वारका में की जाएगी भगवान जगन्नाथ के स्वागत की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**श्रद्धा** और प्रेम के भावों को लिए भक्त भगवान की सेवा करने का बहाना ढूंढते हैं और उन्हें यह मौका भगवान प्रदान भी करते हैं। भगवान के प्रति अपनी भक्ति प्रदर्शित करने का एक सुअवसर गुंडिचा मार्जन उत्सव के दिन भक्तों को मिल रहा है। 30 जून को सारे भक्त इस्कॉन द्वारका मंदिर में एकत्रित होंगे और अपनी बारी-बारी से मंदिर की धुलाई और सफाई का काम आरंभ करेंगे।

इस उत्सव का उद्देश्य यह है कि किस प्रकार मनुष्य को शुद्ध तथा शांत हृदय में भगवान कृष्ण का स्वागत करना चाहिए। यदि कोई चाहता है कि भगवान उसके हृदय में विराजमान हों तो सबसे पहले उसे अपने हृदय को निर्मल बनाना चाहिए अर्थात चेतोदर्पण मार्जनम् हो सके। मनुष्य को अपने हृदय को उसी तरह स्वच्छ रखना होगा जिस तरह महाप्रभु ने गुंडिचा मंदिर को स्वच्छ रखा था। इसके पीछे कथा यह है कि जब भगवान जगन्नाथ अपना अनवसर काल (विग्रह का निवृति काल पूर्ण होने के बाद का समय) समाप्त करके भक्तों को दर्शन देने के लिए तैयार होते हैं तब उनके स्वागत के लिए भक्तजनों द्वारा मंदिर की अच्छी तरह साफ-सफाई की जाती है।

आज से 500 वर्ष पूर्व श्री चैतन्य महाप्रभु (श्रीकृष्ण) ने भी अपने भक्तों और संगियों के साथ जगन्नाथ पुरी स्थित गुंडिचा मंदिर को अनेकों घड़ों पानी और झाड़ुओं से धोया-बुहारा और उसकी अच्छी तरह साफ-सफाई की थी। महाप्रभु ने मंदिर के भीतर की हर चीज को यहां तक कि छत, दीवारों व फर्श को भी बहुत अच्छी तरह से साफ किया। इस्कॉन द्वारका में उत्सव की शुरुआत प्रातः 8 बजे से ही आरंभ हो जाएगी। गुंडिचा मार्जन पर व्याख्यान के बाद 9 बजे प्रसाद वितरण होगा। फिर सफाई-धुलाई में भक्तजन बढ़-चढ़ कर भाग लेंगे और अपने हृदय का मार्जन करेंगे।

## प्रेरणा



**विकेश भारतीय**
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

बुझी हुई शमां के साथ कोई परवाना क्या जलेगा,
जलती हुई शमां के साथ, लाखों जलते हैं,
जिसे खुद पर यकीन नहीं, उसके साथ कोई क्या चलेगा,
जिसे खुद पर भरोसा है, उसके साथ जमाने चलते हैं।


AAVAS FINANCIERS
आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड
( पूर्व में " ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड " के नाम से ज्ञात ) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रियल एरिया, जयपुर-302020

**कब्जा नोटिस**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड ( पूर्व में " ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड " के नाम से ज्ञात ) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए " वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 " की धारा 13( 12 ) और सहपठित प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अत: ऋणियों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13( 4 ) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिकृत तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न वाली के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड ( पूर्व में " ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड " के नाम से ज्ञात ) के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| सुरेश कुमार, श्रीमति प्रियंका जमानतदार : चन्द्रवीर खाता सं. LNPPT06819-200135428 | 8 मार्च 22 ₹ 750544.00 बकाया दिनांक 7 मार्च 2022 तक | आवासीय सम्पत्ति स्थापित ग्राम गोली, लाल डोरा, तहसील बल्लाह, जिला करनाल. क्षेत्रफल 110.88 वर्ग गज | भौतिक कब्जा दिनांक 27 जून 2022 |

स्थान : जयपुर   दिनांक 29-06-2022   प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# अवैध खनन स्वीकार्य नहीं, रोकथाम के लिए उठायें सख्त कदम : उपायुक्त

## एनजीटी तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशों की अनुपालना करें सुनिश्चित

**ओवरलोडिंग की नियमित रूप से जांच तथा रात्रि के समय जांच के दिए निर्देश**

**उपायुक्त ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक लेते हुए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**



जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक लेते डीसी सिवाच।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**उपायुक्त** ललित सिवाच ने कड़े शब्दों में कहा कि अवैध खनन स्वीकार्य नहीं है। अवैध खनन की रोकथाम के लिए सख्त कदम उठाये जायें। इस दिशा में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशों की पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित की जाए। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग मिलेगा।

उपायुक्त सिवाच मंगलवार को अवैध खनन रोकने के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खनन नियमानुसार ही किया जाए। अवैध रूप से खनन पर पूर्ण पाबंदी है। यदि कहीं इस प्रकार की सूचना मिलती है तो तुरंत कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्धारित समय पर खनन बंद करवाना सुनिश्चित करें। इसके लिए पुलिस सहायता भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

उपायुक्त ने खनन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से रात्रि के समय भी जांच करें। इसके लिए उन्हें पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। स्टॉक से भी ओवरलोडिंग नहीं होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने आरटीओ विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ओवरलोडिंग गाड़ियों को पकड़े और जुर्माना लगायें।

ओवरलोडिंग गाड़ियों के चालान करने की कार्रवाई लगातार जारी रखी जाए। इसके लिए विशेष रूप से अभियान चलायें। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को यमुना बांध की देखरेख के निर्देश देते हुए कहा कि बांध का प्रयोग खनन के लिए नहीं होना चाहिए। इसके लिए बांध पर अवरोधक लगाये जायें। इसकी नियमित जांच करें।

### नियमों की अनदेखी स्वीकार नहीं

नियमों की अनदेखी स्वीकार नहीं होगी। यदि कोई नियमों की अवहेलना करता है तो उनको गिरफ्तार करवायें। इसके लिए उन्होंने पुलिस विभाग को पुलिस सहायता व पूर्ण सहयोग देने के निर्देश दिए। इस दौरान खनन विभाग की ओर से कुछ गांवों की सूची दी गई, जिनमें अवैध रूप से खनन की सूचनाएं मिलती हैं। इन गांवों में बेगा, पबनेरा, मेहंदीपुर, बख्तावरपुर, नांदनौर, जगदीशपुर, मनोली व झुंडपुर विशेष रूप से शामिल हैं। उपायुक्त ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि इस मामले में खनन विभाग को पूर्ण सहयोग दिया जाए। अवैध खनन रोकना हमारा धर्म भी है और फर्ज भी है। सबके एकजुट प्रयासों से सफलता निश्चित है।



# 'जागो करनाल, प्लास्टिक त्यागो' के संदेश को लेकर निकाली जागरूकता रैली

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**नगर** निगम आयुक्त नरेश नरवाल के जागो करनाल-प्लास्टिक त्यागो करनाल के संदेश को लेकर मंगलवार को नगर निगम की ओर से शहर में एक जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली पुराने निगम कार्यालय से प्रारम्भ होकर पुराने बस स्टैंड, क्लॉक टावर से होती हुई विभिन्न बाजारों में गई। रैली में शामिल सिटी टीम लीडर प्रशांत त्यागी, ट्रीगर मास्टर गुरदेव और उनकी मोटीवेटर टीम के सदस्यों ने दुकानदारों व ग्राहकों को प्लास्टिक का प्रयोग न करने और कपड़े के थैले प्रयोग करने के लिए जागरूक किया।

संयुक्त निगमायुक्त शंभू राठी ने बताया कि प्लास्टिक का प्रयोग स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनो के लिए हानिकारक है। इसे देखते एकल प्रयोग प्लास्टिक और इससे निर्मित चीजों के ब्रिकी और उपयोग को, आगामी एक जुलाई से निषेध किया गया है। अब राज्य में कोई भी व्यक्ति अप्रयुक्त और पुन: चक्रीकरण प्लास्टिक से बने कैरीबैगों और कप, गिलास, प्लेट, टम्बलर, चम्मच, कांटे, स्ट्रा, मिठाई डिब्बों के इर्द-गिर्द पैक करने वाली फिल्में, निमंत्रण कार्ड,सिगरेट के पैकेट, 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर जैसी वस्तुओं का विनिर्माण, स्टॉक, वितरण या ब्रिकी नहीं कर सकेगा।

### जुर्माने का प्रावधान

जो व्यक्ति उपरोक्त बताए गए हानिकारक प्लास्टिक और उससे निर्मित सामान की ब्रिकी करेगा, उसका चालान कर जुर्माना राशि वसूल करने का प्रावधान रखा गया है। इसके तहत सौ ग्राम प्लास्टिक तक 500 रुपये जुर्माना, 101 ग्राम से 500 ग्राम तक 1500 रुपये, 501 ग्राम से एक किलोग्राम तक 3 हजार रुपए, एक किलोग्राम से अधिक और पांच किलोग्राम तक 10 हजार रूपये, 5 किलोग्राम से अधिक 10 किलोग्राम तक 20 हजार रुपये और 10 किलोग्राम से ज्यादा प्लास्टिक पाए जाने पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

## संक्षिप्त-समाचार

### बाइक चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



**करनाल।** जिला पुलिस करनाल की स्पेशल यूनिट असंध इंचार्ज उप निरीक्षक ऋषिपाल व उनकी सहयोगी टीम द्वारा बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा दो मोटरसाईकिल बरामद की गई हैं। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत भेज दिया। पुलिस के अनुसार एएसआई नरेन्द्र व मुख्य सिपाही खेमचंद की अध्यक्षता में टीमों द्वारा आरोपी रोहित उर्फ चिल्लू, जोनी पुत्र वासियान राजौंद जिला कैथल, सुमित, रोहित उर्फ गोल्डी वासियान संतोख माजरा थाना राजौंद जिला कैथल को सूचना पर असंध में अलग-अलग जगह से चोरीशुदा दो मोटरसाईकिलों सहित गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी रोहित उर्फ चिल्लू व जोनी द्वारा थाना असंध के एरिया से मोटरसाईकिल चोरी की कुल तीन व थाना राजौंद जिला कैथल के एरिया से मोटरसाईकिल चोरी की दो वारदातों को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया। इसके अलावा आरोपी सुमित व रोहित उर्फ गोल्डी ने थाना असंध के एरिया से मोटरसाईकिल चोरी की कुल चार वारदातों को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी विभिन्न प्रकार का नशा करने के आदी हैं। आरोपी नशा पूर्ति के लिए रुपए कमाने के लिए मोटरसाईकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी आदतन अपराधी है। आरोपी सुमित, रोहित उर्फ चिल्लू व जोनी के खिलाफ पहले भी मोटरसाईकिल चोरी व घरों में चोरी करने के एक-एक मामले दर्ज हैं। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी एंकात जगह पर खडी मोटरसाईकिलों को निशाना बनाते थे। आरोपी मोटरसाईकिलों में कोई पुरानी चाबी लगाकर या लॉक खुली मोटरसाईकिलों को चोरी करके मौका से फरार हो जाते थे और जिस मोटरसाईकिल में पुरानी चाबी नहीं लगती थी उस मोटरसाईकिल आरोपी मौका पर छोड़ फरार हो जाते थे।

# स्मैक की तस्करी करते दो गिरफ्तार कब्जे से 51.75 ग्राम स्मैक बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**पुलिस** अवैध नशे के कारोबार व नशा तस्करी पर लगाम लगाने के लगातार प्रयासरत है। उप निरीक्षक ऋषिपाल के नेतृत्व में कार्यरत स्पेशल यूनिट असंध की टीम द्वारा स्मैक की तस्करी करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से भारी मात्रा में स्मैक भी बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 51.75 ग्राम स्मैक बरामद की।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि उप निरीक्षक की अध्यक्षता में स्पेशल यूनिट असंध की टीम अपराध रोकथाम के लिए सालवन चौक बाईपास असंध पर मौजूद थी।

उसी समय टीम को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि वसीम व आजम वासियान सहारनपुर उत्तर प्रदेश जो अपनी बुलेट मोटरसाईकिल पर सवार होकर पानीपत की तरफ से असंध आएंगे और उनके पास स्मैक है। प्राप्त सूचना के आधार पर टीम द्वारा डेरा फुला सिंह रजबाहा पुल पर नाकांबदी शुरू की गई। दौराने नाकाबंदी कुछ सयम बाद उक्त नम्बर वाली एक बुलेट मोटरसाईकिल आती हुई दिखाई दी।

# पर्यावरण को कैसे सुरक्षित बनाएं, अधिकारियों ने किया मंथन

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड क्षेत्रीय अधिकारी ने योजना का खाका रखा सामने**

**जिला** पर्यावरण योजना के क्रियान्वयन को लेकर लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में डीसी की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में अधिकारियों ने मंथन किया कि किस प्रकार पर्यावरण को सुरक्षित रखा जाए, किस प्रकार पर्यावरण को बेहतर बनाया जाए।

यहीं नहीं अधिकारियों ने मीटिंग में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए, जिन पर गहनता के साथ विचार विमर्श किया गया। डीसी ने सभी अधिकारियों से कहा कि पर्यावरण योजना को लागू करने के लिए सभी को पूरी गंभीरता के साथ काम करना चाहिए ताकि ग्लोबल वार्मिंग से होने वाली परेशानियों को काफी हद तक रोका जा सके।

हरियाणा राज्य प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के एक्सईएन शैलेंद्र अरोड़ा ने योजना को लागू करने के लिए प्रजेंटेशन अधिकारियों के समक्ष रखा साथ ही बताया कि किस प्रकार से हम सब मिलकर योजना को अमलीजामा पहना सकते है। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते पर्यावरण को बनाएं रखने के लिए कार्य नहीं किया तो आने वाले समय मुसीबतों का सामना करना पड़ सकता है। पर्यावरण के नुकसान होने से ग्लोबल वार्मिंग की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिसका नतीजा गेहूं की पैदावार के रूप में देखा जा सकता हैं। असमय पड़ी गर्मी की वजह से फसलों को नुकसान उठाना पड़ा हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बिगड़ने से असमय बरसात, असमय भीषण गर्मी सहित अन्य विपदा आने की संभावना रहती हैं।

इन सभी संकटों को देखते हुए पर्यावरण योजना को लागू करने के लिए सभी को साथ मिलकर काम करना होगा तभी हम सफल हो पाएंगे। मीटिंग में नगर निगम मेयर रेणु बाला गुप्ता, एसडीएम ने भी पर्यावरण की बेहतरी के लिए विचार व्यक्त किए।

### मीटिंग में इन मुद्दों पर किया गया विचार विमर्श

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, सी एंड डी अपशिष्ट प्रबंधन, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन, खतरनाक अपशिष्ट प्रबंधन, ई-अपशिष्ट प्रबंधन, वायु गुणवत्ता प्रबंधन, औद्योगिक अपशिष्ट जल प्रबंधन, जल गुणवत्ता प्रबंधन, खनन गतिविधि प्रबंधन योजना, ग्रामीण क्षेत्रों में अपशिष्ट प्रबंधन,विविध गतिविधियां सहित अनेक मुद्दे शामिल रहे।

# आवारा श्वानों ने नोंच डाला 10 वर्षीय बच्चे को, मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**मंगलवार** को धर्मनगरी में दिल दहला देने वाला घटना सामने आई है। खेत में पेड़ के नीचे सो रहे 10 वर्षीय एक बच्चे को 5-6 आवारा श्वानों ने नोच डाला। अफरा-तफरी में खून से लथपथ बच्चे को लेकर परिजन जब हस्पताल में पहुंचे, तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की शिनाख्त अमन पुत्र चंद्रपाल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार हरदोई यूपी निवासी चंद्रपाल अपने परिवार के साथ कुरुक्षेत्र के गांव चनारथल में जरनैल सिंह के खेत में धान की रोपाई करने के लिए आया था। दिन में वह खेत में धान लगा रहे थे। इसी बीच उसकी बेटी अंजलि और दस साल का बेटा अमन जामुन खाने के लिए लिए साथ लगते खेत में चले गए।

वहां से अंजलि परिजनों के पास लौट आई। मगर अमन वहीं जामुन के पेड़ के नीचे सो गया। पेड़ के नीचे सोए अमन पर 5-6 आवारा श्वानों ने हमला बोल दिया। श्वानों ने अमन का सिर और गर्दन नोंच डाली। जब तक परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, अमन की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। केयूके पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# किसान लखविंदर सिंह ने ऑनलाइन प्रणाली से की मुख्यमंत्री से बातचीत

**टपका सिंचाई प्रणाली से खेती कर रहे हैं किसान**

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने गांव समानी में खेत में खड़े किसान लखविंदर सिंह से सूक्ष्म सिंचाई के बारे में आनलाइन वीडियो कॉल के माध्यम से करीब दो मिनट बातचीत की। इस ऑनलाइन प्रणाली से जैसे ही किसान लखविंदर सिंह ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल की आवाज को सुना, तो किसान की खुशी का ठिकाना न रहा।

इस किसान ने पलक झपकते ही अपने खेतों में सूक्ष्म सिंचाई से गन्ना, तिल और बागवानी की फसल के बारे में विस्तार से फीडबैक दे दी। इस फीडबैक को सुनकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी खुश नजर आए। यह खुशी इसलिए नजर आई कि माई काडा के माध्यम से सूक्ष्म सिंचाई की योजनाओं का लाभ सीधा किसान तक पहुंच रहा है और सीधी बातचीत के दौरान किसानों से अच्छी फीडबैक भी मिल रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल पंचकूला से आजादी के अमृत महोत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला में 100 फुट से कम जल स्तर के गांवों में 7500 सूक्ष्म सिंचाई के प्रदर्शन प्लांट स्थापित करने को लेकर आयोजित कार्यक्रम के जरिए आनलाइन प्रणाली से करनाल, अंबाला, फतेहाबाद और कुरुक्षेत्र के किसानों से सीधे जुड़े और हर जिले से एक-एक किसान से बातचीत करके सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के बारे फीडबैक ली।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी जिलों के किसानों से बातचीत करने के उपरांत कुरुक्षेत्र के गांव समानी के किसान लखविंदर सिंह से आनलाइन प्रणाली वीसी के माध्यम से जब बातचीत की, तब किसान लखविंदर सिंह अपने फार्म हाउस में खड़े हुए थे। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले किसान लखविंदर सिंह के खेत-खलिहानों और परिवार के कुशलक्षेम पूछने के बाद सूक्ष्म सिंचाई से किसानों को हो रहे फायदों के बारे में जानकारी हासिल की है। इस मौके पर एमआई काडा विभाग से एसडीओ सुमित कुमार, अटल जल डीपीएमयू से सतविन्द्र सिंह आईईसी एक्सपर्ट, कमलेश कुमार ग्राउंड वाटर एक्सपर्ट, एमआई काडा विभाग से कुलदीप सिंह जेलदार व वीरेंद्र सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### पानी की एक-एक बूंद बचाने का कर रहे प्रयास



किसान लखविंदर सिंह ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को खुशी-खुशी फीडबैक देते हुए कहा कि गांव समानी में सूक्ष्म सिंचाई के जरिए गन्ने की फसल की खेती कर रहे है और दो कनाल भूमि पर सूक्ष्म सिंचाई के माध्यम से तिल की खेती भी कर रहे है। इसके अलावा बागवानी विभाग के सहयोग से फलों के 50 से ज्यादा पौधे लगाए है और अब वे बागवानी की तरफ आगे बढ़ रहे है। इन फसलों में सूक्ष्म सिंचाई का प्रयोग करने से 50 से 60 फीसदी पानी की बचत कर रहे है और 10 से 15 फीसदी उत्पादन में भी इजाफा हुआ है। पानी की एक-एक बूंद बचाने का प्रयास कर रहे है। बरसात के पानी को खेतों तक ले जाने के भी पुख्ता प्रबंध किए है।

# टेस्ट के जरिए विद्यार्थियों का करेंगे मूल्यांकन : डीसी

**नई शिक्षा नीति के तहत बदल रहे पढ़ाई के तौर-तरीके**


नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा अधिकारियों की मीटिंग लेते डीसी।

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**नई शिक्षा** नीति के तहत शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में लर्निंग लेवल यानि सीखने का स्तर बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इसी मकसद से अगले मास जुलाई में पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के मूल्यांकन टैस्ट लिए जाएंगे और कुछ अंतराल के बाद सम्भवत: जुलाई के अंत में टेस्ट के आधार पर विद्यार्थी का मूल्याकंन किया जाएगा।

मंगलवार को उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में इस संदर्भ को लेकर मिनि सचिवालय के सभागार में एक बैठक का आयोजन हुआ। मीटिंग में जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा, सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी, असिसटेंट ब्लॉक रिसोर्स कॉर्डिनेटर यानि एबीआरसी तथा ब्लॉक रिसोर्स पर्सन यानि बीआरपी शामिल हुए। टैस्ट से बच्चों की बेसलाइन बनाने के लिए तीन स्तर बनाए गए हैं। एल-1 में 50 से 60 प्रतिशत अंक, एल-2 में 34 से 50 प्रतिशत तथा एल-3 में 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले बच्चों का मूल्यांकन करके उनकी पढ़ाई पर जोर दिया जाएगा, इसके लिए सुबह एक घण्टे की अतिरिक्त क्लास ली जाएगी, जो रेगुलर क्लास से अलग होगी।

मीटिंग में जिला शिक्षा अधिकारी व अन्य शिक्षाविदों के साथ इस विषय पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिए कि हर बच्चे का लर्निंग लेवल कितना है, सम्बंधित टीचर के हवाले से विद्यालयवार इसकी जानकारी होनी चाहिएं। उसी के आधार पर लर्निंग से कितने बच्चों के स्तर को सुधारा गया है, उसका विश्लेषण कर एक डाटा तैयार करें और उसी आधार पर अगले वर्ष के लिए स्ट्रैटेजी पर फोकस करें। उन्होंने मीटिंग में मौजूद डीईओ, डीईईओ, एबीआरसी तथा बीआरपी से कहा कि स्कूलों में औचक निरीक्षण कर बच्चों की पढ़ाई और ज्ञान का लेवल चैक करें। इस तरह के निरीक्षण की संख्या बढ़ाई जाएं। प्रत्येक अधिकारी महीने में कम से कम 15 बार विजिट करें।

### शिक्षा के मामले में पंजाब से आगे हरियाणा

जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल ने उपायुक्त को बताया कि शिक्षा में हरियाणा पंजाब से आगे है। करनाल जिला का जिक्र करते उन्होंने बताया कि गत दो वर्षों से जिला में दसवीं व बारहवीं के परीक्षा परिणामों पर गौर करें तो इसमें काफी सुधार हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि जिला में 487 प्राईमरी, 1018 मिडल, 60 उच्च विद्यालय और 116 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हैं।

# जियो और डिजिबॉक्स ने साझेदारी की

**पायनियर समाचार सेवा।** हिसार / रोहतक

**जियो सेट-टॉप बॉक्स पर जियो फोटोज के लिए बेहतरीन डिजिटल अनुभव मिलेगा**

**रिलायंस** इंडस्ट्रीज लिमिटेड की डिजिटल सेवा इकाई, जियो प्लेटफॉर्म लिमिटेड और इंडियन फाइल स्टोरेज एवं शेयरिंग प्लेटफॉर्म डिजिबॉक्स ने नए स्टोरेज समाधान विकसित करने के लिए साझेदारी की है। इससे जियो के मौजूदा और भावी उपभोक्ताओं की क्लाउड स्टोरेज सर्विस की जरूरतें पूरी हो सकेंगी।

इस साझेदारी से हाल ही में पेश किए गए 20 जीबी के स्टोरेज स्पेस के अलावा यूजर को जियो फोटोज ऐप के माध्यम से साइनअप करने पर डिजिबॉक्स पर 10 जीबी का अतिरिक्त स्पेस मिलेगा। रजिस्टर्ड यूजर्स यहां सुरक्षित फोल्डर बना सकते हैं, फोटो अपलोड कर अपने स्मार्टफोन से तुरंत फोटो और वीडियो शेयर कर सकते हैं। ऑटो सिंक को सक्षम बनाकर जियो के उपभोक्ता अब इसमें अपने पर्सनल डेटा भी स्टोर कर सकते हैं। जियो सेट-टॉप बॉक्स के यूजर्स अपने डिजिबॉक्स अकाउंट को जियो फोटोज ऐप से जोड़ सकते हैं, जो हर जियो सेट-टॉप बॉक्स पर पहले से ही लोड होता है, जिससे वह अपनी पर्सनल फोटो और वीडियो को अपलोड और एक्सेस कर सकते हैं। जियो सेट-टॉप बॉक्स पर यूजर्स अलग-अलग क्लाउड स्टोरेज जैसे गूगल फोटोज, जियो क्लाउड पर कंटेंट को एक्सेस कर सकते हैं। इसके साथ ही वह जियो सेट-टॉप बॉक्स पर फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया गया कंटेंट भी स्टोर कर सकते हैं।

जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी किरण थॉमस ने कहा, मेड इन इंडिया स्टोरेज प्लेटफॉर्म डिजिबॉक्स के साथ साझेदारी करके हम बेहद उत्साहित हैं।

हमारा मानना है कि उनकी ये पेशकशें सुरक्षित, तेज, सहज और विश्व स्तर के हैं। ये एकीकरण उन सभी जियो यूजर्स को बेमिसाल अनुभव प्रदान करेंगे, जो अतिरिक्त स्टोरेज समाधानों की तलाश कर रहे हैं। अब एक्सट्रा स्पेस आसानी से हासिल किया जा सकता है।

डिजिबॉक्स के सीईओ अर्णव मित्रा नेकहा, हम जियो प्लेटफॉर्म के साथ अपनी नई साझेदारी से बेहद उत्साहित हैं। जियो के यूजर्स को इस कारण से काफी फायदा होगा। यह साझेदारी एपीआई के एकीकरण से ज्यादा है। जियो और डिजिबॉक्स दोनों कंपनियों से जुड़ी अलग-अलग प्रतिभाएं भारत में क्लाउड स्टोरेज और उपयोगिता को बदलने के समान लक्ष्य से एक साथ आई हैं।

# पुलिस ने धमकी देकर फिरौती मांगने वाले आरोपी गिरफ्तार किए

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**आरोपियों ने शराब का ठेका न चलाने देने की दी थी धमकी**

**शराब** का ठेका नहीं चलने देने की धमकी देकर दो लाख रुपये की फिरौती मांगने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की माने तो आरोपियों के खिलाफ पहले ही कई गंभीर धाराओं में मामले चल रहे है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि

शिकायतकर्ता कुलविन्द्र सिंह वासी बलाना जिला पानीपत ने थाना सेक्टर 32/33 में एक शिकायत दी। जिसमें उसने बताया कि दिनांक 12 जून से उसकी कम्पनी चुहड़ सिंह ने करनाल के फूसगढ़ व अन्य कई जगहों पर शराब के ठेके लिए हुए हैं। उसने बताया कि रोबिन नाम का व्यक्ति उससे दो लाख रुपये महीने फिरौती की मांग करता है। 20 जून को भी वह व्यक्ति शिकायतकर्ता के ठेके पर से सेल्समैन को धमका कर छह बोतल मंहगी शराब की बोतल ले गया और अगले दिन फिर से धमकी देकर गया कि दो लाख रुपएमहिना की फिरौती दो नहीं तो ठेके को नही चलाने देगा। मामले की गंभीरता देखते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। मामले की आगामी तफ्तीश एएसआई संदीप कुमार को सौंपी गई।

### जांच में खुलासा आरोपी बदमाश किस्म का व्यक्ति

आरोपी से पूछताछ में जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी एक बदमाश किस्म का व्यक्ति है। आरोपी के खिलाफ पहले भी जिला करनाल के थाना सदर में आबकारी अधिनियम, जान से मारने की धमकी देने, आर्म्स एक्ट, हत्या करने का प्रयास और लड़ाई झगड़े के चार मामले व थाना सिविल लाईन में हत्या करने के प्रयास का एक मामला दर्ज हैं।

# दिल्ली में एमएसएमई को मिल रहा है फ्लिपकार्ट के राष्ट्रीय बाजार का ऐक्सेस

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



**भारत** के स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट परिचालन संबंधी नियमित मदद, ग्राहकों से जुड़ी जानकारी और कारोबार से जुड़ी काउंसिलिंग करके एमएसएमई की मदद करता रहा है, ताकि यह पक्का किया जा सके कि उनका ऑनलाइन कारोबार बिना किसी परेशानी के चलता रहे। फ्लिपकार्ट ने पहले के मुकाबले अधिक समावेशी ई-कॉमर्स ईकोसिस्टम बनाने के लिए नई क्षमताएं विकसित करने की भी घोषणा की है, ताकि विक्रेता पार्टनर्स की वृद्धि, समृद्धि और सशक्तिकरण में योगदान दिया जा सके।

दिल्ली की अनीता प्रेमचंद चौहान जैसे लोगों की कहानियां दर्शाती हैं कि डिजिटल बदलाव, स्थानीय कारोबारों में कितने बदलाव ला सकते हैं। अनीता प्रेमचंद चौहान गृहिणी से उद्यमी बनी हैं और दिल्ली की रहने वाली हैं। अनीता शिक्षिका थीं लेकिन वे अपनी नौकरी जारी नहीं रख सकीं। अपने परिवार की मदद से अनीता ने रसोई से जुड़े उत्पाद खरीदने और उन्हें ऑनलाइन बेचने का निर्णय लिया। करीब तीन साल पहले वह फ्लिपकार्ट विक्रेता बन गईं। जब उन्होंने शुरुआत की थी तब उन्हें हर दिन एक या दो ऑर्डर मिलते थे, जबकि आज उन्हें हर दिन करीब 100 ऑर्डर मिलते हैं। अपने पारिवारिक कारोबार में वृद्धि की संभावनाएं देखते हुए अजय ने भी अपनी नौकरी छोड़ने और अनीता के ऑनलाइन कारोबार में मदद करने का फैसला किया। अब यह कारोबार छह मेहनती लोगों की टीम मिलकर चलाती है। अनीता आने वाले महीनों में अपने कारोबार का विस्तार करने की भी योजना बना रही हैं।

ऐसे ही एक विक्रेता इकरामुल्लाह खान हैं जो दिल्ली के रहने वाले 50 वर्ष के सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी हैं। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने उन्होंने परिधान बेचने का कारोबार शुरू किया, लेकिन कुछ व्यक्तिगत कारणों से उन्हें वह कारोबार भी बंद करना पड़ा। इसके बाद उनके भाई और उनके कुछ दोस्तों ने उन्हें फ्लिपकार्ट पर ऑनलाइन विक्रेता बनने की सलाह दी। वह 2021 में पुरुषों और महिलाओं के कपड़े बेचने के लिए फ्लिपकार्ट पर विक्रेता बन गए और इन दिनों अपने कारोबार का विस्तार करने में लगे हुए हैं। शुरुआत में उन्हें हर दिन 5 से 10 ऑर्डर मिलते थे, लेकिन अब उन्हें औसतन 70 से 80 ऑर्डर मिलते हैं। उनके कारोबार से उन्हें हर महीने करीब 8 से 9 लाख रुपये की कमाई होती है।

उन्होंने कहा कि फ्लिपकार्ट की ओर से उनके लिए तय किए गए अकाउंट मैनेजर ने उनका मार्गदर्शन किया और इससे उन्हें काफी मदद मिली। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी बिक्री 10 से 20 फीसदी तक बढ़ गई और खास तौर पर त्योहारों के दौरान।

# जी7 नेताओं के लिए उपहार देश के अलग-अलग राज्यों से आए थे

## किसी को गुलाबी मीनाकारी कलाकृति तो किसी को इत्र भेंट किया

जी7 शिखर सम्मेलन

एजेंसी। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने जर्मनी में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन में शिरकत करने वाले राष्ट्राध्यक्षों को विभिन्न उपहार भेंट किए, जिन्हें उन्होंने उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों से मंगवाया था।

आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को वाराणसी से मंगाई गई गुलाबी मीनाकारी कलाकृति भेंट की। वहीं, जर्मन चांसलर ओलाफ शॉल्ज को उन्होंने मुरादाबाद से मंगाए गए कफलिंक और ब्रोच दिए। सूत्रों के मुताबिक, मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा को उत्तर प्रदेश के निजामाबाद से मंगाए गए काली मिट्टी के बर्तन भेंट किए, जबकि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को उपहार में प्लेटिनम का टी-सेट दिया। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों को लखनऊ से मंगाए गए जरदोजी के डिब्बे में रखी इत्र की शीशियां दीं। वहीं, इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्रागी को उन्होंने आगरा के संगमरमर का टेबल टॉप भेंट किया। सूत्रों ने बताया कि सेनेगल में हाथ से बुनाई की पुरानी परंपरा को देखते हुए मोदी ने देश के राष्ट्रपति के लिए तोहफे में मूंज की टोकरियां और कपास की दरी चुनी।

### इंडोनेशिया के राष्ट्रपति को दिए राम दरबार से जुड़े बर्तन

प्रधानमंत्री ने रामायण के साथ इंडोनेशियाई संस्कृति के स्थाई जुड़ाव को देखते हुए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विदोदो को राम दरबार से जुड़े बर्तन भेंट किए। इन बर्तनों को वाराणसी से मंगाया गया था, जो प्रधानमंत्री मोदी का संसदीय क्षेत्र है। सूत्रों के मुताबिक, मोदी ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को कश्मीर का मशहूर उत्पाद रेशमी कालीन भेंट की। प्रधानमंत्री जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने और विभिन्न देशों के नेताओं के साथ द्विपीय वार्ता करने के बाद मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) रवाना हो गए।

## न्यायमूर्ति शर्मा बने दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा ने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पद की मंगलवार को यहां शपथ ग्रहण की। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उपराज्यपाल के सचिवालय राज निवास में आयोजित एक समारोह के दौरान 60 वर्षीय न्यायमूर्ति शर्मा को शपथ ग्रहण कराई। इस समारोह में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तथा आम आदमी पार्टी के विधायक सोमनाथ भारती और मदन लाल भी शामिल हुए। इस दौरान वरिष्ठ न्यायाधीश एवं वकील भी मौजूद रहे। न्यायमूर्ति शर्मा इससे पहले तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में सेवाएं दे चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मुंबई में आवासीय इमारत ढहने से तीन लोगों की मौत

**मुंबई।** मुंबई में सोमवार देर रात चार मंजिला आवासीय इमारत ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 13 अन्य लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुर्ला को नाइक नगर सोसायटी में स्थित आवासीय इमारत का एक विंग सोमवार देर रात ढह गया। उसके नजदीक स्थित दूसरे विंग के गिरने की आशंका भी बनी हुई है। उन्होंने बताया कि घायलों को घाटकोपर तथा सायन के सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बृहन्मुंबई महानगर निगम (बीएमसी) के आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने बताया कि तीन लोगों की मौत हो गई है और चार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि नौ अन्य लोगों को प्राथमिक उपचार देने के बाद छुट्टी दे दी गई। चहल ने बताया कि दमकल विभाग के अनुसार, इमारत के मलबे में सात-आठ लोग ही फंसे हुए थे, जबकि पुलिस को संदेह है कि मलबे के नीचे और लोग हो सकते हैं। चहल ने कहा, मैंने दमकल विभाग और एनडीआरएफ से सावधानी से (खोज एवं बचाव) अभियान चलाने का आह्वान किया है, क्योंकि मलबे के नीचे अब भी कुछ और जिंदा लोग हो सकते हैं।

### वाम दलों ने जुबैर की रिहाई की मांग की

**नई दिल्ली।** वाम दलों ने एक न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर की गिरफ्तारी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि यह कैसे हो सकता है कि नफरत फैलाने वाले आजाद घूम रहे हों और उन्हें बेनकाब करने वाले को सलाखों के पीछे डाल दिया जाए। इन दलों ने यह भी कहा कि जुबैर को तत्काल रिहा किया जाना चाहिए।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा ने ट्वीट किया, नफरत के बोल बोलने वालों को शासकों का संरक्षण मिल रहा है। देश को बदनाम करने वाले तथाकथित अराजक तत्वों को बचाया जा रहा है। उन्होंने कहा, वैज्ञानिक सोच की रक्षा करने के लिए काम रहे मोहम्मद जुबैर जैसे पत्रकारों को सलाखों के पीछे डाला जा रहा है, यह निंदनीय है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने ट्वीट कर कहा, नुपुर फ्रिंज शर्मा आजाद घूम रही हैं। नफरती बोल को दुनिया के सामने लाने वाले मोहम्मद जुबैर के खिलाफ शासन कार्रवाई कर रहा है। इधर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम एचुरी ने कहा, जुबैर को तत्काल रिहा किया जाए। मोदी सरकार हर उस चीज से असुरक्षित हो जाती है जो उसके दुष्प्रचार की फर्जी हेट मशीन को बेनकाब करती हो।

### पाकिस्तान में टीकाकरण टीम पर हमला, तीन की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तरी वजीरिस्तान कबायली जिले में मंगलवार को अज्ञात हमलावरों ने पोलियो रोधी टीकाकरण करने गई टीम पर हमला कर दिया, जिसमें दो पुलिसकर्मियों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। अफगानिस्तान से लगे इस जिले में इस साल पोलियो के नौ मामले सामने आ चुके हैं, जिसके खिलाफ टीकाकरण अभियान के सिलसिले में एक टीम घर-घर जा रही थी। तभी बंदूकधारियों ने टीम पर हमला कर दिया, जिसमें टीम के एक सदस्य और उन्हें सुरक्षा प्रदान कर रहे दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हालिया समय में पाकिस्तान में पोलियो रोधी टीकाकरण अभियानों में शामिल कर्मियों पर हमले बढ़े हैं। इस साल मार्च में उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में बंदूकधारियों ने एक महिला पोलियो कर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी थी, जो पोलियो रोधी अभियान में हिस्सा ले कर लौट घर लौट रही थी।

### परमाणु समझौते पर बातचीत करेंगे ईरान-अमेरिका

**दुबई।** ईरान और अमेरिका मंगलवार को कतर में अप्रत्यक्ष वार्ता शुरू करने के लिए तैयार हैं, जिसका उद्देश्य वैश्विक शक्तियों के साथ तेहरान के परमाणु समझौते को पटरी पर लाने का रास्ता खोजना है। ईरान के लिए अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि रॉब माली वार्ता से पहले सोमवार रात कतर पहुंचे। कतर में अमेरिकी दूतावास ने कहा कि माली ने कतर के विदेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मुलाकात की और ईरान के साथ मुद्दों को सुलझाने के संयुक्त कूटनीतिक प्रयासों पर चर्चा की। हालांकि, दूतावास ने माली की यात्रा के बारे में कोई अन्य विवरण देने से इनकार किया। ईरान और वैश्विक शक्तियों के बीच 2015 में परमाणु समझौते पर सहमति बनी, जिसके तहत तेहरान ने आर्थिक प्रतिबंधों को हटाने के बदले में यूरेनियम के संवर्धन को काफी हद तक सीमित कर दिया।

# ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए संजय राउत, मिला अतिरिक्त समय

## दस्तावेज एकत्रित करने के लिए 14 दिन का समय मांगा था

एजेंसी। मुंबई

**शिवसेना** के सांसद संजय राउत ने धन शोधन के एक कथित मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश होने के लिए मंगलवार को अतिरिक्त समय मांगा, जिसकी अनुमति एजेंसी ने उन्हें दे दी। राउत के वकील ने यह जानकारी दी।

राउत के वकील पेशी के लिए अतिरिक्त समय देने की मांग को लेकर पूर्वाह्न करीब सवा 11 बजे जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। वकील ने कहा, ईडी का समन सोमवार देर रात मिला था। ईडी ने कुछ दस्तावेज मांगे हैं, इसलिए हमने कुछ अतिरिक्त समय देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, इतने कम समय में उन दस्तावेजों को एकत्रित करना संभव नहीं था, इसलिए हमने ईडी से समय मांगा था और उसने हमें समय दे दिया है। वकील ने बताया कि उन्होंने 14 दिन का समय मांगा था। इस बीच, राउत ने पत्रकारों से कहा कि वह पार्टी के कुछ कार्यक्रमों में व्यस्त हैं और उसके बाद केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय जाएंगे।

शिवसेना के प्रमुख प्रवक्ता ने कहा, कुछ लोग हमें जेल पहुंचाना और राज्य चलाना चाहते हैं, जैसा कि आपातकाल के दौरान हुआ था।

राउत ने आपातकाल के दौरान राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ की गई ज्यादतियों को उसके समानांतर करार दिया और कहा कि वह दूसरी आजादी के लिए सलाखों के पीछे जाने को तैयार हैं। ईडी ने राउत को मुंबई की एक चॉल के पुनर्विकास और उनकी पत्नी तथा दोस्तों से जुड़े अन्य वित्तीय लेन-देन से संबंधित धन शोधन के कथित मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए मंगलवार को तलब किया था। राउत को ऐसे समय में तलब किया गया है, जब शिवसेना के कुछ विधायकों की बगावत की वजह से महाराष्ट्र की महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार के भविष्य पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं।



### 'मैं एक सांसद हूं मुझे कानून पता है'

राउत ने कहा, मैं अपने काम निपटाने के बाद ईडी के समक्ष पेश हो जाऊंगा। मैं एक सांसद हूं, मुझे कानून पता है। भले ही कानून प्रवर्तन एजेंसियां गलत तरीके से काम कर रही हैं, लेकिन मैं कानून का पालन करने वाला व्यक्ति हूं। राउत ने सोमवार को कहा था कि उनके राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ उनकी लड़ाई रोकने की साजिश के तहत उन्हें ईडी ने तलब किया है। उन्होंने बताया था कि वह मंगलवार को एजेंसी के सामने पेश नहीं हो पाएंगे, क्योंकि उन्हें अलीबाग (रायगढ़ जिला) में एक बैठक में हिस्सा लेना है। महाराष्ट्र के मंत्री अनिल परब अपने खिलाफ दर्ज धन शोधन के एक मामले में पिछले सप्ताह पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश हुए थे।

### धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए एक जुलाई को तलब किया

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिवसेना के सांसद संजय राउत को मुंबई की एक चॉल के पुनःविकास और उनकी पत्नी और मित्रों से जुड़े अन्य वित्तीय लेन-देन से संबंधित धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए मंगलवार को नया नोटिस जारी किया और उनसे शुक्रवार को एजेंसी के समक्ष पेश होने को कहा। इससे पहले केंद्रीय एजेंसी ने राज्यसभा के सदस्य राउत से कहा था कि वह मंगलवार को दक्षिण मुंबई में स्थित संघीय जांच एजेंसी के दफ्तर में उसके अधिकारियों के सामने पेश हों और धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत अपना बयान दर्ज कराएं। राउत ने मंगलवार को एजेंसी के समक्ष पेश होने में असमर्थता जताते हुए कहा था कि ईडी उन्हें पेश होने के लिए नई तारीख दे दे। उन्होंने इसके लिए आधिकारिक प्रतिबद्धताएं और अलीबाग में एक जनसभा में शामिल होने का हवाला दिया था।

### राउत ने नोटिस को साजिश बताया

इससे पहले उन्होंने सोमवार को ईडी के समन को साजिश करार देते हुए ट्वीट भी किया था, अब मैं समझता हूं कि ईडी ने मुझे समन क्यों भेजा है। महाराष्ट्र में बड़े घटनाक्रम चल रहे हैं। बाला साहेब के हम सभी शिव सैनिक एक बड़ी लड़ाई में शामिल हो गए हैं। यह साजिश चल रही है। मेरी गर्दन कट जाए तो भी मैं गुवाहाटी के रास्ते पर नहीं जाऊंगा।

## यूपी सरकार के पहले सौ दिनों का लक्ष्य 30 जून तक पूरा करें : सीएम योगी

एजेंसी। लखनऊ



### एक समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए आदेश

### सरकार ने सौ दिनों की कार्ययोजना जनता तक पहुंचाने का प्लान बनाया

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सभी विभागों को निर्देश दिया कि सरकार के प्रथम 100 दिनों का लक्ष्य हर हाल में 30 जून, 2022 तक पूरा कर लिया जाए। मंगलवार को यहां अपने सरकारी आवास पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने यह हिदायत दी।

उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गठित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने इसी वर्ष 25 मार्च को दोबारा शपथ ली थी। सरकार के गठन के बाद सभी विभागों के लिए प्रथम सौ दिन, छह माह, एक वर्ष, दो वर्ष और पांच वर्ष के लिए कार्ययोजना तय की गई है।

मंगलवार को जारी यहां एक सरकारी बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने शुरुआती 100 दिनों की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए बताया कि पांच जुलाई को राज्य सरकार अपने दूसरे कार्यकाल के प्रथम 100 दिन पूरे कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने 100 दिनों की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने की कार्ययोजना बनाई है और चार जुलाई को राज्य स्तर पर संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी जाएगी। योगी ने कहा कि राज्य सरकार के सभी मंत्री और जनप्रतिनिधि जनता के बीच जाएं तथा राज्य सरकार द्वारा लिए गए संकल्पों के क्रम में अब तक हुई कार्यवाही की प्रगति से जनता को अवगत कराएं।

इसके अलावा आगामी छह माह के लक्ष्य के बारे में भी जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ का हरिहरपुर संगीत साधकों की पुरातन स्थली है, इसलिए, संगीत जगत के प्रतिष्ठित विभूतियों से परामर्श कर उनकी मंशानुरूप कला-संगीत साधकों के हित में आवश्यक प्रस्ताव तैयार किया जाए और बिलासपुर (रामपुर) चीनी मिल का सुदृढ़ीकरण का कार्य यथाशीघ्र किया जाए।

# नफरत फैलाने वालों को छू तक नहीं रही भाजपा : ममता बनर्जी

### कहा, सच बोलने वालों की हो रही गिरफ्तारी

### तीस्ता सीतलवाड़ की गिरफ्तारी को लेकर साधा केंद्र पर निशाना

एजेंसी। पश्चिम बंगाल



**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को जुबैर अहमद और कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ की गिरफ्तारी को लेकर मंगलवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

पश्चिम बर्धमान जिले के आसनसोल में पार्टी की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने अग्निपथ सेना भर्ती योजना को लेकर भी केंद्र पर निशाना साधा और कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले बड़ा घोटाला व जुमलों की राजनीति का एक और उदाहरण करार दिया।

बनर्जी ने कहा, आपने मोहम्मद जुबैर और तीस्ता सीतलवाड़ को क्यों गिरफ्तार किया है? उन्होंने क्या गलत किया है? क्या सच बोलना या सच को उजागर करना अपराध है? जो लोग इस सरकार के खिलाफ बोल रहे हैं, उन्हें या तो एजेंसियों का इस्तेमाल करके परेशान किया जा रहा है या उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है। पैगंबर मोहम्मद के बारे में निलंबित भाजपा नेता नुपुर शर्मा की विवादित टिप्पणी का जिक्र करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि देश में नफरत और हिंसा फैलाने वालों को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है। बनर्जी ने कहा कि देश में नफरत और हिंसा फैलाने वालों को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है, कोई कार्वाई नहीं की जा रही है।

उन्होंने कहा कि समुदायों के बीच दुश्मनी पैदा करने वालों को उन्होंने (भाजपा ने) छुआ तक नहीं, लेकिन ऐसे लोगों के खिलाफ लड़ने वालों को परेशान किया जा रहा है। अग्निपथ योजना के बारे में बनर्जी ने कहा कि केंद्र को इसके तहत भर्ती किए गए सैनिकों की सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष तक बढ़ानी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि वे चार साल का अनुबंध खत्म होने पर अनिश्चित भविष्य का सामना करेंगे।

# अग्निपथ के खिलाफ प्रस्ताव को मान ने समर्थन दिया

एजेंसी। चंडीगढ़



### कहा, इस योजना के खिलाफ सभी राज्यों को प्रस्ताव लाना चाहिए

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सेना में भर्ती से संबंधित अग्निपथ योजना के खिलाफ प्रस्ताव पेश करने के नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा के सुझाव का मंगलवार को समर्थन किया। विधानसभा में जारी बजट सत्र में शून्य काल के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बाजवा ने अग्निपथ का मुद्दा उठाया और कहा कि इस योजना से पंजाब के युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

बाजवा ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि योजना के चलते सेना में पंजाब का प्रतिनिधित्व मौजूदा 7.8 प्रतिशत से गिरकर भविष्य में 2.3 प्रतिशत रह जाएगा। बाजवा ने कहा, यह योजना पंजाब के हितों के खिलाफ है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अग्निपथ योजना के खिलाफ मौजूदा विधानसभा सत्र में संयुक्त प्रस्ताव लाने की मांग की। मान ने मामले को भावनात्मक मुद्दा करार दिया और बाजवा के सुझाव का समर्थन करते हुए कहा कि देश के सभी राज्यों की विधानसभाओं को इस योजना के खिलाफ प्रस्ताव लाना चाहिए। मान ने बाजवा के सुझाव पर जवाब देते हुए कहा, मैं इसके (योजना के) खिलाफ हूं और आपसे सहमत हूं। मान ने कहा कि इस पर विचार किया जाएगा।

# ओडिशा विधानसभा को मिलेगा एक नया नेता प्रतिपक्ष

## 29 और 30 जून को राज्य कार्यकारिणी की बैठक में होगा निर्णय

### नेता प्रतिपक्ष के लिए जेपी नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष को प्रस्ताव भेजा

एजेंसी। भुवनेश्वर।



**ओडिशा** विधानसभा में नए अध्यक्ष, सरकार के मुख्य सचेतक और संसदीय कार्य मंत्री की नियुक्ति के बाद मानसून सत्र में सदन में नेता प्रतिपक्ष के रूप में एक नए चहरे के नजर आने की संभावना है। ओडिशा विधानसभा का मानसून सत्र दो जुलाई से शुरू हो रहा है। सत्र चार अगस्त तक चलेगा और इसमें 24 कामकाजी दिन होंगे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक दल के नेता प्रतिपक्ष के रूप में एक नए व्यक्ति को नियुक्त करने की संभावना है, क्योंकि सदन में मौजूदा विपक्ष के नेता एवं भवानीपटना के विधायक प्रदीप कुमार नाइक कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद से करीब एक साल से अस्पताल में भर्ती हैं। भाजपा 29 और 30 जून को अपनी दो दिवसीय राज्य कार्यकारिणी की बैठक करेगी, जिसमें नए नेता प्रतिपक्ष के चयन पर निर्णय किया जा सकता है। पार्टी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पूर्व मंत्री एवं संबलपुर के विधायक जयनारायण मिश्रा, मुख्य विपक्षी सचेतक एवं क्योंझर के विधायक मोहन चरण मांझी और देवगर के विधायक सुभाष पाणिग्रही के नाम इस पद पर नियुक्ति के लिए चर्चा में हैं।

उन्होंने बताया कि प्रदीप नाइक क्योंकि पश्चिमी ओडिशा से ताल्लुक रखते हैं, इसलिए संभावना है कि नया नेता प्रतिपक्ष भी उसी क्षेत्र से हो। भाजपा वहां तटीय व दक्षिणी ओडिशा की तुलना में बेहतर स्थिति में है। मिश्रा और मांझी दोनों पश्चिमी ओडिशा से नाता रखते हैं। भाजपा विधायकों ने नए नेता प्रतिपक्ष के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष समीर मोहंती को प्रस्ताव भेजा है।

# ईडी ने एबीआईएल समूह के अध्यक्ष को हिरासत में लिया

एजेंसी। मुंबई

### एस्टेट डेवलपर से 360 करोड़ रुपये से अधिक की रिश्वत लेने का आरोप

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक कथित मामले में एबीआईएल समूह के अध्यक्ष अविनाश भोंसले को हिरासत में ले लिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

भोंसले को इससे पहले यस बैंक के संस्थापक राणा कपूर और दीवान हाउसिंग फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के कपिल वधावन से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गिरफ्तार किया था। वह मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद थे।

अधिकारी ने बताया कि ईडी के अधिकारियों ने सोमवार शाम उन्हें जेल से अपनी हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने पहले बताया था कि यस बैंक-डीएचएफएल बैंक धोखाधड़ी मामले की सीबीआई जांच में ऑटो चालक से रियल एस्टेट कारोबारी बने पुणे के अविनाश भोंसले की संलिप्तता सामने आई थी, जिन्होंने एक बिचौलिए के रूप में कथित तौर पर एक अन्य रियल एस्टेट डेवलपर से 360 करोड़ रुपये से अधिक की रिश्वत ली थी।

अधिकारियों के मुताबिक, सीबीआई ने यह भी पाया कि रेडियस डेवलपर्स ने भोंसले की कंपनियों को 68.8 करोड़ और 292 करोड़ रुपये से अधिक के दो भुगतान किए हैं। रेडियस डेवलपर्स के मालिक छाबड़िया को हाल ही में इस मामले में गिरफ्तार किया गया था।

# छात्रों को एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिग्री करने का मिलेगा मौका

## एनएचईक्यूएफ को लागू करने के लिए हो रही विश्वविद्यालयों से चर्चा

### यूजीसी के अध्यक्ष ने बताया सुविधा उन्हीं छात्रों को मिलेगी जो चार साल की स्नातक डिग्री पा चुके हैं

एजेंसी। नई दिल्ली



**सरकार** ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिशों के आधार पर राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अर्हता ढांचा (एनएचईक्यूएफ) तैयार किया है, जिसमें छात्रों के लिए एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम का प्रावधान किया गया है। हालांकि यह सुविधा उन्हीं छात्रों को मिलेगी जिन्होंने चार वर्षीय स्नातक डिग्री कार्यक्रम पूरा कर लिया होगा।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष प्रो. जगदीश कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अर्हता ढांचा (एनएचईक्यूएफ) को लागू करने को लेकर देश में विश्वविद्यालयों सहित विभिन्न पक्षकारों के साथ चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा कि आयोग का लक्ष्य छात्रों को डिग्री प्राप्त करने को लेकर अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करना है। आयोग के अधिकारियों के अनुसार एनएचईक्यूएफ के प्रावधान के तहत छात्र एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम कर सकेंगे, लेकिन यह उन्हीं छात्रों के लिए होगा जिन्होंने चार वर्षीय स्नातक डिग्री कार्यक्रम पूरा कर लिया हो। वैसे छात्र जिन्होंने तीन वर्षीय स्नातक डिग्री किया होगा, उन्हें दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम करना होगा।

उन्होंने कहा कि एनएचईक्यूएफ का स्वरूप मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की तर्ज पर होगा जहां कोई भी अपना सेवा प्रदाता तो बदल सकता है लेकिन उसका मोबाइल नंबर नहीं बदलता है। उन्होंने इसी प्रकार से छात्र कोर्स करते हुए एक संस्थान से दूसरे संस्थान में जा सकते और अपनी डिप्लोमा, डिग्री पूरा कर सकते हैं। अधिकारियों के अनुसार एनएचईक्यूएफ के तहत पठन-पाठन को कई स्तरों में बांटा गया है, हर स्तर पर क्रेडिट प्रदान किया जाएगा और हर स्तर पर छात्रों को संस्थान बदलने की सुविधा होगी। इसमें अकादमिक क्रेडिट, डिजिटल विश्वविद्यालय सहित ऑनलाइन शिक्षा, ऑनलाइन

### हर स्ट्रीम के छात्र आएंगे एनएचईक्यूएफ के तहत

कुमार ने कहा, हम भारत में उच्च शिक्षा प्रणाली को व्यवस्थित करके इसे एक साझा प्लेटफार्म में लाना चाहते हैं। यह ज्ञान, कौशल, क्षमता, मूल्यों पर आधारित होगा। इसमें संवैधानिक, नैतिक एवं आचार संबंधी मूल्यों पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोग का लक्ष्य रोजगारोन्मुखी कौशल विकास करना है। उन्होंने कहा कि छात्र चाहे कला, विज्ञान, मानविकी, इंजीनियरिंग सहित किसी भी विषय से संबंधित होंगे, वे सभी एनएचईक्यूएफ के तहत आएंगे। एनएचईक्यूएफ के मसौदा दस्तावेज के अनुसार, राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अर्हता ढांचे की शुरुआत 4.5 स्तर से होगी, जिसमें प्रथम वर्ष स्नातक कार्यक्रम के छात्र होंगे। स्तर 5 से 5.5 में जटिल विचारों की विवेचना एवं मूल्यांकन तथा अतिरिक्त प्रतिस्पर्धी कौशल पर जोर होगा। स्तर 6 में शोध कार्य के तरीके एवं तकनीक पर जोर होगा। स्तर 6.5 से सात विभिन्न संकायों में स्नातकोत्तर डिग्री से संबंधित होंगे जबकि स्तर आठ पीएचडी कार्यक्रम से संबंधित होगा। डिग्री, एक साथ दो या दो से अधिक डिग्री प्राप्त करने का अवसर देने का प्रावधान किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि एनएचईक्यूएफ को सीखने की क्षमता के आधार पर 11 स्तरों में बांटा गया है। इ

# ईस्टर्न पेरीफेरल पर डकैती करने वाले 5 बदमाशों से मुठभेड़

## एक सप्ताह पहले की थी वारदात, दो आरोपियों के पैर में लगी गोली

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


घायल बदमाशों को ले जाती पुलिस।


वारदात में प्रयोग में लाई गई कार


बरामद हथियार।

**करीब** 9 दिनों पहले ग्रेटर नोएडा के ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर डकैती करने वाले 5 बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ के दौरान 2 बदमाशों के पैर में गोली लगी है। जबकि, तीन बदमाशों को पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार जिस दौरान बदमाशों को पकड़ने का प्रयास कर किया जा रहा था, उस समय इन बदमाशों ने पुलिस पर जानलेवा हमला करते हुए गोली चलाना शुरु कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस द्वारा चलाई गई गोली दो बदमाशों के पैर में लगी है। इसी दौरान तीन बदमाश मौके से भाग रहे थे, लेकिन पुलिस ने उनको भी दबोच लिया है। इन बदमाशों ने ग्रेटर नोएडा में करीब 9 दिनों पहले ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर डकैती की थी ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि करीब 9 दिनों पहले ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर एक वारदात हुई थी।

एक वैगनआर गाड़ी में सवार करीब 5 बदमाशों ने एक ट्रक चालक से ट्रक लूट लिया था। यह ट्रक फरीदाबाद से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे से होता हुआ ग्रेटर नोएडा की तरफसे रवाना हो रहा था।

बदमाशों ने दादरी थाना क्षेत्र अंतर्गत आजायब पुर इलाके में अपनी वैगनआर गाड़ी को ट्रक के आगे लगाकर पहले चालक के साथ मारपीट की और फिर उसको बंधक बना लिया। इस मामले में पीड़ित ने बताया कि बदमाशों ने उसको गाड़ी में बंधक बनाकर काफी समय तक एक्सप्रेसवे पर घुमाया। इस दौरान उसके साथ मारपीट भी की गई थी। मारपीट करने के बाद बदमाशों ने ट्रक चालक को नशीला पदार्थ सुंघा दिया। जिसकी वजह से वह बेहोश हो गया और बदमाशों ने डकैती की वारदात को अंजाम दिया था।

इस मामले में मंगलवार की सुबह बिसाहड़ा अंडरपास के नीचे बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में 2 बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हुए हैं। जिनकी पहचान अकबर और कुलदीप के रूप में हुई है। दोनों बदमाश बागपत के रहने वाले है।

इसके अलावा अरमान, अब्बास और सोनू उर्फनिजाम को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि बदमाशों के पास से पुलिस ने देसी तमंचा, कारतूस एवं घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की एक कार बरामद की है।

# 20 गांवों में बनेंगे खेलकूद के मैदान, जमीन चिह्नित

● योगा केंद्र, जिम और जॉगिंग ट्रैक की भी होगी सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**ग्रेटर** नोएडा के 20 गांवों में खेलकूद के मैदान बनेंगे। इन खेलकूद के मैदानों में योगा केंद्र, जिम और जॉगिंग ट्रैक भी होंगे।

ग्रेटर नोएडा में खेलकूद के साथ ही ग्रामीणों में सेहत के प्रति जागरुकता लाने के लिए प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडल के कमिश्नर सुरेन्द्र सिंह के निर्देश पर खेलकूद के मैदानों में इन सुविधाओं को भी शामिल किया गया है। इन 20 गांवों में जमीन भी चिंहित कर ली गई है। ग्रेटर नोएडा से तमाम खेल प्रतिभाएं राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहीं हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडल के कमिश्नर सुरेन्द्र सिंह की मंशा है कि गांवों में खेलकूद की और अधिक सुविधाएं विकसित की जाएं। वे हर गांव में खेलकूद की सुविधाएं विकसित करना चाहते हैं। इसीलिए नियोजन, भूलेख व प्रोजेक्ट विभाग को जमीन चिंहित करने के निर्देश दे चुके हैं।

इस पर अमल करते हुए प्राधिकरण अब तक 20 गांवों में खेलकूद के मैदान चिह्नित कर चुका है। ये गांव बादलपुर, धूम मानिकपुर, सैनी, खोदना खुर्द, जलपुरा, पतवाड़ी, ऐमनाबाद, खेड़ा चौगानपुर, हल्दौनी, हबीबपुर, रिठौरी, पाली, कुलीपुरा, रौनी, अमीनाबाद उर्फ नियाना, अमरपुर, दादूपुर दनकौर अस्तौली, घंघोला, रामपुर माजरा हैं।

सीईओ ने हाल ही में समीक्षा बैठक करते हुए इन गावों में खेलकूद के मैदान षीघ्र विकसित करने के निर्देश दिए हैं। इन खेलकूद के मैदानों में योगा केंद्र, जिम और जॉगिंग ट्रैक की सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी, ताकि हर उम्र के लोग अपनी सेहत बना सकें। उनको और अधिक सेहतमंद बनने के लिए जागरूक किया जा सके। समीक्षा बैठक में सीईओ ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अन्य विकास परियोजनाओं, मसलन फु टओवर ब्रिज, सामुदायिक केंद्र, वेंडर मार्केट, एलईडी स्ट्रीट लाइट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली। सीईओ ने इन परियोजनाओं को भी तीव्र गति से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर तय समय से पहले निपटाने के निर्देश दिए।

# 12 करोड़ में बनेगा बायोडायवर्सिटी पार्क, नगर निगम ने मांगे टेंडर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**करीब** 12 करोड़ रुपये की लागत से बायोडायवर्सिटी पार्क बनाने का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए टेंडर मांगने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

यह पार्क नया बस अड्डा महामाया स्टेडियम के पीछे करीब 36 एकड़ जमीन में बनाया जाएगा। इस जमीन पर कभी साई उपवन विकसित किया गया था। मगर चमन कॉलोनी के गंदे नाले का पानी भर जाने के कारण इस जमीन पर खड़े करीब 64 हजार पेड़ सूख गए। तब से यह जमीन खाली है। इस जमीन पर नगर निगम अभी लंबे समय से कूड़ा डालता आ रहा था। अब नगर निगम इस जमीन पर ही बायोडायवर्सिटी पार्क को विकसित करेगा। नगर निगम अब इस पार्क को विकसित करने के लिए टेंडर मांगने की प्रक्रिया पूरी कर चुका है। अब जल्दी ही टेंडर खोलने की प्रक्रिया पूरी होगी।

वैसे इससे पहले भी दो बार निगम इस प्रोजेक्ट के लिए टेंडर मांग चुका है। तब दोनों बार में एक ही टेंडर आया था। इस बार निगम को उम्मीद है कि मानक के हिसाब से तीन या इससे अधिक टेंडर आ रहे है। उद्यान विभाग को इस पार्क को विकसित करने के लिए पहले ही पैसे का आवंटन किया जा चुका है।

# यूपी बोर्ड स्कूलों में दाखिले के लिए दौड़, जुलाई से नया सत्र

● जिलेभर के कई स्कूलों में 9वीं और 11वीं कक्षा में शुरू हुई दाखिला प्रक्रिया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

*"एक जुलाई से स्कूलों में नया सत्र शुरू हो जाएगा। 9वीं में अबतक सीटों से अधिक आवेदन आ चुके हैं। काफी बच्चों को दाखिला देना मुश्किल हो रहा है। मार्कशीट आने के बाद 11वीं में भी दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।"*

**-डॉ. धर्मवीर सिंह**
**जिला विद्यालय निरीक्षक**

**उत्तर** प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परिणाम घोषित होने के बाद स्कूलों में 9वीं और 11वीं कक्षा में दाखिले के लिए दौड़ शुरू हो गई है।

कई स्कूलों ने तो मार्कशीट आने से पहले ही 11वीं कक्षा में प्रवेश लेने भी शुरू कर दिए हैं, हालांकि कुछ स्कूल मार्कशीट आने तक का इंतजार कर रहे है, जबकि 9वीं कक्षा में अधिकांश बड़े स्कूलों में दाखिले पूरे हो चुके हैं। इसका कारण कोरोना काल में सीबीएसई स्कूलों की फीस में बढ़ोत्तरी होना है, अभिभावक बच्चों को यूपी बोर्ड के स्कूलों में भेजना पसंद कर रहे हैं। कोरोना काल में बहुत से अभिभावकों का रोजगार चला गया।

वह अब बच्चों को सीबीएसई के महंगे स्कूलों में पढ़ाने में असमर्थ हो गए हैं। वहीं स्कूल खुलने के साथ ही स्कूलों ने फीस और परिवहन शुल्क में भी 80 फीसद तक इजाफा कर दिया, इस कारण उनका हाथ और तंग हो गया। परेशानियों को देखते हुए शिक्षा विभाग ने यूपी बोर्ड के स्कूलों में कुछ सीटें सीबीएसई और अन्य बोर्ड के छात्रों के लिए आरक्षित कर दी थी।

# चीनी जासूसी मामले की जांच करेगी एसटीएफ

● सभी दस्तावेज किए हासिल आरोपियों ने उगले कई राज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**चीनी** जासूसों और उन्हें शरण देने वालों की गिरफ्तारी के बाद देश की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था से जुड़े मामले की जांच यूपी एसटीएफने शुरू कर दिया है। यूपी एसटीएफके एसपी कुलदीप नारायण ने बताया कि यूपी पुलिस के महानिदेशक देवेंद्र सिंह चौहान के आदेश पर देर रात को इस मामले की जांच एसटीएफने अपने हाथों में ले लिया है।

उन्होंने बताया कि एसटीएफने मंगलवार की सुबह इससे संबंधित सारे दस्तावेज हासिल कर लिया है। एक विशेष टीम बनाकर इस मामले की जांच की जा रही है। एसटीएफ के अधिकारी सोमवार से गिरफ्तार 4 आरोपियों से भी गहनता से पूछताछ कर रहे हैं। इस दौरान आरोपियों ने कई गरे राज उगले है। चीनी जासूसों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार घरबरा गांव स्थित गेस्ट हाउस के मालिक रवि नटवरलाल ने पूछताछ में कई राज उगले हैं। आरोपी ने बताया कि नियम के अनुसार भारत में कारोबार करने वाली चीन की कंपनी में भारतीय निदेशक की नियुक्ति अनिवार्य है। इसका लाभ उठाने के लिए रवि ने कई कंपनियां तैयार कर ली थी। इन कंपनियों के नाम पर मोबाइल से जुड़े पार्ट्स और अन्य सामान की खरीद फरोख्त करता था। आरोपी आयात कर चोरी करके राजस्व को क्षति पहुंचा रहा था।

आरोपी ने चीन के दो नागरिकों के नाम भी उगले हैं, जिन्हें पुलिस तलाश कर रही है। उनमें घरबरा स्थित गेस्ट हाउस का एग्रीमेंट करने वाला जानसन और दूसरा उसका साथी बिन बताया जा गया है। इसे पूछताछ के आधार पर पुलिस ने इसके तीन अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रवि नटवरलाल को गिरफ्तार किया इससे पूछताछ के आधार पर पुलिस ने इसके तीन अन्य सहयोगियों पुष्पेंद्र, हैलूंग नेइले नेवमें उर्फ एलन और प्रदीप को गिरफ्तार किया है।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर किसानों को मुआवजा बांटना शुरू

**नोएडा।** यमुना प्राधिकरण के सेक्टर.18 और सेक्टर.20 के 21 हजार आवंटियों के लिए प्राधिकरण ने किसानों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 64.7 प्रतिशत मुआवजा बांटना शुरू कर दिया है। प्राधिकरण ने 353 किसानों को मुआवजा बांट दिया है। इससे सेक्टर.18 और सेक्टर.20 में प्राधिकरण के विकास कार्यों में आ रही रुकावट दूर हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार यमुना प्राधिकरण ने किसानों ने जमीन पर पजेशन देना शुरू कर दिया है। यमुना प्राधिकरण जल्द ही अधूरे पड़े सेक्टर.18 और सेक्टर.20 का निर्माण कार्यों को पूरा करेगा। इसके बाद दोनों सेक्टरों के 21 हजार आवंटियों को पजेशन मिलना शुरू हो जाएगा। जिससे आवंटी तय समय पर अपने प्लॉट पर निर्माण कार्य शुरू कर सकेंगे।



# ग्रेनो प्राधिकरण को लगा करोड़ों का चूना

● कौड़ियों के भाव में किसानों से खरीदी गई जमीन का प्राधिकरण से मोटी रकम का मुआवजा लिया गया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा विकास प्राधिकरण में भी यमुना प्राधिकरण की तरह मास्टर प्लान से बाहर जमीन खरीदने का मामला सामने आया है। पहले कई भूमाफिया और प्राधिकरण में तैनात अधिकारियों के रिश्तेदारों के नाम से जमीन खरीदी गई। यह जमीन अथॉरिटी के मास्टर प्लान से बाहर वाले गांवों में खरीदी गया। उसके बाद जमीन को प्राधिकरण ने खरीद लिया। कौड़ियों के भाव में किसानों से खरीदी गई जमीन का प्राधिकरण से करोड़ों रुपये मुआवजा लिया गया है। पता चला है कि यह जमीन 105 मीटर चौड़ा रोड बनाने के नाम पर 10 साल पहले खरीदी गई थी, लेकिन यह रोड आज तक बोड़ाकी गांव से आगे नहीं बढ़ पाई है।

ग्रेटर नोएडा में परी चौक से लेकर बुलंदशहर के गांवों कोटा.सनोटा के पास गंग नहर के किनारे.किनारे होते हुए हापुड़ और फिर पुरकाजी.हरिद्वार तक 105 मीटर चौड़ी सड़क बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। उस वक्त प्राधिकरण में दखल रखने वाले भूमाफिया और अफसरों के रिश्तेदारों ने प्रस्तावित सड़क का एलाइनमेंट हासिल किया। इसके रास्ते में पड़ने वाले खेतों की जमीन को रातों.रात खरीद लिया। यह सारे गांव ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मास्टर प्लान में शामिल नहीं थे। लिहाजा, जमीनों की कीमत बहुत कम थी।

### इन 17 गांवों में खरीदी जमीन

ग्रेटर नोएडा से 105 मीटर चौड़ी सड़क बनाने के लिए प्राधिकरण में 17 गांवों में जमीन की खरीद की थी। ये गांव बोड़ाकी, नई बस्ती, फूलपुर, खटाना धीरखेड़ा, घनुबास, उपरालसी, मुठियानी, गुलावठी, जारचा, बादलपुर, सादोपुर, धूम मानिकपुर, जोनसमाना समेत 17 गांव में जमीन खरीद डाली है।

# लोहे से भरे ट्रक को लूटने वाले बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़, दो बदमाश घायल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**दादरी** में लोहे से भरे ट्रक को लूटने वाले बदमाशों के साथ मंगलवार सुबह पुलिस की मुठभेड़ हो गई जिसमें पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायल बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने फरार तीन बदमाशों में से एक को पीछा कर के पकड़ लिया और गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश से मिली जानकारी के आधार पर लूटा हुआ ट्रक और लोहे का सामान बरामद कर लिया गया है। लूट के माल को खरीदने वाले दो लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। इन बदमाशों के पास से एक कार तथा देसी तमंचा एवं अन्य सामग्री बरामद हुई है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) विशाल पांडे ने बताया कि मंगलवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि एक कार में सवार कुछ बदमाश लूटपाट करने की फिराक में घूम रहे हैं।

उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी की और बिसाहड़ा मोड़ के पास बदमाशों को घेर लिया। पुलिस से खुद को घिरा पाकर बदमाशों ने पुलिसकर्मियों पर गोली चलाई। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। अपर उपायुक्त ने बताया कि पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बदमाशों की पहचान बागपत निवासी अकबर और कुलदीप के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि इनके तीन साथी अरमान, अब्बास एवं सोनू उर्फ निजाम मौके से फरार हो गए, जिनमें से अब्बास को पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। पांडे ने बताया कि अब्बास से हुई पूछताछ के आधार पर पुलिस ने लूटे हुए ट्रक एवं लोहे का सामान भी बरामद कर लिया है। लूट का माल खरीदने वाले सुशील और अंकित भाटी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# ला रेजिडेंशिया सोसाइटी में फिर पैदा हुई समस्या, पुरानी दिल्ली से भी ज्यादा बुरा हाल

एजेंसी। नोएडा



**ग्रेटर** नोएडा वेस्ट में स्थित ला रेजीडेंशिया हाउसिंग सोसाइटी में पानी सप्लाई बाधित होने की वजह से निवासी परेशान है। रविवार को पंप हाउस अंडर ग्राउंड वाटर को भरने वाली मोटर खराब होने की वजह से पूरी सोसाइटी पानी की किल्लत हो गई। जिसकी वजह से सोसाइटी में रह रहे करीब 1300 परिवार परेशान रहे। सोमवार को भी सोसाइटी में पीने के पानी की समस्या बनी रही। निवासियों ने बताया कि इस समय उनकी सोसाइटी का हाल पुरानी दिल्ली से भी ज्यादा बुरा है। जैसे आज से करीब 15 साल पहले दिल्ली के लोग पानी के टैंकर का इंतजार करते थे। उसी तरह आज सोसाइटी का हाल हो गया है। सोसाइटी के निवासी आशीष दुबे ने बताया कि ला रेजीडेंशिया सोसाइटी में 19 टावर है, जिसमें करीब 1300 परिवार रह रहे है। सोसाइटी में रविवार को दोपहर के समय पंप हाउस में गंगाजल सप्लाई के जरिए अंडर ग्राउंड टेंकर में भरने वाली पानी की मोटर खराब हो गई। जिसकी वजह से टावरो में पानी नहीं चढा सकाएऐसे में लोगों के सामने भीषण गर्मी में पीने पानी के लिए समस्या का सामना करना पड़ा। आरोप है कि सोसाइटी में रख रखाव न होने की वजह से समस्या हो रही है। बिल्डर दिवालिया घोषित है, जिसकी वजह से कई बार समस्याओं का हल बभी नहीं हो पाता है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर बिल्डर प्रबंधन और मेंटिनेस टीम से कई बार शिकायत की है, लेकिन उन्होंने हाथ खड़े कर दिए है। ऐसे में अब पानी न आने की लोग परेशान है। सोसाइटी के निवासी अमित कुमार ने बताया कि पानी की सप्लाई टावरो में न होने की वजह से टेंकर के जरिए पानी भराकर ले जाना पड़ रहा है। इसके लिए निवासियों को पानी के लिए लम्बी लाइन में लगाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि टैंकर के माध्यम से पानी भरने के लिए प्रयास किया जा रहा है,

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष
व्यवसाय में प्रवेश कर सकते हैं। वेतनभोगी लोग बैठकों और प्रस्तुतियों में भाग लेंगे जिससे उन्हें प्रगति मिलेगी। वरिष्ठों का पूरा सहयोग मिलेगा। अच्छा व्यवहार दूसरों को प्रभावित करने में मदद करेगा। प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि करेंगे। पारिवारिक जीवन शुभ रहेगा। शुभ कार्यक्रम होंगे जो उत्सव का आह्वान करेंगे। सेहत का ख्याल रखें। यात्रा पर जाने का योग बन सकता है। सावधानी बरतें।

**(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**

**भाग्यांक : 4**
**विशेष :** भगवान गणेश जी की आराधना करें।

### वृष
आज खुद को फिट महसूस करेंगे। नए स्त्रोतों से धन लाभ होगा। आपकी प्रगति निश्चित है। करीबी लोगों के साथ समय बिताने से खुशी मिलेगी। नौकरी में काम के लिए प्रशंसा होगी। मन प्रसन्न रहेगा। जो लोग फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हैं, उन्हें अच्छा ऑफर मिल सकता है। घर में कोई शुभ आयोजन हो सकता है। संतान के साथ जीवन में खुशियां बनी रहेंगी।

**(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**

**भाग्यांक : 2**
**विशेष :** सफेद गाय को मीठा खिला दें।

### मिथुन
आज शुभ फल मिलना संभव है। सकारात्मक सोच रखेंगे। लोगों को प्रभावित करने के लिए संचार कौशल का उपयोग करेंगे। नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन मिल सकता है। कुछ के लिए वांछित स्थानान्तरण भी हो सकता है। खुद का व्यवसाय चला रहे हैं, तो विस्तार योजनाओं को लागू करने अच्छा समय है। आर्थिक लाभ होगा, भौतिक चीजों पर भी खर्च करेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी।

**(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)**

**भाग्यांक : 9**
**विशेष :** मंदिर में घी का दीपक जलाएं।

### कर्क
आज बड़ा फैसला लेने से बचना चाहिए। व्यापार की धीमी गति से थोड़ी परेशानी हो सकती है। आज काम अटक सकता है। जीवनसाथी की मदद से सब ठीक हो जाएगा। काम के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। कौशल को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। शाम को समारोह में शामिल होने का मौका मिल सकता है पुराने दोस्तों से भी मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।

**(ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**

**भाग्यांक : 3**
**विशेष :** देवी सरस्वती की पूजा करें।

### सिंह
व्यावसायिक संदर्भ में काम सुचारू रूप से बढ़ेगा और स्थितियां पक्ष में होंगी। लेखन, साहित्य, कला, संगीत, सिनेमा, टीवी आदि से जुड़े लोग प्रतिभा से पहचान बनाएंगे। वित्तीय मामले बिना रुकावट के सुचारू रूप से आगे बढ़ेंगे। पारिवारिक जीवन सामंजस्यपूर्ण रहेगा और उत्सव भी हो सकते हैं। रिश्तेदारों से कोई बड़ा उपहार मिल सकता है। व्यापारिक यात्राएं लाभदायक होंगी। थकान के कारण स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। समय का सदुपयोग फायदा होगा।

**(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)**

**भाग्यांक : 2**
**विशेष :** मंदिर में एक ही नारियल चढ़ाएं।

### कन्या
आज काम पूरा करने का नया तरीका मिल सकता है, काम जल्द ही पूरा हो जाएगा। कारोबारियों को अचानक दूसरी कंपनी से जुड़ने का मौका मिल सकता है। छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा। बड़ी सफलता मिल सकती है, मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में भी खुशियां बनी रहेंगी। नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया है तो जल्द अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। धन में वृद्धि होगी। दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें, अन्यथा विवाद हो सकता है।

**(टो ,पा, पी, पू, ष, श, ण, ठ, पे, पो)**

**भाग्यांक : 9**
**विशेष :** रुद्राक्ष धारण करें।

### तुला
आत्मविश्वास के स्तर में वृद्धि देखने को मिलेगी। नई साझेदारी में प्रवेश करने का यह एक अच्छा समय है जो भविष्य में बहुत लाभदायक साबित होगा। काम पर अधिक ध्यान देंगे और अतिरिक्त प्रयास भी करेंगे। पुराना निवेश लाभदायक रहेगा। शोध से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी। पारिवारिक जीवन सौहार्दपूर्ण रहेगा। संतान के जन्म का शुभ समाचार मिल सकता है। सेहत अच्छी रहेगी छात्रों को सफलता प्राप्त होगी।

**(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )**

**भाग्यांक : 2**
**विशेष :** गले में हरा धागा धारण करें।

### वृश्चिक
आपकी कल्पना शक्ति लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगी। काम पहले से बेहतर तरीके से पूरा करेंगे। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। आज लेन-देन करने जा रहे हैं तो बड़े की राय लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। जीवनसाथी की उपलब्धियों की सराहना करें। दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी। सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कार्यों में आप काफी हद तक सफल रहेंगे। जीवन में सफल होंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )**

**भाग्यांक : 4**
**विशेष :** माथे पर चंदन का टीका लगाएं।

### धनु
व्यापार के संदर्भ में लाभकारी विकास संभव है, जो भविष्य में अच्छे परिणाम देगा। आप को पसंद के स्थान पर स्थानांतरित किया जा सकता है। छात्रों को ध्यान उचित प्रयासों में लगाना चाहिए। आर्थिक रूप से आप समृद्ध रहेंगे और नए सौदे भी आगे बढ़ेंगे। परिवार और दोस्तों का अच्छा सहयोग मिलेगा। सिंगल के लिए जल्द ही शादी की घंटी बजेगी। पवित्र स्थान की यात्रा भी कर सकते हैं। आपकी सभी परेशानियां दूर होंगी।

**(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**

**भाग्यांक : 1**
**विशेष :** जरूरतमंद को वस्त्र भेंट करें।

### मकर
बॉस से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल सकती है। लवमेट घूमने का प्लान बना सकता है। रोचक अनुभव भी प्राप्त होंगे। आज ध्यान भटकाने से बचना चाहिए। जरूरी काम पूरा करने का मन नहीं करेगा। मित्रों से अनबन की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। सभी कष्ट दूर होंगे। मित्रों का सहयोग मिलता रहेगा। पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा। माता-पिता की मदद से आपका कोई खास काम पूरा हो सकता है। परिवार का सहयोग मिलता रहेगा।

**(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)**

**भाग्यांक : 1**
**विशेष :** श्री गणेश जी की आरती का पाठ करें।

### कुंभ
मिले-जुले परिणाम का समय है। वे आपके साथ रहेंगे। अनुत्पादक गतिविधियों में अपना समय और ऊर्जा बर्बाद न करें। फैसलों पर पूरा ध्यान दें। कोई निवेश करना चाहते हैं तो विशेषज्ञ का मार्गदर्शन लेने की सलाह दी जाएगी। दोस्तों की मदद से समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। जिस व्यक्ति से आप प्यार करते हैं उसका स्वास्थ्य चिंता का विषय बन सकता है। पारिवारिक जीवन सामंजस्यपूर्ण रहेगा।

**(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)**

**भाग्यांक : 8**
**विशेष :** सोने के लिए चटाई का प्रयोग करें।

### मीन
परिवार के सदस्यों के साथ धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। कोई भी कार्य शुरू करने से पहले इष्टदेव का आशीर्वाद लें, निश्चित तौर पर लाभ होगा। व्यापार में लाभ के योग बन रहे हैं। आज मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जिससे आपको दिन भर की थकान से निजात मिलेगी। आज आप कोई काम करने के लिए पूरी तरह से तैयार रहेंगे। परिस्थितियां अनुकूल बनी रहेंगी। परिजनों का सहयोग मिलता रहेगा।

**(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**

**भाग्यांक : 6**
**विशेष :** मंदिर में रुई की बाती और घी चढ़ाएं।

**नोट :** कुंडलियों व राशियों के ग्रहों के आधार पर जीवन में घटित हो रही घटनाओं में भिन्नता हो सकती है। जानकारी के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।



# जानें क्यों होता है गर्भाशय कैंसर

गर्भाशय का कैंसर भारत में तेजी से पांव पसार रहा है। दुनिया में इस मामले में भारत का पहला नंबर है। औरतों के इसे ले कर लापरवाही बरतने की वजह से यह तेजी से फैल रहा है। दक्षिणपूर्व एशिया, भारत और इंडोनेशिशा में कुल कैंसर मरीजों का एकतिहाई हिस्सा गर्भाशय के कैंसर से पीड़ित है। 30 से 45 साल की उम्र की औरतों में इस कैंसर का ज्यादा खतरा होता है, इसलिए इस आयु की औरतों को लापरवाही छोड़ कर सचेत होने की जरूरत है।

महिलाओं में बढ़ते गर्भाशय कैंसर के बारे में दिल्ली के एम्स के डाक्टर नीरज भटला ने पिछले दिनों पटना में महिला डाक्टरों के सम्मेलन में साफतौर पर कहा कि कैंसर को पूरी तरह डैवलप होने में 10 साल का समय लगता है। अगर पेशाब में इन्फैक्शन हो या पेशाब के साथ खून आए तो उसे नजरअंदाज न करें। अगर औरतें हर 2-3 साल पर नियमित जांच कराती रहें तो इस बीमारी से बचा जा सकता है। गर्भाशय के कैंसर से बचाव के लिए हर 3 साल पर पैपस्मियर टैस्ट और स्तन कैंसर से बचाव के लिए हर 1 साल पर मैगोग्राफी करानी चाहिए। शुरुआती समय में इस का पता चलने पर आसानी से इलाज हो जाता है।

## बच सकती है जिंदगी

गौरतलब है कि देश में हर साल सवा लाख महिलाओं को बच्चेदानी का कैंसर होता है और इन में से 62 हजार की मौत हो जाती है। सर्दीजुकाम होने पर एचपीवी (ह्यूमन पौपीलोमा वायरस) औरतों के शरीर में प्रवेश कर जाता है।

सही समय पर सही इलाज हो तो दवाओं से इस वायरस को खत्म किया जा सकता है। अगर इस की अनदेखी की जाए तो यह पेट में रह कर बच्चेदानी के कैंसर की वजह बनता है। इस बीमारी के होने पर भूख कम लगती है और हमेशा भारीपन महसूस होता है।

आमतौर पर औरतों में एचपीवी (ह्यूमन पौपीलोमा वायरस) के इन्फैक्शन की वजह से भारत में गर्भाशय का कैंसर ज्यादा होता है। समयसमय पर इस वायरस की जांच करा कर इस कैंसर का पता लगाया जा सकता है। फैडरेशन औफ औब्सटेट्रिक्स ऐंड गायनोकोलौजी सोसाइटी औफ इंडिया की सचिव डाक्टर मीना सामंत कहती हैं कि इस से बचाव का सब से बेहतर और आसान तरीका यही है कि 30 साल के बाद हर औरत को एचपीवी की जांच नियमित रूप से करवानी चाहिए। इस के अलावा कैंसर से बचाव के लिए बनाया गया टीका लगवाने से भी इस से काफी हद तक बचा जा सकता है।

> कुछ शुरुआती लक्षणों को पहचान कर जानलेवा बच्चेदानी के कैंसर से बचा जा सकता है...

## समय रहते हो जाएं सचेत

गर्भाशय के कैंसर का पता अगर शुरुआती स्टेज में ही चल जाए तो औपरेशन कर इस का इलाज किया जा सकता है। डाक्टर प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि 12 से 14 साल की लड़कियों को डाक्टर की सलाह पर वैक्सिन की 3 डोज दे कर इस खतरे से बचाया जा सकता है।

कैंसर रोग स्पैशलिस्ट डाक्टर मनीषा सिंह बताती हैं कि महिलाओं में बच्चेदानी के कैंसर के मामले देश भर में तेजी से बढ़ रहे हैं। इस से बचने के लिए बच्चेदानी की नियमित जांच जरूरी है। अगर महिलाओं को शरीर के किसी भी हिस्से में किसी भी तरह के बदलाव का पता चले या कोई परेशानी बारबार होने लगे तो तुरंत डाक्टर से जांच करानी चाहिए।

## कम उम्र में शादी नहीं

गर्भाशय का कैंसर होने की और भी कई वजहें हैं। कम उम्र में लड़कियों का विवाह कर देना इस बीमारी को न्योता देने जैसा है। कच्ची आयु की लड़कियों से जबरन यौन संबंध बनाना उन्हें गर्भाशय कैंसर के कुएं में धकेलने जैसा है। ज्यादा उम्र की औरतों के गर्भधारण से भी इस कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। 35 से ज्यादा उम्र की औरतों का मां बनना मां और बच्चे दोनों के लिए खतरनाक हो सकता है।

कई लोगों से जिस्मानी रिश्ता बनाने और एचपीवी वायरस के इन्फैक्शन से भी गर्भाशय के कैंसर की चपेट में औरतों आ जाती हैं। जननांगों की साफसफाई के प्रति लापरवाही बरतने से भी इस बीमारी के चंगुल में फंसने का खतरा कई गुना ज्यादा बढ़ जाता है।

## साफ-सफाई पर दें ध्यान

डाक्टर शांति राय कहती हैं कि ज्यादातर औरतें जननांगों की साफसफाई पर खास ध्यान नहीं देती हैं। डाक्टरों के बारबार सलाह देने के बाद भी वे साफसफाई को ले कर लापरवाह रहती हैं, जो उन के लिए जानलेवा साबित होता है।

गायनोकोलौजिस्ट डाक्टर अनिता सिंह बताती हैं कि गर्भाशय से असामान्य रूप से पानी या खून निकले या फिर जिस्मानी संबंध बनाने पर खून आए तो महिलाओं को सतर्क हो जाना चाहिए। ज्यादातर महिलाओं के साथ सब से बड़ी दिक्कत यह होती है कि वे अपनी हैल्थ को ले कर सचेत नहीं रहती हैं। काम के बोझ का बहाना बना कर डाक्टर के पास जाने को टालती हैं, जिस से उन की बीमारी खतरनाक रूप ले लेती है। पूरी दुनिया में हर साल जितनी महिलाएं इस की शिकार हो रही हैं उन में 25 फीसदी भारत की हैं। इस के बाद भी अगर महिलाएं अपनी हैल्थ को ले कर सचेत नहीं होती हैं तो गर्भाशय का कैंसर विकराल रूप ले सकता है।

# ...तो आने वाला है हार्ट अटैक

**हार्ट** अटैक के कारण कई सेलेब्स ने दुनिया को अलविदा कहा है। लेकिन कुछ लक्षणों की जानकारी से इस बीमारी का समय रहते इलाज किया जा सकता है।

हार्ट अटैक कभी भी अचानक आ सकता है, लेकिन कुछ लक्षण हैं, जो हार्ट अटैक के एक महीने पहले नजर आने लगते हैं। अगर आपको भी नजर आते हैं यह छह लक्षण तो सावधान हो जाएं, क्योंकि आप हार्ट अटैक के शिकार हो सकते हैं। अभी जानिए इन लक्षणों को, ताकि हार्ट अटैक से बचा जा सके।

> हार्ट अटैक के कारण कई सेलेब्स ने दुनिया को अलविदा कहा है। लेकिन कुछ लक्षणों की जानकारी से इस बीमारी का समय रहते इलाज किया जा सकता है।

## सीने में असहजता

यह दिल के दौरे के लिए जिम्मेदार लक्षणों में से एक है। सीने में होने वाली किसी भी प्रकार की असहजता आपको दिल के दौरे का शिकार बना सकती है। खास तौर से सीने में दबाव या जलन महसूस होना। इसके अलावा भी अगर आपको सीने में कुछ परिवर्तन या असहजता का अनुभव हो, तो तुरंत अपने चिकित्सक से सलाह लें।

## थकान

बगैर किसी मेहनत या काम के थकान होना भी हार्ट अटैक की दस्तक हो सकती है। जब हृदय धमनियां कोलेस्ट्रॉल के कारण बंद या संकुचित हो जाती हैं, तब दिल को अधिक मेहनत करने की आवश्यकता होती है, जिससे जल्द ही थकान महसूस होने लगती है। ऐसी स्थिति में कई बार रात में अच्छी खासी नींद लेने के बाद भी आप आलस और थकान का अनुभव करते हैं, और आपको दिन में भी नींद या आराम की जरुरत महसूस होती है।

## सूजन

जब दिल को शरीर के सभी आंतरिक अंगों में रक्त पहुंचाने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है, तो शिराएं फूल जाती हैं और उनमें सूजन आने की संभावना बढ़ जाती है। इसका असर खास तौर से पैर के पंजे, टखने और अन्य हिस्से में सूजन के रूप में नजर आने लगता है। इसके कभी-कभी होंठों की सतह पर नीला होना भी इसमें शामिल है।

## सर्दी का बना रहना

लंबे समय तक सर्दी या इससे संबंधि ?त लक्षणों का बना रहना भी दिल के दौरे की ओर इशारा करता है। जब दिल, शरीर के आंतरिक अंगों में रक्तसंचार के लिए ज्यादा मेहनत करता है, तब रक्त के फेफड़ों में स्त्रावित होने की संभावना बढ़ जाती है। सर्दी में कफ के साथ सफेद या गुलाबी रंग का बलगम, फेफड़ों में स्त्रावित होने वाले रक्त के कारण हो सकता है।

## चक्कर आना

जब आपका दिल कमजोर हो जाता है, तो उसके द्वारा होने वाला रक्त का संचार भी सीमित हो जाता है। ऐसे में दिमाग तक आवश्यकता के अनुसार ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती, जिससे निरंतर चक्कर आना या सिर हल्का होना जैसी समस्याएं होने लगती हैं। यह हार्ट अटैक के लिए जिम्मेदार एक गंभीर लक्षण है, जिस पर आपको तुरंत ध्यान देना चाहिए।

## सांस लेने में दिक्कत

इनके अलावा सांस लेने में अगर आपको किसी प्रकार का परिवर्तन या कमी का एहसास होता है, तो यह भी दिल के दौरे का लक्षण हो सकता है। जब दिल अपना काम सही तरीके से नहीं कर पाता तो फेफड़ों तक उतनी मात्रा में ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती जितनी आवश्यकता होती है। इस वजह से सांस लेने में कठिनाई होती है। अगर आपके साथ भी ऐसा ही कुछ होता है, तो बगैर देर किए डॉक्टर को जरूर दिखाएं।

इन 6 लक्षणों में से किसी लक्षण के सामने आने या महसूस होने पर तुरंत अपने डॉक्टर को जरूर दिखाएं या फिर यथासंभव सलाह लें।



# इन स्थितियों में आपके फेफड़ों को होता है नुकसान, जानें क्या है बचाव

**स्वस्थ** फेफड़ों के बिना आप पूरी तरह से कभी भी स्वस्थ नहीं रह सकते, अगर आपके फेफड़ों में किसी प्रकार की परेशान या समस्या होती है तो आपको ऑक्सीजन लेने में भी काफी परेशानी हो सकती है, जो आपके शरीर और आपको स्वस्थ रखने के लिए बहुत जरूरी है। जब आप एक सांस लेते हैं तो आपके फेफड़ें उस समय पूरी तरह ऑक्सीजन से भर जाते हैं जो आपके रक्तप्रवाह में प्रवाहित होते हैं। आपके फेफड़े लगातार ये अहम काम करते रहते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं फेफड़ों को अलग-अलग स्थितियों में कितना नुकसान होता है जो आपको पता भी नहीं चलने देता। हम आपको इस लेख में बताने जा रहे हैं कि कैसे आपके फेफड़ों को अलग-अलग स्थितियों में प्रभावित होना पड़ता है।

## सीने में ठंड

कई ऐसे फ्लू मौजूद है जो आपको सर्दी, खांसी और जुकाम का शिकार बना सकते हैं, जिसके कारण आपकी छाती में ठंड बैठ जाती है। इस स्थिति में आपकी नाक और गले में हो रही समस्याओं का सारा नुकसान आपके फेफड़ों को ही झेलना पड़ता है। छाती में जब ठंड बैठ जाती है तो ये आपके लिए नुकसानदायक हो सकती है, इसे डॉक्टर तीव्र ब्रोंकाइटिस के रूप में बताते हैं। सैकड़ों वायरस आम सर्दी का कारण बन सकते हैं, और अधिकांश समय जब आप एक को पकड़ते हैं, तो आपकी नाक और गले में आपके लक्षणों का खामियाजा भुगतना पड़ता है। लेकिन कभी-कभी एक रन-ऑफ-द-मिल ठंड 'छाती ठंड' में बदल जाती है, जिसे डॉक्टर तीव्र ब्रोंकाइटिस के रूप में संदर्भित करते हैं। इस स्थिति में आपके आपके फेफड़ों में वायुमार्ग को



प्रफुल्लित करती है और काफी बलगम बनाने का काम करती है, जिससे आपको खांसी और सीने में तकलीफ हो सकती है। वैसे तो तीव्र ब्रोंकाइटिस किसी को भी होने पर ये कुछ हफ्तों के अंदर अपने आप दूर चली जाती है। लेकिन तब तक ये समस्या आपके फेफड़ों को काफी प्रभावित करती है। इससे बचने के लिए आपको जब भी सर्दी, खांसी या जुकाम दिखे तो आपको सूप या गर्म पानी का सेवन नियमित रूप से करना चाहिए।

## अस्थमा

अस्थमा जिसे दमा भी कहा जाता है, ये भी आपके फेफड़ों में वायुमार्ग और बलगम की सूजन का कारण बनते है। अस्थमा में वैसे भी पीड़ित को सांस लेने और खांसी जैसी चीजों से काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अगर आपको अस्थमा है, तो आपके फेफड़ों की क्षमता काफी कम हो सकती है, ऐसा इसलिए क्योंकि सूजन और बलगम आपके फेफड़ों में हवा की गति को सीमित करते हैं। अक्सर अस्थमा का जब दौरे पड़ता है, तो वायुमार्ग संकीर्ण हो जाते हैं, जो आपके लिए खतरनाक हो सकते हैं। इस स्थिति में आप अस्थमा इन्हेलर का इस्तेमाल करें और ज्यादा से ज्यादा सांस लेने की कोशिश करें।

# पेट का अल्सर क्यों होता है, जानिए इसके लक्षण और बचाव के घरेलू उपाय

> सही समय पर खाना नहीं खाना, अधिक तेल मसाले वाला खाना रोजाना खाने, जंकफूड के सेवन से अल्सर का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा पेट में एसिड का बढ़ना, चाय, कॉफी, सिगरेट और शराब का अधिक सेवन भी अल्सर के लिए जिम्मेदार होता है।

**पेट** का अल्सर बहुत ही दर्दनाक बीमारी है, जिसमें पेट में छाले या घाव जैसा हो जाता है। वैसे तो यह बहुत खतरनाक नहीं है और समय रहते इलाज कराने पर ठीक हो जाता है, लेकिन सही समय पर उपचार न कराने से यदि अल्सर फूट जाता है तो यह बेहद खतरनाक हो सकता है। अल्सर का सही समय पर इलाज कराने के लिए उसके लक्षणों की पहचान जरूरी है।

**पेट का अल्सर क्या है? :** छोटी आंत के प्रारंभिक स्थान पर होने वाले छाले या घाव को ही अल्सर करते हैं। अल्सर होने पर अक्सर पेट में दर्द की शिकायत रहती है और कई बार असहनीय दर्द होता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, यदि अल्सर फूट जाए तो यह बहुत घातक साबित हो सकता है।

**अल्सर के कारण :** चिकित्सकों के अनुसार, सही समय पर खाना नहीं खाना, अधिक तेल मसाले वाला खाना रोजाना खाने, जंकफूड के सेवन से अल्सर का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा पेट में एसिड का बढ़ना, चाय, कॉफी, सिगरेट व शराब का अधिक सेवन भी अल्सर के लिए जिम्मेदार होता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, ज्यादा खट्टी, मसालेदार और गर्म चीजें



खाने से भी अल्सर का खतरा बढ़ जाता है।

**अल्सर के लक्षण :** विशेषज्ञों के अनुसार, यदि आपको निम्न लक्षण दिखते हैं तो अलर्ट हो जाइए, क्योंकि यह अल्सर का लक्षण हो सकता है।

**पेट के ऊपरी हिस्से दर्द :** पेट में दर्द वैसे तो कई वजहों से हो सकता है, लेकिन अल्सर होने पर पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द होता है। खाना खाने के बाद पेट में दर्द होने लगता है। वैसे ज्यादा देर तक खाली पेट रहने पर भी दर्द होता है।

**खून की उल्टी :** अल्सर होने पर मरीज को अक्सर उल्टी जैसा महसूस होती है और जब अल्सर बढ़ जाता है तो खून की उल्टी भी हो सकती है।

**वजन कम होना :** अल्सर होने पर मरीज ठीक से खाना खा नहीं पाते हैं जिसकी वजह से वजन तेजी से कम होने लगता है। अल्सर की वजह से खाना ठीक से पच भी नहीं पाता है।

**पेट में एसिड बनना :** भोजन के बाद पेट में बनने वाला एसिड ही इसे पचाने में मदद करता है, लेकिन अल्सर होने पर यह एसिड आहार नली में ऊपर की ओर चला जाता है जिससे पेट में जलन होने लगती है। कई बार मुंह में भी छाले आ जाते हैं।

**अल्सर का पता कैसे लगाया जाता है?:** विशेषज्ञों के मुताबिक, यदि आपको अल्सर के कोई भी लक्षण दिख रहे हैं तो तुरंत डॉक्टर के पास जाएं। डॉक्टर आपकी मेडिकल हिस्ट्री पूछने के बाद एंडोस्कोपी या एक्स-रे के जरिए अल्सर का पता लगता है। कुछ मामलों में अन्य टेस्ट की भी सलाह दी जा सकती है।

**अल्सर से बचाव के उपाय :** हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, यदि कुछ घरेलू उपायों को नियमति रूप से इस्तेमाल किया जाए तो अल्सर से जल्द राहत मिल जाएगी।

- गुड़हल का फूल अल्सर की सबसे अच्छी दवा मानी जाती है। इस फूल को पीसकर इसका शर्बत बनाकर पीएं।
- हल्दी वाला दूध वैसे तो कई तरह की बीमारियों में फायदेमंद होता है, लेकिन अल्सर से राहत के लिए विशेषज्ञ गाय के दूध में हल्दी मिलाकर रोजाना पीने की सलाह देते हैं।
- बेल भी अल्सर के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद है। बेल का जूस या बेलपत्र को पीसकर इसे पानी में घोलकर पीने से बहुत आराम मिलता है।
- डायट में बादाम को भी जरूर शामिल करें। सुबह भिगोए हुए बादाम खाएं या बादाम को पीसकर दूध में मिलाकर इसका सेवन करें।
- इसके अलावा अपनी डेली डायट में केला, नारियल, पत्तागोभी, गाजर, मेथीदाना और सहजन को जरूर शामिल करें। साथ ही रोजाना सही समय पर भोजन करें।
- घर का बना सादा खाना खाएं और रेग्युलर एक्सरसाइज या योग करें।

# वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को दस विकेट से हराकर टेस्ट श्रृंखला जीती

## मेजबान वेस्टइंडीज ने दोनों टेस्ट चार दिन के अंदर जीते

### बांग्लादेश की पूरी टीम 186 रन पर सिमट गई

**एजेंसी।** सेंट लूसिया

**वेस्टइंडीज** ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट में सोमवार को यहां बांग्लादेश को 10 विकेट से हराकर दो मैचों की श्रृंखला 2.0 से जीत ली। मेजबान वेस्टइंडीज ने दोनों टेस्ट चार दिन के अंदर जीते।

मैदान गीला होने के कारण सोमवार को पहले दो सत्र का खेल नहीं हो पाया। बांग्लादेश की टीम हालांकि जब छह विकेट पर 132 रन से आगे खेलने उतरी तो सिर्फ 12 ओवर में ही मैच का नतीजा आ गया। बांग्लादेश ने जब दिन का खेल शुरू किया तो वह वेस्टइंडीज के पहली पारी के स्कोर से 42 रन पीछे थी। बांग्लादेश ने नौ ओवर में 54 रन जोड़े और पूरी टीम 186 रन पर सिमट गई। नुरूल हसन 50 गेंद में 60 रन बनाकर नाबाद रहे।

वेस्टइंडीज को जीत के लिए 13 रन की दरकार थी जिस लक्ष्य को सलामी बल्लेबाजों जॉन कैंपबेल (नाबाद 09) और कप्तान क्रेग ब्रेथवेट (नाबाद 04) ने 17 गेंद में ही हासिल कर लिया। बांग्लादेश की टेस्ट क्रिकेट में यह 100वीं हार है। टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 234 रन बनाए थे, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 408 रन का स्कोर खड़ा किया था। तीसरे सत्र मे जब खेल शुरू हुआ तो मेहदी हसन मिराज ने चौके से खाता खोला लेकिन अल्जारी जोसेफ की अगली ही गेंद पर विकेट के पीछे कैच दे बैठे।



### जेडन ने बांग्लादेश को दोहरे झटके दिए

जेडन सील्स ने इबादत हुसैन और शरीफुल इस्लाम को एक ही ओवर में खाता खोले बिना पवेलियन भेजकर बांग्लादेश को दोहरे झटके दिए। सील्स, जोसेफ और केमार रोच ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। खलील अहमद इससे बाद रन आउट हो गए, जिससे बांग्लादेश की पारी का अंत हुआ। नुरूल ने दिन की शुरुआत 16 रन से की। उन्होंने दो छक्कों और पांच चौकों के साथ अपना तीसरा टेस्ट अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने तीनों अर्धशतक वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाए हैं। तीन टी20 और तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला शनिवार से शुरू होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### धावक विल्सन डोपिंग मामले में चार साल के लिए प्रतिबंधित



**बर्न।** स्विट्जरलैंड के धावक एलेक्स विल्सन को एनाबॉलिक स्टेरॉयड के इस्तेमाल के लिए मंगलवार को चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया। स्विट्जरलैंड के डोपिंग रोधी न्यायाधिकरण ने अपने फैसला में कहा कि उन्होंने जानबूझकर एनाबॉलिक स्टेरॉयड का इस्तेमाल किया था। पिछले जुलाई में तोक्यो ओलंपिक के समय यह मामला उठा था जब खेल पंचाट (कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट) के न्यायाधीशों ने विल्सन के अस्थाई निलंबन को हटा दिया था। वह पुरुषों की सौ और 200 मीटर स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करने वाले थे। विल्सन ने 2018 यूरोपीय चैम्पियनशिप में 200 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। 2021 में प्रतियोगिता से बाहर लिए गए उनके नमूने की जांच में स्टेरॉयड ट्रेनबोलोन की पुष्टि हुई थी। स्विस ओलंपिक समिति ने अपने न्यायाधिकरण के नवीनतम फैसले की घोषणा करते हुए बताया कि विल्सन ने पहले कहा था कि लास वेगास में उसने दूषित मांस का सेवन किया था जिससे यह स्टेरॉयड उनके शरीर में आया। इसके बाद उसे तोक्यो खेलों से पहले प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी गई थी।

### बेंगलुरू एफसी ने लियोन और भूटिया के अनुबंध बढ़ाए

**बेंगलुरू।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल फ्रेंचाइजी बेंगलुरू एफसी ने मंगलवार को युवा विंगर लियोन आगस्टीन और विंग बैक नामग्याल भूटिया के मौजूदा अनुबंधों में विस्तार की घोषणा की। लियोन के अनुबंध में दो सत्र का विस्तार किया गया है जबकि भूटिया नए करार के बाद 2025-26 सत्र के अंत तक बेंगलुरू की टीम से जुड़े रहेंगे। लियोन 2016 में ट्रायल के जरिए क्लब से जुड़े थे और बेंगलुरू एफसी की पहली रिहायशी अकादमी टीम का हिस्सा थे। उन्होंने 2018 एएफसी कप में सीनियर टीम की ओर से पदार्पण किया। उन्होंने 2021 में डूरंड कप में भारतीय टीम की ओर से पदार्पण किया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की अकादमी में फुटबॉल के गुर सीखने वाले भूटिया 2017 में बेंगलुरू की टीम से जुड़े और आईलीग फुटबॉल में अपने पदार्पण सत्र में उधार पर इंडियन एरोज की ओर से खेले। भूटिया ने टीम में वापसी पर आईलीग द्वितीय डिविजन में टीम का प्रतिनिधित्व किया और 2020 एएफसी कप के दौरान सीनियर टीम में चुने गए।

### सरकार ने शतरंज ओलंपियाड को 92 करोड़ रुपये आवंटित किए

**चेन्नई।** मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को यहां कहा कि तमिलनाडु सरकार ने शतरंज ओलंपियाड के आयोजन के लिए 92 करोड़ 13 लाख रुपये आवंटित किए हैं। सही समय पर उठाए गए कदम और प्रयासों से चेन्नई को 44वें शतरंज ओलंपियाड की मेजबानी मिली। स्टालिन ने कहा, तमिलनाडु सरकार शतरंज ओलंपियाड की मेजबानी को लेकर गौरवांवित है। राज्य सरकार ने टूर्नामेंट के आयोजन के लिए 92 करोड़ 13 लाख रुपये आवंटित किए हैं। स्टालिन ने कहा कि उन्होंने यहां आयोजित होने शतरंज ओलंपियाड का हाल में लोगों और शुभंकर जारी किया। उन्होंने कहा कि इस कॉनक्लेव का आयोजन सही समय पर हो रहा है जबकि टूर्नामेंट की उलटी गिनी शुरू हो गई है। स्टालिन ने कहा कि उनके दिवंगत पिता पूर्व मुख्यमंत्री एम करूणानिधि की खेलों में दिलचस्पी थी जो ना सिर्फ खिलाड़ियों बल्कि दर्शकों को भी प्रेरित करते हैं। यह पहली बार है जब शतरंज ओलंपियाड का आयोजन भारत में हो रहा है।

### अरिंदम भट्टाचार्य स्पेनिश क्लब के साथ अभ्यास करेंगे

**मुंबई।** गोलकीपर अरिंदम भट्टाचार्य आगामी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सत्र से पहले अपनी तैयारी के तहत मार्बेला एफसी के साथ अभ्यास के लिए स्पेन जाएंगे। पिछले आईएसएल में एससी बंगाल का प्रतिनिधित्व करने वाले इस गोलकीपर ने 2020-21 सत्र में गोल्डन ग्लव पुरस्कार जीता था। भट्टाचार्य ने आईएसएल की आधिकारिक वेबसाइट से कहा, मैं एक महीने के लिए स्पेन में मार्बेला जा रहा हूं। मैं मार्बेला एफसी क्लब के साथ अभ्यास करूंगा। मैंने उनके गोलकीपिंग कोच के साथ बात की। उन्होंने मेरे प्रशिक्षण के कुछ वीडियो क्लिपिंग देखने के बाद मुझे वहां आने की मंजूरी दे दी।

टी20 विश्व कप के बाद

# सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगा भारत

## श्रृंखला का आयोजन 18 से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा

### निर्धारित कार्यक्रम के बारे में एनजेडसी ने विज्ञप्ति में कहा

**एजेंसी।** वेलिंगटन

**आस्ट्रेलिया** में टी20 विश्व कप के बाद भारत तीन टी20 और इतने ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

श्रृंखला का आयोजन 18 से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा। इसके बाद अगले साल जनवरी में न्यूजीलैंड की टीम सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए भारत आएगी। एनजेडसी ने विज्ञप्ति में कहा, भारत विश्व कप के खत्म होने के बाद ब्लैककैप्स (न्यूजीलैंड की पुरुष क्रिकेट टीम का चर्चित नाम) के खिलाफ वेलिंगटन, तौरंगा और नेपियर में तीन टी20 और आकलैंड में तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए न्यूजीलैंड आएगा। उन्होंने कहा, ब्लैककैप्स इसके बाद पाकिस्तान दौरे और भारत में संक्षिप्त श्रृंखला के लिए उपमहाद्वीप के दौरे पर जाएंगे और फिर फरवरी की शुरुआत में टीम स्वदेश लौटेगी और तौरंगा (दिन-रात्रि) तथा वेलिंगटन में इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट की तैयारी करेगी।

भारत शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट खेलेगा जो पिछले साल आयोजित होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला का बचा हुआ एक टेस्ट है। इसके बाद दोनों टीम के बीच तीन टी20 और इतने ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला भी होगी। भारतीय टीम इसके बाद तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय की श्रृंखला के लिए जुलाई-अगस्त में वेस्टइंडीज का दौरा करेगी जो टी20 विश्व कप से पहले होगा। व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के बीच न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड के खिलाफ दिन-रात का टेस्ट भी खेलेगी जबकि 2022-23 के घरेलू सत्र में छह टीम देश का दौरा करेंगी। भारत के अलावा पाकिस्तान, बांग्लादेश, इंग्लैंड और श्रीलंका की पुरुष टीम तथा बांग्लादेश की महिला टीम न्यूजीलैंड का दौरा करेगी। न्यूजीलैंड की महिला टीम बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेने के बाद वेस्टइंडीज दौरे पर जाएगी और वहां से लौटने के बाद टी20 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला में बांग्लादेश की मेजबानी करेगी। इसके बाद टीम जनवरी में दक्षिण अफ्रीका रवाना होगी जहां आईसीसी महिला टी20 विश्व कप खेला जाएगा।



### भारत के न्यूजीलैंड दौरे का कार्यक्रम



18 नवंबर: पहला टी20, स्काई स्टेडियम, वेलिंगटन
20 नवंबर: दूसरा टी20, बे ओवल, माउंट मोनगानुई
22 नवंबर: तीसरा टी20, मैकलीन पार्क, नेपियर
25 नवंबर: पहला एकदिवसीय, ईडन पार्क आकलैंड
27 नवंबर: दूसरा एकदिवसीय, सेडन पार्क, हैमिल्टन
30 नवंबर: तीसरा एकदिवसीय, हेगले ओवल, क्राइस्टचच

# बी साई प्रणीत, समीर वर्मा मलेशिया ओपन में हारे



**एजेंसी।** कुआलालंपुर

**भारतीय** बैडमिंटन खिलाड़ी बी साई प्रणीत और समीर वर्मा को मंगलवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के पहले दौर में कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

प्रणीत को दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिनटिंग ने हराया जबकि समीर को इंडोनेशिया के ही दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी 30 साल के प्रणीत को गिनटिंग के खिलाफ 50 मिनट चले पुरुष एकल मुकाबले में 15-21 21-19 9-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। इंडोनेशिया के खिलाड़ी ने प्रणीत के खिलाफ चार मुकाबले जीते हैं जबकि तीन में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दोनों पिछली बार 2020 एशियाई टीम चैंपियनशिप के दौरान भिड़े थे और तब प्रणीत के चोट के कारण हटने पर गिनटिंग ने मैच जीता था। चोट के बाद वापसी कर रहे समीर को भी 49 मिनट चले मैच में क्रिस्टी के खिलाफ 14-21 21-13 7-21 से हार झेलनी पड़ी।

### प्रणीत को इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिनटिंग ने हराया

युगल में अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की महिला जोड़ी पहले दौर में नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा की जापान की छठी वरीय जोड़ी से 15-21 11-21 से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गई। अन्य भारतीयों में एचएस प्रणय की भिड़ंत मलेशिया के डेरेन ल्यू से होगी जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की आठवें नंबर की जोड़ी मैन वेई चोंग और केई वुन टी की मलेशिया की जोड़ी से भिड़ेगी।

# मप्र ने चार गेंदबाजों के साथ रणजी फाइनल में खिताब जीता : कोच

## एमपी ने साढ़े छह दशक बाद रणजी खिताब अपने नाम किया

**एजेंसी।** इंदौर

**मध्यप्रदेश** के पहले रणजी खिताब के प्रमुख शिल्पकार कोच चंद्रकांत पंडित ने कहा है कि उनकी टीम ने फाइनल में दिग्गज मुंबई के खिलाफ चार गेंदबाजों के साथ मैदान में उतरने का जुआ खेला और आखिरकार ट्रॉफी जीतने में सफल रही।

पंडित सोमवार रात इंदौर के होलकर स्टेडियम में मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) द्वारा विजेता टीम के भव्य स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे। आदित्य श्रीवास्तव की अगुवाई वाली टीम ने 41 बार की रणजी चैंपियन रह चुकी मुंबई को घरेलू क्रिकेट के इस सबसे बड़े मुकाबले में रविवार को बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में पटखनी दी और मध्यप्रदेश के गठन के साढ़े छह दशक के लम्बे अंतराल के बाद पहला रणजी खिताब अपने नाम किया। पंडित ने रणजी फाइनल के कश्मकश भरे पलों को याद करते हुए कहा, मैं फाइनल से पहले अपनी टीम में गेंदबाजों की संख्या को लेकर खुद दुविधा में था।



### जीतने का मिशन पूरा किया

पंडित ने कहा, हमने चुनौती स्वीकार करते हुए तय किया कि हम चार गेंदबाजों के साथ ही फाइनल खेलेंगे क्योंकि अगर मुंबई की टीम अच्छे बल्लेबाजों से लैस है, तो जवाब में हमारे पास भी अच्छे बल्लेबाज हैं। हमने एक जुआ खेला। ईश्वर ने हमें अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि वेंकटेश अय्यर, आवेश खान, कुलदीप सेन, पुनीत दाते और ईश्वर पांडे जैसे पांच महत्वपूर्ण खिलाड़ी अलग-अलग कारणों से रणजी फाइनल खेलने वाली मध्यप्रदेश टीम का हिस्सा नहीं थे, इसके बावजूद टीम के अन्य कमांडो खिलाड़ियों ने रणजी खिताब जीतने का मिशन शानदार तरीके से पूरा किया।

# मैनचेस्टर सिटी के पूर्व खिलाड़ी फर्नांडिन्हो ब्राजील के एथलेटिको से जुड़े




**एजेंसी।** मैनचेस्टर

**मैनचेस्टर** सिटी के पूर्व मिडफील्डर फर्नांडिन्हो सोमवार को मुफ्त स्थानांतरण पर एक बार फिर ब्राजील के एथलेटिको फुटबॉल क्लब से जुड़ गए। इस 37 वर्षीय फुटबॉलर ने कहा है कि 2024 में इस करार के खत्म होने पर वह संन्यास ले लेंगे। फर्नांडिन्हो 18 जुलाई को खेलने के पात्र होंगे जब ब्राजील की स्थानांतरण विंडो (वह समय जब खिलाड़ियों के स्थानांतरण की स्वीकृति होती है) दोबारा खुलेगी। एथलेटिको के कोच लुइ फेलिप स्कोलारी ने फर्नांडिन्हो को टीम के साथ जोड़ने के लिए प्रयास किए थे।

सिटी के लिए फर्नांडिन्हो का अंतिम मुकाबला 22 मई को एस्टन विला के खिलाफ था, जिसे टीम ने 3-2 से जीता। इस जीत से फर्नांडिन्हो 2013 में क्लब से जुड़ने के बाद पांचवीं बार इंग्लिश प्रीमियर लीग खिताब जीतने में सफल रहे।

# क्लीनस्वीप की मानसिकता से भारत के खिलाफ उतरेगा इंग्लैंड: स्टोक्स

**एजेंसी।** लीड्स

न्यूजीलैंड के खिलाफ 3.0 के क्लीनस्वीप के दौरान आक्रामक क्रिकेट खेलने वाले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि भारत के खिलाफ होने वाले आगामी पांचवें टेस्ट में उनकी टीम के जज्बे में कोई कमी नहीं आएगी।

नए कप्तान स्टोक्स और नए कोच ब्रैंडन मैकुलम के नेतृत्व में इंग्लैंड ने गत विश्व टेस्ट चैंपियन न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट की श्रृंखला में 3.0 से क्लीनस्वीप किया। भारत के खिलाफ एकमात्र टेस्ट पिछले साल की पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला का बचा हुआ टेस्ट है जिसे मेहमान टीम के खेमे में कोविड-19 मामले आने के कारण रद्द कर दिया गया था। यह टेस्ट शुक्रवार से खेला जाएगा। स्टोक्स ने सोमवार को कहा, जब मैं यह बोल रहा हूं तो मुझ पर विश्वास कीजिए। हम इसी (आक्रामक) मानसिकता के साथ उतरेंगे, हालांकि यह अलग विरोधी है। उन्होंने कहा, बेशक, यह पूरी तरह से अलग होगा। अलग विरोधी, उनका आक्रमण और खिलाड़ी भी अलग। स्टोक्स ने कहा, हम इस पर ध्यान लगा रहे हैं कि इन पिछले तीन मैच में हमने क्या अच्छा किया है और शुक्रवार को भारत के खिलाफ भी इसे जारी रखने का प्रयास करेंगे।



### कोविड के चलते रद्द हुआ ये मैच शुक्रवार को खेला जाएगा

भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 2.1 से आगे चल रहा है, लेकिन इंग्लैंड की तरोताजा टीम से भिड़ेगा जिसमें पिछले साल भारत के खिलाफ चौथा टेस्ट खेलने वाली टीम के सिर्फ चार सदस्य (ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो और जेम्स एंडरसन) शामिल हैं। पिछले साल स्टोक्स भी श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं थे क्योंकि उन्होंने अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए ब्रेक लिया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला से पूर्व पिछले कुछ महीनों में इंग्लैंड की टीम मुश्किल दौर से गुजर रही थी और इस दौरान 17 टेस्ट में सिर्फ एक जीत दर्ज कर पाई। टीम के अपने साथियों की सराहना करते हुए स्टोक्स ने कहा, दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम के खिलाफ 3.0 से श्रृंखला जीतना काफी विशेष शुरुआत है। अप्रैल में वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड के 0.1 से टेस्ट श्रृंखला गंवाने के बाद रूट ने कप्तानी छोड़ दी और स्टोक्स को यह जिम्मेदारी दी गई।

# ओलंपिक पदक विजेता, हॉकी खिलाड़ी वरिंदर सिंह का निधन

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**ओलंपिक** और विश्व कप पदक विजेता टीम का हिस्सा रहे हॉकी खिलाड़ी वरिंदर सिंह का मंगलवार सुबह जालंधर में निधन हो गया। वर्ष 1970 के दशक में भारत की कई यादगार जीत का हिस्सा रहे वरिंदर 75 साल के थे। वरिंदर 1975 में कुआलालंपुर में पुरुष हॉकी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। यह इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत का अब तक का एकमात्र स्वर्ण पदक है। भारत ने तब फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराया था।

वरिंदर 1972 म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक और एम्सटरडम में 1973 विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे। वरिंदर की मौजूदगी वाली टीम ने 1974 और 1978 एशियाई खेलों में भी रजत पदक जीता।

### लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से नवाजे गये थे

वरिंदर को 2007 में प्रतिष्ठित ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से भी नवाजा गया था। हॉकी इंडिया ने वरिंदर के निधन पर शोक जताया है। हॉकी इंडिया ने विज्ञप्ति में कहा, वरिंदर सिंह की उपलब्धि को दुनिया भर का हॉकी समुदाय याद रखेगा।

# टेनटोग्लू के खिलाफ उतरने को लेकर उत्साहित था : एम श्रीशंकर

## कहा, वीजा संबंधी मुद्दों की के कारण डाइमंड लीग से हटने का मलाल रहेगा

डाइमंड लीग

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** के लंबी कूद के शीर्ष खिलाड़ी एम श्रीशंकर ने मंगलवार को कहा कि उन्हें वीजा संबंधित मुद्दों के कारण आगामी डाइमंड लीग से हटने का मलाल है, क्योंकि वह स्टॉकहोम में ओलंपिक चैंपियन मिलटियाडिस टेनटोग्लू के खिलाफ उतरने को लेकर बेहद उत्साहित थे।

श्रीशंकर को 30 जून से स्वीडन में होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से हटने को बाध्य होना पड़ा क्योंकि अगले महीने ओरेगन में होने वाली विश्व चैंपियनशिप का वीजा तैयार करने के लिए उनका पासपोर्ट नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास में है। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक श्रीशंकर ने कहा कि डाइमंड लीग में हिस्सा लेने से वह विश्व चैंपियनशिप के लिए अपनी तैयारी को बेहतर कर पाते लेकिन वहां नहीं खेलने से जरूरी नहीं कि उन पर असर पड़े क्योंकि उनकी पहली प्राथमिकता विश्व चैंपियनशिप है।




श्रीशंकर ने वीडियो बातचीत के दौरान कहा, दुर्भाग्य से, वीजा से जुड़ी स्थिति के कारण मुझे स्टॉकहोम में आगामी डाइमंड लीग से हटना पड़ा। मैं इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने को लेकर काफी उत्साहित था विशेषकर मौजूदा ओलंपिक चैंपियन मिलटियाडिस टेनटोग्लू के खिलाफ उतरने को लेकर। श्रीशंकर और टेनटोग्लू दोनों ने इस साल 8.36 मीटर की दूरी तय की है। उन्होंने कहा, डाइमंड लीग में हिस्सा लेने से निश्चित तौर पर मैं जुलाई में विश्व चैंपियनशिप से पहले बेहतर स्थिति में होता। दूसरी तरफ अब मुझे विश्व चैंपियनशिप की तैयारी के लिए अधिक समय मिलेगा जो हमेशा मेरी पहली प्राथमिकता रही है और राष्ट्रमंडल खेल भी है।

केरल के इस 23 वर्षीय एथलीट ने इस महीने यूनान में वेनीजेलिया-चेनिया 2022 एथलेटिक्स मीट में 7.95 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कहा कि अब उनका ध्यान अपने निजी रिकॉर्ड को बेहतर करने और विश्व चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर है। श्रीशंकर ने कहा, डाइमंड लीग से हटने के बावजूद मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और मुझे विश्व चैंपियनशिप के दौरान अपने निजी रिकॉर्ड को बेहतर करने का पूरा भरोसा है। इस प्रतियोगिता में कई शीर्ष एथलीट हिस्सा लेंगे लेकिन मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार हूं।

उन्होंने कहा, तोक्यो ओलंपिक खेलों में मेरे प्रदर्शन के बाद मेरे आत्मविश्वास का स्तर अब तक के सबसे निचले स्तर पर आ गया था लेकिन यह नीरज चोपड़ा की ऐतिहासिक उपलब्धि थी जिसने मुझे यह महसूस करने में मदद की कि मैं भी इसी तरह अपने देश को गौरवांवित कर सकता हूं।

### चैंपियनशिप के 18वां सत्र 15 से 24 जुलाई को होगा

विश्व चैंपियनशिप के 18वें सत्र का आयोजन 15 से 24 जुलाई तक होगा। श्रीशंकर ने बताया कि ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने उन्हें सिखाया है कि कैसे कड़ी मेहनत खिलाड़ी को निखारती है। श्रीशंकर ने कहा, मुझे पूरा यकीन है कि मेरा हालिया प्रदर्शन मुझे भविष्य में एक बेहतर एथलीट बनाएग लेकिन यह नीरज चोपड़ा की अथक मेहनत है जिसने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। वह हर टूर्नामेंट में छाप छोड़ता है और कभी भी दबाव में नहीं झुकता है। स्वर्ण पदक जीतने की उसकी उपलब्धि का मेरे सहित भारतीय एथलीटों पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा है।